सुप्रभात
रांची, मंगलवार
20.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 304



12 कान्स में फिर छाईं उर्वशी रौतेला

## न्यूज डायरी

### सीसीएल बरकासयाल में सीबीआई की रेड

**रामगढ़।** कोयलांचल के सीसीएल बरकासयाल में सीबीआइ की टीम ने छापेमारी की है। सोमवार को पांच गाड़ियों से पहुंची सीबीआई की टीम में बरकासयाल प्रक्षेत्र के कार्यालयों में जांच शुरू की। सीबीआई ने जीएम एनके सिंह और प्रोजेक्ट ऑफिसर सुधीर कुमार से अलग-अलग पूछताछ शुरू की है। महाप्रबंधक कार्यालय में भी सीबीआई की टीम जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार रोड सेल में हुई गड़बड़ी को लेकर सीबीआई ने जांच शुरू की है।

### बाइडेन प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर अवस्था में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को प्रोस्टेट कैंसर से ग्रसित हैं और यह उनकी हड्डियों तक फैल गया है। उनकी हालत गंभी है। जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति का पद छोड़ने वाले बाइडेन को शुक्रवार को बीमारी का पता चला। यह जानकारी उनके कार्यालय से एक बयान में दी।

### ज्योति मल्होत्रा के बाद दो और गद्दार गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जसूसी करने के आरोप में दो दिन पहले गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के बाद अब पंजाब पुलिस ने दो और लोगों को सैन्य जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पंजाब से गिरफ्तार सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह पर आरोप है कि वे पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सेना की आवाजाही और प्रमुख रणनीतिक स्थानों सहित ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ साझा करने में लगे हुए थे।

### पहले सरना धर्म कोड तभी जातीय जनगणना

**रांची।** झामुमो की तरह कांग्रेस कोटे के एक मंत्री ने अलग सरना धर्म कोड की मांग कर दी है। साथ ही ऐलान भी कर दिया है कि इसके बिना झारखंड में जातीय जनगणना नहीं करायेंगे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि केंद्र सरकार जब तक सरना धर्म कोड की घोषणा नहीं कर देती तब तक झारखंड में जातीय जनगणना नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि धर्म तय करने की आजादी संविधान में निहित है और यह हमारा मौलिक अधिकार है।

### 22 को पीएम गोविंदपुर स्टेशन का करेंगे उदघाटन

**रांची।** पीएम मोदी 22 मई को खूंटी जिला के गोविंदपुर रेलवे स्टेशन सहित 103 अमृत भारत स्टेशनों का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही झारखंड के राजमहल और शंकरपुर रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन किया जायेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के कुल 57 स्टेशनों का विकास किया जा रहा है।

## टीएसएएफ प्रशिक्षक रावत ने किया माउंट एवरेस्ट फतह

### दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा, टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन की विरासत को आगे बढ़ाया

**विशेष संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) के सीनियर प्रशिक्षक मोहन रावत ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को सफलतापूर्वक फतह किया। उन्होंने यह मिशन 18 मई को पूरा किया। यह उपलब्धि टीएसएएफ के लिए एक और गौरवशाली उपलब्धि है। 1984 में बछेंद्री पाल की ऐतिहासिक चढ़ाई के बाद से अब तक टीएसएएफ के मार्गदर्शन में 13 पर्वतारोही एवरेस्ट की ऊंचाइयों तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने 10 अप्रैल को भारत से अपनी साहसिक यात्रा शुरू की। काठमांडू में परमिट विलंब के बावजूद, उन्होंने खुम्बू क्षेत्र से ट्रेक करते हुए 3 मई को एवरेस्ट बेस कैंप (17,500 फीट) पहुंचने में सफल रहे। अंतिम समिट पुश 14 मई की रात 1 बजे शुरू हुआ। खतरनाक खुम्बू आइसफॉल को पार करते हुए वे उसी सुबह कैंप 2 पहुंचे, फिर 16 मई को कैंप 3 और 17 मई को (साउथ कोल, 26,400 फीट) स्थित कैंप 4 पर पहुंचे। आखिरकार, 18 मई की सुबह उन्होंने माउंट एवरेस्ट की चोटी फतह कर लिया और वहां फिर तिरंगा लहराया। मोहन रावत के साथ अनुभवी शेरपा गाइड लाखा शेर्पा मौजूद थे।

टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) डीबी सुंदरा रामम ने इस उपलब्धि पर कहा, टीएसएएफ के लिए गर्व का एक अद्भुत क्षण है। उत्तरकाशी के एक छोटे से गांव से निकलकर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचना सिर्फ एक पर्वतारोहण नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक यात्रा है– जो मोहन रावत के अदम्य साहस, अनुशासन और जुनून की मिसाल है। उन्होंने कहा, यह हमें याद दिलाती है कि जब इरादे बुलंद हों और लक्ष्य स्पष्ट, तो कोई शिखर असंभव नहीं। मोहन की सफलता न सिर्फ हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, बल्कि हमें जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को आगे लाने और मानवीय क्षमताओं की सीमाओं को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित भी करती है।

### मोहन रावत की सफलता प्रेरणादायक

मोहन रावत की एवरेस्ट चढ़ाई की यात्रा दृढ़ संकल्प और समर्पण की एक प्रेरणादायक कहानी है। उत्तरकाशी के अगोड़ा गांव के रहनेवाले मोहन बेहद साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखते हैं। कभी उन्होंने राफ्टिंग गाइड के रूप में काम किया और डोडीटाल ट्रेक पर यात्रियों के लिए खुद की मैगी की छोटी सी दुकान भी चलाते थे। मोहन रावत पिछले 20 वर्षों से टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) से जुड़े हुए हैं। उन्होंने पर्वतारोहण, स्कीइंग और राफ्टिंग में गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अपने अब तक के पर्वतारोहण सफर में वे कई दुर्गम और प्रतिष्ठित चोटियों पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुके हैं, जिनमें चामसर और लुंगसर कांगड़ी, जोगिन -1 और जोगिन-3, कांग यात्से -1 और कांग यात्से-2, भागीरथी -2, माउंट लोबुचे ईस्ट, स्टोक कांगड़ी, थेलू, जो जोंगो, माउंट रुदुगैरा और माउंट कानामो जैसी चोटियां शामिल हैं।

### जेएससीए अध्यक्ष पूरी टीम के साथ सीएम से मिले

## झारखंड क्रिकेट को आगे बढ़ाने में आप सक्षम : हेमंत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) की नयी टीम को शुभकामना दी और कहा कि टीम में पूरी क्षमता है। सीएम ने भरोसा जताया कि जेएससीए की नयी टीम पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ झारखंड में क्रिकेट को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम करेगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव सोमवार को अपनी पूरी टीम के साथ सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात करने पहुंचे थे। मुलाकात के दौरान जेएससीए के नये पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को चुनाव से संबंधित पूरी जानकारी दी। सीएम से मिलने वालों में जेएससीए के नये अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव सौरभ तिवारी, कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष, मैनेजिंग कमेटी के सदस्य मिहिर प्रितेश तोपनो, रमेश कुमार, संजय जैन, रत्नेश कुमार सिंह, जिला प्रतिनिधि श्रीराम पुरी और उत्तम कुमार शामिल थे। रांची में 18 मई को हुए जेएससीए के चुनाव में अजय नाथ शाहदेव की टीम ने क्लीन स्वीप किया था।

## भारत धर्मशाला नहीं जो सबको शरण दे

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें। अदालत ने एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि श्रीलंकाई तमिल युवक वीजा पर यहां आया था। उसे अपने देश में जान का खतरा है। वह बिना किसी निर्वासन प्रक्रिया के तीन साल से हिरासत में है।

**किसी दूसरे देश चले जायें :** न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता से वकील से पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? तो वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक शरणार्थी और उसके पत्नी-बच्चे भारत में बस गये हैं। इस पर जस्टिस दत्ता ने कहा कि अनुच्छेद 21 का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उसकी स्वतंत्रता छीनी गयी थी, लेकिन अनुच्छेद 19 के अनुसार भारत में बसने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को है। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपने देश में जान का खतरा है तो न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि किसी अन्य देश चले जायें। याचिकाकर्ता को 2015 में दो अन्य लोगों के साथ लिट्टे कार्यकर्ता होने के शक में गिरफ्तार किया गया था। उसे यूएपीए के तहत ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया और 10 साल की सजा सुनायी थी।

### मंत्री को 'सुप्रीम' फटकार शर्म आनी चाहिए आपको

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी के लिए एमपी के मंत्री विजय शाह की खिंचाई की और उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मंत्री से कहा कि कोट ने उनके वीडियो देखे हैं, जिसमें उन्होंने टिप्पणी की और माफी मांगी। पीठ ने आश्चर्य जताया कि क्या वे मगरमच्छ के आंसू थे या कानूनी कार्यवाही से बचने का प्रयास थे। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर श्री शाह को कड़ी फटकार लगायी। साथ ही कहा, आपको शर्म आनी चाहिए।

(पेज 12 भी देखे)

### विदेश सचिव ने संसदीय समिति को दी जानकारी

## ट्रंप के दावे खारिज, भारत ने अकेले सबकुछ किया

**ऑपरेशन सिन्दूर**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति की सोमवार को यहां एक बैठक हुई जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान के बीच हाल के तनाव के बारे में सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर से भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का समुचित जवाब दिया और आतंकवादियों के ठिकानों, प्रशिक्षण स्थलों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। विदेश सचिव ने ट्रंप के दावों को झूठा बताया। उन्होंने कहा, न परमाणु हमले की धमकी थी, न सीजफायर में अमेरिका की भूमिका थी। सीजफायर की पहल पाकिस्तान ने की, भारत ने अकेले आतंकवाद का जवाब दिया।

**ट्रंप की कोई भूमिका नहीं थी :** विदेश सचिव ने अमेरिकी राष्ट्रपति के एक-एक झूठ से पर्दा हटा दिया। ट्रंप ने दावा किया था कि पाकस्तिान परमाणु हमला करने वाला था, इस वजह से उन्होंने भारत को जंग रोकने को मनाया। वह भी ट्रेड खत्म करने की धमकी देकर। विदेश सचिव ने साफ कहा कि न तो पाकिस्तान की ओर से कोई परमाणु हमले की धमकी थी।

(शेष पेज 11 पर)

## गढ़वा में ठनक से तीन की मौत

### झारखंड में 24 तक बारिश, तेज हवा का अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा, रांची।** झारखंड के कई जिलों में 24 मई तक हल्की बारिश होने, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवा चलने को ले कर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच सोमवार को गढ़वा जिले के मेराल थाना क्षेत्र में दोपहर बाद अचानक आई तेज आंधी, तूफान के साथ हल्की बारिश के बीच वज्रपात से मैट्रिक के एक छात्र समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में मेराल थाना के पूवार्रा टोला निवासी विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन का एकलौता पुत्र तरुण कुमार देव (18) लखेया गांव के शंभू बैठा (65) और रेजो गांव के धर्मेंद्र राम (55) शामिल हैं।

वज्रपात से जख्मी तीनों को मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने बचाने का अथक प्रयास किया, लेकिन किसी की जान नहीं बच सकी। जानकारी के अनुसार तरुण कुमार देव गढ़वा के एक प्राइवेट स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन से पास हुआ था। वह सोमवार को अपनी मां के साथ खेत में भूसा लेने गया था। तेज तूफान और बारिश से बचने के लिए वह महुआ पेड़ के नीचे चला गया। तभी वज्रपात की चपेट में आ गया। वहीं लखेया गांव में शंभू बैठा, धर्मेंद्र राम और रमुना के टंडवा गांव निवासी दिलीप कुमार घर पर एस्बेस्टस सीट चढ़ा रहे थे। तभी तेज तूफान में नीचे उतर गये। पास के पेड़ पर वज्रपात हो गया। तीनों घायल हो गये। अस्पताल में डाक्टरों ने शंभू बैठा और धर्मेंद्र राम को मृत घोषित कर दिया। घायल दिलीप कुमार का इलाज किया जा रहा है और वह खतरे से बाहर है।

### वन अफसरों को दोषी ठहराने का मामला

## हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**रांची।** राज्य सराकार ने बोकारो जमीन मामले में फॉरेस्ट अधिकारियों को कंटेम्प्ट में दोषी करार देने के हाइकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। न्यायालय ने अभी इस मामले में सुनवाई की तिथि निर्धारित नहीं की है। दूसरी तरफ उमायुष मल्टीकॉम ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर कर रखा है, ताकि उसको सुने बिना कोई फैसला ना हो। उमायुष मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड की कंटेम्प्ट याचिका पर सुनवाई के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने फॉरेस के दो अधिकारियों को दोषी करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आलोक में सजा नहीं सुनायी थी। साथ ही दोषी करार दिये गये अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया था। हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 जुलाई 2025 की तिथि निर्धारित की है।

उमायुष मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से हाइकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। इसमें यह दलील दी गयी थी कि तेतुलिया जमीन प्रकरण में हाईकोर्ट द्वारा दिये गये फैसले को अमली जाना पहनाने (लागू करने) में वन विभाग के अधिकारी व्यवधान पैदा कर रहे हैं।

## कार्टून कोना




## पाक ने दागी थी बैलिस्टिक मिसाइल, हमने बीच में रोक दिया

### आपरेशन सिंदूर : भारतीय सेना का बड़ा खुलासा, स्वर्ण मंदिर व कई ठिकाने थे निशाने पर

**एजेंसी**



**इस्लामाबाद/ नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष को लेकर भारतीय सेना की तरफ से एक वीडियो जारी किया गया है। इस वीडियो को देखने पर एक दिलचस्प खुलासा हुआ है। पाकिस्तान ने भारत में मैक्सिमम डैमेज करने के लिए शाहीन सीरीज की मिसाइल का इस्तेमाल किया था। उससे भी दिलचस्प बात ये है कि भारत ने इस मिसाइल को इंटरसेप्ट कर लिया। भारत ने इस मिसाइल को अपने एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम से बीच में ही रोक लिया था। पाकिस्तान के निशाने पर था अमृतसर का स्वर्ण मंदिर। भारतीय सेना ने सोमवार को पंजाब के अमृतसर में एक डेमो दिखाया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली, एल-70 एयर डिफेंस गन सहित अन्य हथियारों के जरिये पाकिस्तान के नापाक इरादों को विफल करके स्वर्ण मंदिर पर लक्षित सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया।

**भारत पहले से ही तैयार था :** 15 इन्फेंट्री डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्रि ने बताया कि हमने स्वर्ण मंदिर को एक समग्र हवाई रक्षा कवर देने के लिए अतिरिक्त आधुनिक वायु रक्षा संपत्ति जुटायी थी। पाकिस्तान ने मानव रहित हवाई हथियारों में मुख्य रूप से ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। हम पूरी तरह से तैयार थे, क्योंकि हमें पहले से ही इसकी आशंका थी। उसके गंभीर उकसावे के बावजूद हमेशा एक संतुलित तरीके से जवाब दिया है। हमने केवल आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया।

(शेष पेज 11 पर)

### विनाशक हथियारों का प्रयोग

भारतीय सेना की तरफ से जारी आधिकारिक वीडियो से पता चलता है कि पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान भारत के खिलाफ कई विनाशक हथियारों का इस्तेमाल किया था। उसने इस मिसाइल का इस्तेमाल दिल्ली में किसी टारगेट के खिलाफ इस्तेमाल किया था। शाहीन बैलिस्टिक मिसाइल शाहीन मिसाइल पाकिस्तान की स्ट्रैटजिक न्यूक्लियर कैपेबल मिसाइल है, जिसे भारत के डीप एसेट्स को टारगेट करने के लिए डिजाइन किया गया है। लेकिन पाकिस्तान ने जिस शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसमें वारहेड न्यूक्लियर नहीं था, बल्कि पारंपरिक वारफेयर था। पाकिस्तान ने शाहीन बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ साथ चीनी हथियारों का इस्तेमाल किया था। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए शाहीन और अन्य मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने के लिए भारत ने एस-400 के साथ साथ स्वदेशी आकाश डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया था। पाकिस्तान की मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया।

## दिनदहाड़े घर में घुस कर एक व्यक्ति की हत्या

### कांके इलाके में गुस्साये लोगों ने किया रोड जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र में एक शख्स पर घर में घुसकर चाकू से हमला कर दिया गया, जिसमें वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गयी। हत्या के बाद इलाके के लोग आक्रोशित हैं। रांची के सर्वोदय नगर में रमेश उरांव नाम नामक व्यक्ति की उसी के घर में हत्या क्यों की गयी, इसका खुलासा करने में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक हत्या के कारण खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। घर में घुस कर हत्या की घटना से उससे आसपास के लोगों में भय है। हत्या से आक्रोशित लोगों ने घंटों सड़क जाम कर दिया। वे अविलंब गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि रमेश के बच्चे का मुंडन कार्यकम था। कार्यक्रम समाप्त होने पर रमेश घर पहुंचा, पर पहले से ही घर में छुपे आरोपी ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वह गंभीर रुप से घायल हो गये। हमलावर कार से आया था और वह वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना के संबंध में ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि आरोपी फरार है लेकिन उसके कुछ अहम सुराग पुलिस को मिले हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच देश और राज्य के विकास को लेकर चर्चा हुई।

### रांची, झुमरीतिलैया व हजारीबाग में काजी नियुक्त

रांची। झारखंड सरकार ने राज्य के तीन जिलों में काजी की नियुक्ति की है। यह, मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच विवाह और प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत होंगे। इस संबंध में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी की है। इन काजियों को विवाह निबंधक घोषित किया गया है, जो मुस्लिम समुदाय में विवाह और प्रमाण पत्र जारी करने के लिए जिम्मेदार होंगे। नियुक्त काजियों में रांची जिले के लिए मौलाना नसीरउद्दीन और मौलाना अनसारूल्लाह को नियुक्त किया गया है। झुमरीतिलैया के लिए मोहम्मद नसीम और हजारीबाग के लिए कैफी अहमद की नियुक्ति की गयी है।

### ग्रामीण सड़कों के किनारे होगा प्लांटेशन

रांची। पीएमजीएसवाई फेज-3 में मनरेगा से रोड साइड में प्लांटेशन कराया जायेगा। इस संबंध में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से दिशा-निर्देश झारखंड सरकार को भेजा गया है। पीएम जनमन योजना में भी इसे लागू किया जायेगा। मनरेगा योजना के साथ अभिषरण करते हुए रोड साइड प्लांटेशन का कार्य किया जायेगा। सड़क किनारे छायादार व फलदार पौधे लगाये जायेंगे। पांच साल तक इसके रख-रखाव की भी जिम्मेदारी एजेंसियों को दी जायेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम जनमन से 788 किमी रोड का निर्माण कराया जाना है, ऐसे में पुरी लंबाई में पौधे लगाने की योजना है।
प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना से भी स्वीकृत योजनाओं के सड़कों के दोनों तरफ प्लांटेशन कार्य किया जायेगा। मनरेगा से निबंधित विभिन्न निबंधित नर्सरियों के जरिये प्लांटेशन की खरीद की जायेगी।

## सीईसीआई ने कहा, झारखंड में बने मतदाता सूची के विरुद्ध एक भी अपील दायर नहीं

# मतदाता सूची को शत प्रतिशत संतुष्टि के करीब बनायें ताकि इसकी चमक हीरे जैसी रहे: ज्ञानेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसीआई) ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान में झारखण्ड के बूथ लेवल अधिकारियों, बीएलओ, पर्यवेक्षकों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं बूथ जागरूकता समूह/ बूथ स्तरीय स्वयंसेवकों के लिए आयोजित क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग भारत के संविधान, लोक प्रतिनिधित्व नियम 1950, निर्वाचन के नियमावली आदि में वर्णित दिशा निर्देशों का अनुपालन करता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के भ्रमण के क्रम में वहां कार्य कर रहे कर्मियों की कार्यशैली को देखने का अवसर मिला। इसके तहत देश के विभिन्न राज्यों के बीएलओ को दिल्ली बुलाकर ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है।



**झारखंड भ्रमण के दौरान बीएलओ दीदियों से मिलने का मौका मिला** : मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि झारखंड भ्रमण के दौरान दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदियों से मिलने का मौका मिला। उनकी निर्वाचन से संबंधित अपने विषयों की जानकारी प्रभावशाली है। उन्होंने झारखंड में निर्वाचन से संबंधित सभी स्टेकहोल्डर्स के कार्यों की सराहना की। कहा कि विगत के मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रमों के उपरांत झारखंड में बने मतदाता सूची के विरुद्ध एक भी अपील दायर नहीं हुए हैं। यह एक सराहनीय उपलब्धि है, लेकिन हमें इस ओर भी सभी मतदाताओं को शिक्षित करना है कि यदि मतदाता सूची से वह किसी प्रकार से असहमत हैं, तो वह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील कर सकते है। उन्होंने कहा कि हमें सभी लोगों को शिक्षित करते हुए मतदाता सूची को शत प्रतिशत संतुष्टि के साथ निर्मित करना है जिससे इसकी चमक हीरे की तरह बनी रहे।

### ईवीएम के प्रति गलत धारणा को करना है दूर

श्री कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण का एक उद्देश्य यह भी है कि मतदाताओं के बीच मतदान प्रक्रिया एवं ईवीएम के प्रति किसी प्रकार की गलत धारणा को दूर किया जा सके। ईवीएम एवं वीवीपैट का मिलान 5 करोड़ बार से भी अधिक किया गया है, लेकिन आज तक एक भी गलती नहीं मिली है यह पूरी तरह से सुरक्षित एवं वही परिणाम देता है, जो मतदाता चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान के साथ साथ मतदाता सूची को बनाने के लिए सभी 10.5 लाख बीएलओ एवं राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट साथ में सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करते हैं। इस अवसर पर महानिदेशक राकेश वर्मा, उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार सहित झारखंड के निर्वाचन से संबंधित विभिन्न स्टेकहोल्डर थे।

### सीइसीआई ने की झारखंड के चुनाव पदाधिकारियों के कार्यों की सराहना

रांची। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसीआई) ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में झारखंड के फ्रंटलाइन चुनाव पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 402 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें डीइओ, ईआरओ और बीएलओ पर्यवेक्षक शामिल हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाताओं के नामांकन के दौरान झारखंड में जमीनी स्तर पर प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहित किया, जो आरपी अधिनियम 1950 की धारा 24(ए) और 24 (बी) के तहत प्रथम और द्वितीय अपील के प्रावधानों से परिचित होंगे।

**कार्यक्रम के उद्देश्य** : इस कार्यक्रम का उद्देश्य चुनाव पदाधिकारियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, मतदाताओं के पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम, 1961 और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार सख्ती से कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करना है।

**प्रशिक्षण की विशेषताएं** : प्रशिक्षण में इंटरैक्टिव सत्र, रोल प्ले, घर-घर सर्वेक्षण का अनुकरण, केस स्टडी और फॉर्म 6, 7 और 8 भरने के लिए व्यावहारिक अभ्यास शामिल हैं। इसके अलावा प्रशिक्षुओं को मॉक पोल के संचालन सहित ईवीएम और वीवीपैट का तकनीकी प्रदर्शन और प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

## जमशेदपुर को औद्योगिक शहर घोषित करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट से राज्य सरकार को नोटिस

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सुप्रीम कोर्ट ने जमशेदपुर को औद्योगिक शहर घोषित करने के मामले में राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश एन कोटेश्वर सिंह की अदालत ने जमशेदपुर को औद्योगिक शहर घोषित करने के नोटिफिकेशन को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। याचिका में झारखंड



म्यूनिसिपल एक्ट 2011 की धारा 481 को असंवैधानिक बताते हुए उसे रद्द करने का अनुरोध किया गया है। साथ ही 18 दिसंबर 2023 को राज्य सरकार द्वारा जमशेदपुर को औद्योगिक शहर घोषित करने से संबंधित जारी किये गये नोटिफिकेशन को रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

याचिका में कहा गया है कि म्यूनिसिपल एक्ट 2011 की धारा 481 राज्य सरकार को यह अधिकार देता है कि वह औद्योगिक शहर को नगर पालिका के क्षेत्र से बाहर रखे। याचिका में न्यायालय से यह अनुरोध किया है कि वह जमशेदपुर औद्योगिक शहर को संवैधानिक प्रावधानों के तहत नगर निगम बनाने का निर्देश दे।

## दो इंजीनियरिंग कॉलेजों में 420 पदों पर होगी नियुक्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के नवनिर्मित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बोकारो एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, गोड्डा में शिक्षक और गैर शिक्षक के 420 पदों पर नियुक्ति होगी। मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में हुई प्रशासी पदवर्ग समिति की बैठक में 420 पद सृजन की अनुशंसा की गई है। सृजित पदों पर चरणबद्ध नियुक्ति या सेवा प्राप्त की जायेगी।

बोकारो इंजीनियरिंग कॉलेज में 210 पद सृजित होंगे। इसमें शिक्षक के 85 पद होंगे। गैर शिक्षकों के 125 पद होंगे। अकाउंट ऑफिर, क्लर्क, अस्सिटेंट डायरेक्टर फिजिकल एजुकेशन, इंस्ट्रक्टर, लैब अस्सिटेंट, लाइब्रेरी अस्सिटेंट, एमआइएस ऑफिसर सहित अन्य पद शामिल हैं। वहीं गोड्डा इंजीनियरिंग कॉलेज में भी 210 पद सृजित होंगे। इसमें शिक्षक के 85 पद होंगो। गैर शिक्षकों के 125 पद होंगे। इसमें अकाउंट ऑफिर, क्लर्क, अस्सिटेंट डायरेक्टर फिजिकल एजुकेशन, इंस्ट्रक्टर, लैब अस्सिटेंट, लाइब्रेरी अस्सिटेंट, एमआइएस ऑफिसर सहित अन्य पद शामिल हैं।

## झारखंड में प्रवासी मजदूरों की संख्या दो लाख के पार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की मानें तो झारखंड में प्रवासी मजदूरों की संख्या दो लाख के पार हो गयी है। श्रम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, झारखंड से दूसरे स्थानों में गए मजदूरों की संख्या दो लाख चार हजार 993 हो गयी है। इसमें पुरूष मजदूरों की संख्या एक लाख 54 हजार 997 और महिला मजदूरों की संख्या 49,548 है। वहीं, ट्रांसजेंडर प्रवासी मजदूरों की संख्या 448 है।

**नौ जिलों में 10 हजार से अधिक प्रवासी मजदूर** : राज्य के नौ जिलों में 10 हजार से अधिक प्रवासी मजदूर हैं। सबसे अधिक गिरिडीह के 20,011 प्रवासी मजदूर हैं। गोड्डा से 16,959,गुमला से 16,468, पश्चिमी सिंहभूम से 16,273, पाकुड़ से 15,873, दुमका से 14,503, साहेबगंज से 13,305, सिमडेगा से 12,305 और बोकारो से 10,593 प्रवासी मजदूर हैं।

**किस जिले से कितने प्रवासी मजदूर** : विभागीय आंकड़ों के अनुसार रांची में 5,364, साहेबगंज में 13,305, सरायकेला में 2326, सिमडेगा में 12,305, जामताड़ा में 890, खूंटी में 1430, कोडरमा में 2114, लातेहार में 5892, लोहरदगा में 1779, पाकुड़ में 15873, पलामू में 9,707, पि्मी सिंहभूम में 16,273, पूर्वी सिंहभूम में 4,911, रामगढ़ में 3,387, बोकारो में 10,593, चतरा में 2,435, देवघर में 2,113, धनबाद में 7,090, दुमका में 14,503, गढ़वा में 8,691, गिरिडीह में 20,011, गोड्डा में 16,959, गुमला में 16,468 और हजारीबाग जिले में प्रवासी मजदूरों की संख्या 9,973 है।

## गैरमजरूआ खास जमीन की रजिस्ट्री पर हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकती है सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट द्वारा गैरमजरूआ खास जमीन की रजिस्ट्री से रोक हटाने के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकती है। अब सरकार इस मामले में कानूनी पहलुओं पर विचार कर रही है। इसके सभी विकल्पों पर विचार करने और कानूनी जानकारों से राय मशविरा करने के बाद सरकार हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकती है।

**1 मई को हाईकोर्ट ने रजिस्ट्री से रोक हटाने का दिया आदेश** : एक मई को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए राज्य में गैरमजरुआ खास जमीन की रजिस्ट्री से रोक हटाने का आदेश दिया। हाइकोर्ट ने अपने आदेश में राजस्व निबंधन व भूमि सुधार विभाग की उस अधिसूचना को निरस्त (रद्द) कर दिया, जिसके तहत गैरमजरूआ खास जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगाई गयी थी। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार की रोक निबंधन अधिनियम 1908 की धारा 22(क) के तहत लोकनीति के विपरीत है।

**2015 में सरकार ने रजिस्ट्री में लगायी थी रोक**: बता दें कि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से 26 अगस्त 2015 को अधिसूचना जारी की गयी थी, जिसमें कहा गया था कि हस्तांतरण विलेख का निबंधन, निबंधन अधिनियम 1908 की धारा 22 'क' के अधीन लोकनीति के विरुद्ध है। इसलिए गैरमजरूआ खास जमीन, केसरे हिंद भूमि, गैरमजरूआ आम भूमि, वन भूमि, जंगल व अन्य सरकारी अधिग्रहित जमीन की खरीद-बिक्री और रजिस्ट्री पर रोक लगायी जाती है। राज्यभर में ऐसी जमीन की रजिस्ट्री बंद कर दी गयी थी। इस आदेश के खिलाफ वर्ष 2018 में छोटानागपुर डाइसिस ट्रस्ट एसोसिएशन और अन्य ने याचिका दायर कर दी थी।

## अब कांग्रेस विधायक भी बनवा रहे फर्जी दस्तावेज : बाबूलाल

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठिये ही नहीं, बल्कि आईएएस अधिकारी और कांग्रेस के विधायक भी अपना फजी दस्तावेज बनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की एक विधायक दो पैन कार्ड और चार वोटर आईडी के साथ लोकतंत्र का मजाक बना रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को धोखा देना, गलत हलफनामे देना और जनता से तथ्यों को छिपाना, यही है कांग्रेस का जनप्रतिनिधित्व। उन्होंने आगे लिखा है कि झारखंड में यह पहली बार नहीं हो रहा है। पहले केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों के फर्जी दस्तावेज बन रहे थे। अब इसमें विधायकों के नाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने इसे गंभीर स्थिति बताते हुये कहा कि जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों में छेड़छाड़ से सरकारी योजनाओं, आरक्षण और मतदाता सूची जैसी संवेदनशील व्यवस्थायें प्रभावित हो रही हैं।

## झारखंड में बंद होने के कगार पर आयुष्मान जन आरोग्य योजना

- राज्य के लगभग 212 निजी अस्पतालों को पिछले एक साल से नहीं मिला पैसा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। आयुष्मान जन आरोग्य योजना के तहत मिलने वाली स्वीकृत राशि के भुगतान में देरी से निजी अस्पताल परेशान हैं। कई बड़े निजी अस्पतालों का पिछले तीन महीने से कोई भुगतान नहीं हुआ है, जबकि, राज्य के लगभग 212 निजी अस्पतालों को पिछले एक साल से कोई भुगतान नहीं किया गया है। इस कारण मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया के पदाधिकारियों ने बताया कि पैसे के अभाव में अस्पताल उपकरण की खरीदारी नहीं कर पा रहे हैं। इससे मरीजों का इलाज और ऑपरेशन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ




इरफान अंसारी से मुलाकात की। उन्होंने जानकारी दी कि पिछले तीन महीने से अस्पतालों को योजना की स्वीकृत राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इससे वे गंभीर आर्थिक संकट में हैं और भविष्य में योजना संचालन पर भी संकट मंडरा रहा है।

**हजारीबाग में बंद है योजना** : हजारीबाग जिला के सभी निजी अस्पतालों ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को बंद कर दिया है। इससे गरीब और पिछड़े वर्ग के मरीजों को भारी दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि भुगतान नहीं होने से अस्पतालों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा देने में कठिनाई हो रही है। यह भी बताया गया कि टीएमएस 2.0 पोर्टल, जिससे भुगतान किया जाता है, उसके शुरू होने के बाद से ही भुगतान लगभग पूरी तरह से बंद हो गया है।

## किसानों को धोखा नहीं, उनका हक दे राज्य सरकार : राफिया

### भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- अन्नदाता ही भूखा रह जाये तो यह शर्म वाली बात

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि मेहनतकश किसानों को छह महीने बाद भी उनकी उपज का पूरा भुगतान न मिल पाना राज्य सरकार की अक्षमता और संवेदनहीनता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि 36,497 किसानों ने सरकार पर भरोसा करते हुये 5.07 लाख क्विंटल धान की आपूर्ति की। लेकिन उनमें से 9,615 किसानों को आज भी उनका हक नहीं मिला है। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है कि 4,929 किसानों को अब तक एक भी रुपया नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि किसानों की जेब खाली हैं, खेत सूने पड़े हैं और सरकार मौन है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में



यहां की कृषि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जायेगी। उन्होंने कहा कि भुगतान की प्रक्रिया में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार व्याप्त है। इसका एक उदाहरण हजारीबाग जिले में ही दो दरों में 40 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला सामने आया है। उन्होंने कहा कि किसानों को भुगतान में हो रही देरी के लिये जिम्मेदार कौन है।

उन्होंने कहा कि जब अन्नदाता ही भूखा रह जाये तो वह शासन नहीं, शर्म है। उन्होंने कहा कि जिस सरकार को किसानों की मेहनत का सम्मान करना चाहिये। राज्य सरकार उन्हें छह महीने से उलझा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की कृषि व्यवस्था एक गहरे संकट से गुजर रही है। सरकार द्वारा धान क्रय की प्रक्रिया में जिस प्रकार की ढिलाई, लापरवाही और भ्रष्टाचार सामने आया है। वह प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि किसानों के प्रति एक संगठित उपेक्षा है। राज्य खाद्य निगम के रिकॉर्ड के अनुसार अब तक लगभग 128 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। उन्होंने मांग की कि किसानों को उनकी लंबित राशि का तत्काल भुगतान किया जाये। उन्होंने चेताया कि यदि भुगतान में और देरी होती रही, तो इसका सीधा असर अगली फसल पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों से अपील करती है कि वे सरकारी एजेंसियों को ही धान बेचें, ताकि उन्हें सही मूल्य मिल सके।

## अस्पताल भवनों के नियमित एवं आवधिक रख-रखाव, संचालन, प्रबंधन एवं मरम्मत को पैसे स्वीकृत

# झारखंड में 1.40 अरब रुपये से अस्पतालों को दुरुस्त करेगी हेमंत सोरेन की सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य सरकार के सभी अस्पतालों के भवन दुरुस्त किए जाएंगे। इसके तहत चिकित्सा केंद्र भवनों की छत, दीवारें, खिड़कियां आदि दुरुस्त करते हुए बिजली एवं पानी की उपलब्धता, साफ-सफाई, सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था और बागवानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख-रखाव योजना के तहत 1.40 अरब रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह व्यवस्था राज्य के सभी जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और



### किस संस्थान पर होंगे कितने खर्च

| चिकित्सा संस्थान | अनाबद्ध निधि | सीएचसी/रेफरल | 10 लाख रुपये |
|---|---|---|---|
| सदर अस्पताल | 75 लाख रुपये | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र | 5 लाख रुपये |
| अनुमंडल अस्पताल | 50 लाख रुपये | स्वास्थ्य केंद्र/एएएम | 2 लाख रुपये |

आयुष्मान आरोग्य मंदिर/स्वास्थ्य उपकेंद्रों में की जाएगी। अस्पताल भवनों के नियमित एवं आवधिक रख-रखाव, संचालन, प्रबंधन एवं मरम्मत के लिए राशि स्वीकृति हुई है।

### योजना के तहत किए जाने वाले कार्य

भवन एवं चहारदिवारी की मरम्मत एवं रंग रोगन, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई, मरीज व परिजनों के लिए बैठने की व्यवस्था, दवा, चिकित्सकीय मशीन एवं उपकरण, सोलर लाईट, रेफ्रिजरेटर, उपस्कर, शौचालय की उपलब्धता, अग्निशमन व्यवस्था, पौधरोपन एवं बागवानी एवं अन्य आवश्यक आकस्मिक कार्य।

### अलग-अलग अस्पतालों के रंग अलग-अलग होंगे

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा है कि चिकित्सा केंद्र भवनों के संधारण के क्रम में उक्त भवन के बाहरी भाग की रंगाई-पुताई निर्धारित रंगों के अनुरूप की जाएगी। इस क्रम में पूर्व निर्मित भवनों की आवश्यकतानुसार मरम्मत के समय निर्धारित रंगों में रंगाई की जाएगी।

### स्वास्थ्य केंद्रों के लिए निर्धारित वार्षिक राशि

अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि योजना के तहत सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र/एएएम, पीएचसी, सीएचसी, अनुमंडल अस्पताल और जिला अस्पतालों के भवनों के वार्षिक एवं आवधिक रख-रखाव संचालन,प्रबंधन,मरम्मति आदि के लिए अनाबद्ध निधि की व्यवस्था की गई है।

## पलामू टाइगर रिजर्व में भी 300 हेक्टेयर में बनेगा टाइगर सफारी

# दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में पर्यटकों को अट्रैक्ट करेगा रोपवे व ग्लास ब्रिज

सुधीर

रांची। राज्य की हेमंत सरकार ने अपने चौथे कार्यकाल में राज्य के विकास को फोकस किया है। इसके तहत न सिर्फ माइंस और मिनरल्स से राज्य के खजाना को भरने की कोशिश की जा रही है, बल्कि राज्य के पर्यटन स्थलों को भी विकसित बनाया जा रहा है। यही कारण है कि राज्य की हेमंत सरकार बिहार के राजगीर की तरह दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में पर्यटकों के लिए 200 फीट लंबा ग्लास ब्रिज बनावा रही है। यह ब्रिज न सिर्फ पर्यटकों को अट्रैक्ट करेगा, बल्कि कमाई का बड़ा जरिया भी बनेगा। झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई परियोजनाओं पर काम हो रहा है। दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी और पलामू टाइगर रिजर्व में नए आकर्षण केंद्र बनाए जा रहे हैं।




**दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में नए आकर्षण** : झारखंड के पर्यटन विभाग की ओर से दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में पर्यटकों के लिए कई नए आकर्षण केंद्र बनाए जा रहे हैं। यहां 500 स्क्वायर फीट में रोपवे बनाया जाएगा। इससे पर्यटकों को पहाड़ी क्षेत्र में घूमने का आनंद मिलेगा। इसके अलावा लगभग 200 फीट लंबा ग्लास ब्रिज बनाया जाएगा, जो पर्यटकों को आकर्षित करेगा। 30 नए कॉटेज बनाए जाएंगे, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में हाइटेक पार्किंग की व्यवस्था होगी।

**पलामू टाइगर रिजर्व में टाइगर सफारी** : पलामू टाइगर रिजर्व में टाइगर सफारी की शुरूआत होगी। इस सफारी में पर्यटकों को बाघ और अन्य जंगली जानवरों को देखने का अवसर मिलेगा। लगभग 300 हेक्टेयर में टाइगर सफारी बनाई जाएगी, जिसमें बाघ और अन्य जंगली जानवरों को रखा जाएगा। पर्यटकों के लिए चीतल, सांभर सहित अन्य जंगली जानवरों को भी बाहर से यहां लाया जाएगा। उम्मीद है कि इसी साल अक्टूबर माह से इसकी शुरूआत हो पाएगी।

# परिवार संग चिलगू पहुंचे सीएम, फुफेरे भाई कपूर बागी के श्राद्धकर्म में हुए शामिल




कपूर बागी की तस्वीर को नमन करते सीएम हेमंत सोरेन और कपूर बागी के बच्चों से मिलती सीएम की मां रुपी सोरेन। साथ में धर्मपत्नी कल्पना सोरेन।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन के साथ झारखंड आंदोलनकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिवंगत कपूर कुमार टुडू जी (कपूर बागी) के सरायकेला- खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल के चिलगू- चाकुलिया स्थित पैतृक आवास पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत कपूर कुमार टुडू जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति देने हेतु कामना की। विदित हो कि दिवंगत कपूर कुमार टुडू जी रिश्ते में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के फुफेरे भाई थे। 6 मई- 2025 को उनका निधन हो गया था। वे अपने पीछे मां, पत्नी एवं दो पुत्र, एक पुत्री छोड़ गये हैं।


# सिंहभूम चेंबर के प्लेटिनम जुबिली समारोह का उद्घाटन 25 को लोयला फेसी ऑडिटोरियम में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबिली समारोह का उद्घाटन समारोह रविवार, 25 मई को लोयला स्कूल फेसी ऑडिटोरियम में होगा। जिसके मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं सांसद विद्युतवरण महतो भी उद्घाटन समारोह में मौजूद होंगे। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इस उद्घाटन समारोह में कई केंद्रीय मंत्रियों के भी उपस्थित रहने की संभावना है।

अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि सिंहभूम चैम्बर की स्थापना तत्कालीन व्यापारियों के एक छोटे से समूह ने व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण और इनकी बातों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 1948 में की थी। वर्ष 1950 में कंपनीज एक्ट में इसका निबंधन कराया गया। और यह तब से अब तक निर्बाध गति से व्यापारियों एवं उद्यमियों, प्रोफेशनल्स की समस्याओं को उचित फोरम में उठाते हुये इसका निराकरण कर रही है। कहा कि चैम्बर के निबंधन के 75 वर्षगांठ मनाया जा रहा है और वर्तमान में लगभग ढाई हजार इनके सदस्य हैं जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग दो लाख से अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि चैम्बर के द्वारा 75वें वर्षगांठ प्लेटिनम जुबिली समारोह के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दिल्ली जाकर आमंत्रित किया गया था जिसपर उन्होंने सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह चैम्बर के साथ ही जमशेदपुर वासियों के लिये हर्ष का विषय है कि पहली बार कोई लोकसभा अध्यक्ष जमशेदपुर में पधारेंगे और जमशेदपुर के मिनी भारत संस्कृति से अवगत होंगे।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे मुख्य अतिथि



ओम बिरला।

अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि इससे पूर्व चैम्बर ने अपने निबंधन काल के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सिल्वर जुबिली समारोह एवं 50 वर्ष पूर्ण होने पर गोल्डेन जुबिली वर्ष भी मनाया था। प्लेटिनम जुबिली समारोह में महीने भरत अनेकानेक कार्यक्रम चलेंगे जिसमें कई नामी गिरामी हस्तियां भाग लेंगे और ये कार्यक्रम अपने आप में एक यादगार आयोजन होगा। मौके पर उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी एवं सचिव सुरेश शर्मा लिपु ने कहा कि चैम्बर इस वर्ष को प्लेटिनम जुबिली वर्ष के रूप में मनायेगा और इसके तहत जमशेदपुर में कई बड़े कार्यक्रमों का आयोजन चैम्बर की ओर से चैम्बर भवन के अलावा शहर अन्य विभिन्न स्थलों पर भी किया जायेगा। उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि चैम्बर ने अपने स्थापना काल से व्यापारी उद्यमियों के लिये कार्य करने के साथ ही जन कल्याण के कार्यो को भी बड़ी सजगता से करने का कार्य कर रही है। यही वजह है कि सिंहभूम चैम्बर ने इन 75 वर्षों के दौरान जमशेदपुर के आम जनमानस के दिल में भी जगह बना ली है। उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, सचिव भरत मकानी, अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया ने कहा प्लेटिनम जुबिली समारोह के उद्घाटन के लिये चैम्बर के सदस्यगण आकाश मोदी, अजय कुमार भालोटिया, अमिश अग्रवाल, अमित सरायवाला, आनंद कुमार चौधरी, अशोक कुमार गोयल, विपिन अडेसरा, मनोज गोयल, संदीप मुरारका, अश्विनी अग्रवाल, सीए पीयूष गोयल, दीपक कुमार चेतानी, हर्ष अग्रवाल, कौशिक मोदी, मोहित मूनका, मुकेश कुमार मित्तल जुगसलाई, पवन नरेडी, प्रदीप गुप्ता, सौरव संघी सन्नी, उमेश खीरवाल, विष्णु गोयल, शुभम सेन, बबलू अग्रवाल मिनी, सीए अनूप अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, रोहित गोयल, अभिषेक काबरा, विकास गढ़वाल, मोहित साह, इन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा, पवन देबुका आदि जोर-शोर से लगे हुये हैं।

# तीन बार नहीं, चौथी बार संसद रत्न से सम्मानित होंगे सांसद विद्युत, कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

- सांसद विद्युत महतो ने जमशेदपुर की जनता को समर्पित किया सम्मान



भाजपा कार्यालय में सांसद का अभिनंदन करते महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व सहयोगी पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो को एक बार फिर प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चयनित किया गया है। यह चौथा अवसर है जब उन्हें यह सम्मान प्राप्त हो रहा है। उनके चयन की घोषणा के बाद जमशेदपुर के भाजपा कार्यकताओं में हर्ष और उत्साह व्याप्त है। इस उपलब्धि पर सोमवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सांसद विद्युत वरण महतो का महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष, जिला पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों व अन्य कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

सांसद विद्युत वरण महतो ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान लौहनगरी की जनता के समर्थन, आशीर्वाद और भाजपा कार्यकर्ताओं की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने यह पुरस्कार जमशेदपुरवासियों को समर्पित किया और आश्वस्त किया कि वे आगे भी जनहित कार्यों में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ लगे रहेंगे।

महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि सांसद विद्युत महतो को संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना जाना जमशेदपुर के लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि सांसद विद्युत महतो ने बीते 11 वर्षों में क्षेत्र की समस्याओं का ठोस समाधान करते हुए विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और दूरदर्शी दृष्टिकोण के कारण ही उन्हें लगातार यह सम्मान प्राप्त हो रहा है। यह हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

गौरतलब है कि संसद रत्न पुरस्कार की शुरूआत वर्ष 2010 में प्राइम पॉइंट फाउंडेशन और ई-मैगजीन 'प्रिंसेस' द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम के सुझाव पर की गई थी। इस पुरस्कार का उद्देश्य संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों को प्रोत्साहित करना और उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना है। तब से अब तक यह पुरस्कार देश के सर्वश्रेष्ठ सांसदों को उनकी

## स्पीड न्यूज

### बाइक सवार को बोरिंग ट्रक ने धक्का मारा, मौत

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत न्यू रोड में सोमवार की शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई जबकि उसके दो साथी गंभीर हैं। घायलों का इलाज टाटा मोटर्स हॉस्पिटल में चल रहा है। बताया जाता है कि एक बाइक से आदित्य सिंह, आदित्य ठाकुर और सुमित दोपहर 3 बजे घर से निकले। सभी आदित्य का बर्थ मनाने निकले थे। बाइक रोक आदित्य की तस्वीर खींच रहे थे तभी तीनों बोरिंग गाड़ी की चपेट में आ गये। स्थानीय लोग तीनों को लेकर टीएमएच पहुंचे, जहां आदित्य सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल आदित्य ठाकुर और सुमित की स्थिति गंभीर है।

### एलपीटी टैंकर की चपेट में आने से एक की मौत

**गम्हरिया।** टाटा–कांड्रा मार्ग पर गम्हरिया डीवीसी मोड़ के समीप एलपीटी टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार भाटिया बस्ती के राज गोपाल मंडल की मौके पर ही मौत हो गयी। टैंकर चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। आदित्यपुर पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया है। सोमवार दोपहर करीब एक बजे आदित्यपुर से कांड्रा की ओर ओर वाहन लेकर जा रहा टैंकर चालक ट्रैफिक सिग्नल पार कर तेज गति से भाग रहा था। इसी दौरान आदित्यपुर की ओर जा रहा बाइक चालक राज गोपाल मंडल उसकी चपेट में आ गया और वह टैंकर के पिछले चक्का के नीचे आ गया जिससे दबकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।

### सर्पदंश से छह वर्षीय बालक की मौत

**जमशेदपुर।** सरायकेला–खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड अंतर्गत जहरीले सांप के काटने से एक बालक की मौत हो गई। 6 वर्षीय मृतक का नाम प्रवेश गगराई है जो जामबनी गांव निवासी सरदार गगराई का पुत्र था। प्रवेश अपने घर के बाहर खेल रहा था तभी बगल की झाड़ी से एक विषधर निकल कर आया और प्रवेश के हाथ में दंश लिया। प्रवेश ने इस बात की जानकारी अपनी मां को दी जो तुरंत उसे लेकर राजनगर सीएचसी पहुंची। सीएचसी के चिकित्सकों ने बिना कोई इलाज किए उसे सरायकेला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। प्रवेश को लेकर उसकी मां सदर अस्पताल पहुंची जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद प्रवेश को मृत घोषित कर दिया।

### शिव मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी

**गम्हरिया।** रविवार की रात आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया रेलवे स्टेशन के समीप स्थित शिव काली मंदिर का ताला तोड़ चोरों ने नकदी समेत हजारों रुपए के सामानों की चोरी कर ली। पुजारी गोपीनाथ मुखर्जी ने बताया कि सोमवार की सुबह जब मंदिर पहुंचे तो गेट का ताला गायब पाया। साथ ही, ग्रील का कड़ी भी टूटा हुआ था। अंदर प्रवेश करने पर उन्होंने पाया कि चोरों ने बैटरी से इनवर्टर का तार काटकर इनवर्टर की चोरी भी कर ली गई है।

# श्रीनाथ विवि के विद्यार्थियों का एमआरएफ अपोलो व गुजरात की दहेज कंपनी में चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के अंतिम सत्र के छात्रों के लिए यह साल उपलब्धियों से भरा नजर आ रहा है। विश्वविद्यालय के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्रों ने भारत की अग्रणी टायर निर्माण कंपनी, मद्रास रबर फैक्ट्री (MRF), अपोलो और दहेज गुजरात में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ये सभी छात्र श्रीनाथ विवि के कैंपस प्लेसमेंट में सफल हुए हैं जिसमें छात्रों को आकर्षक पैकेज मिला है। कैंपस प्लेसमेंट में इंजीनियरिंग और डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्र शामिल हैं। सभी छात्र मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग और सिविल इंजीनियरिंग की शाखाओं से हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में निखिल कुमार, मुचीराम हांसदा, पी. देवेश कुमार, सौरव भट्टाचार्य, सूरज कुमार, विवेक महतो, आदित्य सिंह, अभिषेक कुमार, करन कुमार महतो और कौशिक घोष शामिल हैं।

# 2018 की मिशन गंगे अभियान का हिस्सा थे मोहन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करनेवाले मोहन रावत 2018 की मिशन गंगे अभियान का हिस्सा रहे, जिसे पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इसके अलावा, वे 2022 की ट्रांस-हिमालयन अभियान में भी शामिल रहे, जिसका नेतृत्व पद्मश्री बछेंद्री पाल ने किया था। यह ऐतिहासिक अभियान 4,841 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 35 पहाड़ी दर्रों को पार कर भारत के हिमालयी क्षेत्रों से गुजरा। माउंट एवरेस्ट की तैयारी के तहत मोहन ने कई उच्च ऊंचाई वाले ट्रेक, लेह में शीतकालीन प्रशिक्षण और ट्रिपल पास चैलेंज (दारवा पास झ्र बाली पास झ्र बोरासू पास) जैसे कठिन अभियानों को भी सफलतापूर्वक पूरा किया। मोहन 2022 से माउंट एवरेस्ट अभियान की तैयारी में जुटे थे, जिसमें उन्होंने अपनी सहनशक्ति, तकनीकी कौशल और उच्च ऊंचाई पर टिके रहने की क्षमता को लगातार निखारा। एवरेस्ट चोटी तक उनका यह सफर उनके अदम्य साहस, संघर्षशीलता और पर्वतों के प्रति गहरे जुनून का जीता-जागता प्रमाण है।

**टीएसएएफ के बारे में जानें :** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) की स्थापना भारत की पहली माउंट एवरेस्ट विजेता और प्रसिद्ध पर्वतारोही सुश्री बछेंद्री पाल द्वारा 23 मई 1984 को की गई थी। यह एक आउटबाउंड लीडरशिप इंस्टीट्यूट है, जो विविध साहसिक गतिविधियों से भविष्य के सक्षम नेतृत्व को विकसित करने का कार्य करता है। इसका उद्देश्य लोगों की मानसिक और शारीरिक क्षमताओं की सीमाओं को पहचानते हुए उन्हें आत्म-आविष्कार की दिशा में प्रेरित करना है। टीएसएएफ के कार्यक्रम प्रकृति से शिक्षा प्राप्त करने को संगठनात्मक विकास के साथ जोड़ते हैं, जिससे टीमों में सकारात्मक बदलाव आ सके।

# आनंद भोज का 500वां आयोजन आज

- सैकड़ों जरूरतमंदों को स्वादिष्ट भोजन होगा वितरण




आनंद भोज की फाइल फोटो।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शिक्षाविद और समाजसेवी श्री पारस नाथ मिश्रा द्वारा आयोजित आनंद भोज का 500 वा आयोजन टाटा नगर रेलवे स्टेशन पर 20 मई को वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा। आनंद भोज के द्वारा हर मंगलवार को पारस नाथ मिश्रा के नेतृव में सैकड़ों जरूरतमंदों को स्वादिष्ट भोजन सम्मान से वितरित किया जाता है। पारस नाथ मिश्रा ने बताया कि आनंद भोज की शुरुआत 2018 में हुई थी तब से अनवरत आनंद भोज का कार्यक्रम जारी है। जमशेदपुर के अलावा आनंद भोज का आयोजन रांची, पटना, मुंबई, अयोध्या और नेपाल में किया जाता है। श्री पारस नाथ मिश्रा ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि वैसे लोग जो शारीरिक , मानसिक से लाचार और बेबस लोगों को स्वादिष्ट भोजन सम्मान से कराया जा सके। श्री पारस नाथ मिश्रा स्वयं भी जरूरतमंदों के साथ मिल कर वहीं भोजन करते हैं। उनका मानना है कि जिन्हें भोजन मिले उन्हे सम्मान भी मिलना चाहिए।

# घाघीडीह केंद्रीय कारा व घाटशिला उपकारा में लगा चिकित्सा शिविर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** घाघीडीह केंद्रीय कारा में जेल अदालत सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अर्चना मिश्रा मौजूद रहीं ,वहीं न्यायिक दंडाधिकारी, रेलवे कोर्ट चाईबासा वर्चुअल रूप से जुड़े थे। शिविर में विशेष कर वैसे बंदियों को चिन्हित किया गया, जिनके परिवार वाले जमानत के लिए उपस्थित नहीं हो रहे हैं। साथ ही वैसे बंदी, जो अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है, उनकी बारे में जानकारी ली गयी। न्यायिक दंडाधिकारी अर्चना मिश्रा ने कारा के बंदियों से एक-एक कर बात की तथा उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। जेल में रहन-सहन, भोजन, न्यायिक सहयोग परिवार के संबंध में हर मुद्दे पर बंदियों से बात की गयी। जेल अदालत में कुल- 05 वादो को रखा गया, जिसमें 05 वादो का निष्पादन हुआ, जिसमें 05 बंदी लाभान्वित हुए।

# प्रोजेक्ट बालिका उवि, पटमदा में मना मासिका महोत्सव

- मासिक धर्म से जुड़े शर्म, झिझक व मिथकों को तोड़ने हेतु बालिकाओं ने कई गतिविधियों में लिया भाग



प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, माचा में मासिक धर्म जागरुकता अभियान के दौरान छात्राओं के साथ तरुण कुमार व विद्यालय परिवार।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटमदा / जमशेदपुर।** रूआर 2025 बैक टू स्कूल अभियान के तहत पटमदा स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, माचा में विद्यालय प्रबंधन समिति व सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मासिका महोत्सव का आयोजन किया गया। मासिकधर्म के प्रति शर्म झिझक माहवारी के प्रति समाज में व्याप्त रूढ़िवादी प्रथाओं से होने वाली परेशानियों के कारण भी कई बच्चियां स्कूल आना छोड़ देती है। महोत्सव के दौरान किशोरियों ने विद्यालय परिसर में विशेष रूप से महिला प्रजनन तंत्र रंगोली का निर्माण किया था, वही बच्चियों के द्वारा बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। इसके अलावा कई बालिकाओं ने अपने हाथों में मासिका महोत्सव मेंहदी भी रचाई थी। बाजार से सैनिटरी पैड खरीदने के बाद कई महिलाएं उसे छुपाकर घर लेकर आती है, इस शर्म को तोड़ने के लिए सैनिटरी पैड रेस का आयोजन किया गया। पैड रेस में तीन सदस्यीय टीम में बालिकाओं की 6 टीमों ने हिस्सा लिया था। जिसमें रिंकू प्रमाणिक की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, वही निशा सिंह की टीम ने द्वितीय और नेहा सिंह की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। महोत्सव के दौरान कई बालिकाओं ने भाषण प्रतियोगिता में भी भाग लिया, वही रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य व संगीत की प्रस्तुति दी। पैड रेस, चित्रांकन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पटमदा के सर्किल ऑफिसर श्री राजेंद्र कुमार दास, कल्याण पदाधिकारी श्री अभय कुमार एवं चिकित्सा पदाधिकारी सी बेसरा ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। अंडर 17 राज्य स्तरीय नेशनल योग ओलंपियाड 2025 के लिए चयनित होकर इलाके का मान बढ़ाने वाली विद्यालय की छात्रा आलोका रानी महतो को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## एक नजर में

### आरवीएस एकेडमी में धूमधाम से मना समर कैंप




**जमशेदपुर।** डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर स्थित आर.वी.एस. एकेडमी में 12 मई से 19 मई 2025 तक ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का आयोजन किया गया। यह सप्ताह भर चलने वाला कार्यक्रम उत्साह, सीख और मनोरंजन से भरपूर रहा, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के लगभग 450 छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन बिंदा सिंह ने इस अवसर पर कहा, समर कैंप छात्रों को कक्षा के बाहर सीखने और सक्रिय रहने का अवसर देता है। मुझे गर्व है कि हमारा विद्यालय विद्यार्थियों को ऐसे सुनहरे मौके देता है। विद्यालय की प्राचार्या वीशा मोहिन्द्रा ने कहा, इस शिविर ने बच्चों को अपनी रुचियों और प्रतिभाओं को पहचानने का अवसर दिया। छात्रों की भागीदारी और उनके चेहरों पर दिखती खुशी इस शिविर की सफलता को दर्शाती है। मैं उन सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की सराहना करती हूं, जिन्होंने इसे सफल बनाने में अथक परिश्रम किया। छात्रों ने फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो–खो, योग, नृत्य, गायन, जुम्बा और कला व शिल्प जैसी गतिविधियों का आनंद लिया। शिविर का समापन छात्रों की प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी सीखी हुई चीजें प्रदर्शित कीं।

### विधायक ने किया पंचायत मंडप का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** पोटका विस क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड स्थित दक्षिण घाघीडीह ग्राम पंचायत में नवनिर्मित पंचायत मंडप का विधिवत उद्घाटन सोमवार को पोटका के विधायक संजीव सरदार ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति इस विकास कार्य को लेकर स्थानीय उत्साह को दर्शा रही थी। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन जैसी आधारभूत सुविधाएं गांवों के प्रशासनिक सशक्तिकरण के साथ–साथ जनसेवा में मील का पत्थर साबित होंगी झ्र उन्होंने यह भी आशवस्त किया कि आने वाले समय में अन्य पंचायतों में भी ऐसी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। समारोह में बीडीओ सुनीत प्रकाश, दक्षिण घाघीडीह मुखिया भरत जोरा, पंसस प्रभा हांसदा, सुषमा जोरा, पंचायत अध्यक्ष सामू प्रसाद, झामुमो जमशेदपुर प्रखंड सचिव जगत मार्डी, झामुमो नेता मनोज नाहा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### धीराजगंज क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब मानिक स्पोर्टिंग टीम ने जीता



**गम्हरिया।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के गम्हरिया वार्ड दो स्थित धीराजगंज में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रो से कुल 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच मानिक स्पोर्टिंग और मनोहरपुर स्पोर्टिंग के बीच खेला गया जिसमें मानिक स्पोर्टिंग की टीम विजेता बनी। इसके अलावा तृतीय स्थान पर बाजीगर टीम और चौथे स्थान पर एनसीए की टीम रही। इस सभी टीमों को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके आयोजन में मधुसूदन मुखी, उत्तम पात्रो, अभिजीत महतो, विमल मुखी, आलोक सिंह, गौतम, देवाशीष महतो, आंचल सिंह, विक्की मुखी, सूरज सरदार, कृष्णा दहल आदि का प्रमुख योगदान रहा।

### मानगो में पेयजल समस्या को लेकर भाजपा-जदयू की संयुक्त बैठक में रोष व्यक्त



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के जदयू एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक बिष्टुपुर स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें मानगो पेयजलापूर्ति एवं जमशेदपुर के विधि व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। मंडल अध्यक्षों के द्वारा बारी बारी से जनसमस्याओं को रखा गया। मानगो क्षेत्र में पेयजल की समस्या को लेकर नागरिकों में हाहाकार मचा हुआ है और नागरिकों में खाफी आक्रोश है। इन जनसमस्याओं को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं मानगो नगर निगम के संज्ञान में कई बार लाने के बाद भी पदाधिकारियों द्वारा इसके समाधान की दिशा में कोई ठोस कारवाई नहीं करने को लेकर सबके द्वारा रोष व्यक्त किया गया। कार्यकताओं ने कहा कि शहर की विधिव्यवस्था काफी बिगड़ गयी है। हत्या एवं छिनतई की घटना आम हो गई है। शहर के निवासी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न जनसमस्याओं के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। इनको लेकर जदयू एवं भाजपा के नेताओं एवं कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया और घोषणा किया कि आगामी 22 मई को उपायुक्त कार्यालय पर एक दिवसीय धरना देगा। यह धरना एनडीए के बैनर तले होगा। धरना के माध्यम से नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के सुझाव को उपायुक्त के समक्ष रखा जाएगा। बैठक में जदयू जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, विधायक जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा, नीरज सिंह, पप्पु सिंह और धर्मेन्द्र प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्षों में विनोद राय, रविन्द्र सिंह सिसोदिया, भीम सिंह, प्रशांत पोद्दार, संजय तिवारी, बजरंगी पाण्डेय और फातिमा शाहीन, संजय ठाकुर, अजय कुमार, कौशल कुमार भी थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा के कई लोग झामुमो में शामिल



**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पलामू जिला कार्यालय में एक सादे समारोह में पांकी प्रखंड के भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ झामुमो का थामा दामन लिया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सभी को अंग वस्त्र व माला पहना कर सभी का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। सीएम के बढ़ते जनाधार का प्रतिफल है नये लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। अब वो दिन दूर नहीं जब झारखंड के हर घर में झामुमो का झंडा लहरायेगा। झामुमो में शामिल हुए मनोज सिन्हा ने कहा कि उनकी राजनीतिक जिंदगी काफी लंबी रही है। झामुमो जो कहता वो करता भी है। शामिल होने वाले में शिवपूजन सिंह, मो हलीम अंसारी, बबलू आलम, भीम सिंह, संजय सिंह, वीरेंद्र मोची, पाचन प्रजापति, नंदू मोची, गणेश सिंह, संतोषी मोची, रामू पासवान, रजनीश सहाय, बैजनाथ सिंह, संतोष सिंह, तेतर मोची आदि का नाम शामिल है।

### पति की हत्या मामले में पत्नी गिरफ्तार



**पांकी पलामू।** थाना क्षेत्र के गरिहारा में पत्नी ने पति की हत्या कर शव को शौचालय की टंकी में छिपा दिया था। इस मामले में पांकी पुलिस ने पति बुधन उरांव की हत्या के मामले में पत्नी ललिता देवी को गिरफ्तार कर लिया है। पांकी पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो ने बताया कि 18 मई को सुबह सूचना मिली थी कि गरिहारा में एक व्यक्ति की हत्या कर शव छिपा दिया गया है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए पांकी थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी। अनुसंधान में पता चला कि मृतक की पत्नी ने हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए घर के पीछे बने शौचालय के सोख्ता में शव डालकर मिट्टी भर दिया। दल में पांकी थाना के पुअनि संतोष गिरी, श्याम भगत, गोपाल राय, ददन राम गोंड, सअनि सुरेंद्र राम वन, श्याम लाल यादव, आरक्षी आशीष यादव व सशस्त्र बल शामिल थे।

### हाई स्कूल की छात्राओं को दी गयी पुलिस की कार्यशैली की जानकारी



**पाटन पलामू।** थाना में पाटन उच्च विद्यालय के छात्रों को पुलिस की कार्यशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। थाना प्रभारी लालजी ने छात्रों को पुलिस हेल्पलाइन नंबर, साइबर से बचने तथा विशेष परिस्थिति में पुलिस की सहायता कैसे लेना है आदि बातों की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि कहीं भी आप लोग संकट में फंस गये हैं तो हेल्पलाइन नंबर पर पुलिस को जानकारी देनी है। उन्होंने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि असामाजिक तत्व कोई घटना को अंजाम देता है तो पुलिस को जानकारी दें।

### बीमा योजना को ले जागरूकता अभियान



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के झरीवा पंचायत के पनेरीबांध गांव में स्वयं सहायता आजीविका सखी मंडल की व जेएसएलपीएस के पदाधिकारी बीपीएम वैभव कांत आदर्श के निर्देश पर क्लस्टर को-ऑर्डिनेटर व सखी मंडल की दीदी ने संयुक्त ने रूप से सभी ग्रामीणों को एवं सखी मंडल को अपने बचत खाता में 500 रुपये रखने व बीमा कराने की जागरूकता चलाया। वहीं क्लस्टर को-ऑर्डिनेटर मुकेश तिवारी व बीपीओ राजिव भारद्वाज ने बताया कि आज के समय को देखते हुए बीमा अतिआवश्यक है। अत: सभी बचत खाताधारक अपने खाता में 20 रुपये में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व 436 रुपये में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना अवश्य करायें व अपने परिवार व जीवन को सुखमय बनायें

### संघर्ष मोर्चा ने आयोजित की आभार सभा



**मेदिनीनगर।** चलानी किला शाहपुर के प्रांगण में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आभार गोष्ठी सह बैठक आयोजित की। सबसे पहले राजा मेदनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। अध्यक्षता पलामू जिलाध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा व संचालन जिला महासचिव धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि आज की गोष्ठी झारखंड सरकार को आभार व्यक्त करने के लिए किया गया है जो राज्य बनाने के बाद पहली बार सरकार ने आंदोलनकारी की सुध ली और 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की घोषणा कर गजट जारी किया। मौके पर बालकिशुन उरांव, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, राजु प्रजापति, शंखनाथ सिंह, संजय सिंह चेरो, लखन गुड़िया, रामनाथ बैठा, राजमनी सिंह, सुरेश चौधरी, नरेश सिंह, प्रभू चौधरी, सलोनी टोपनो, जाबुन बीबी, मंजू चन्द्रा, मरयम बीबी, हेरमन हेमरम, युवराज सिंह भी थे।

### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने संत मरियम में चलाया सड़क जागरूकता अभियान



**चैनपुर पलामू।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने कजरी स्थित संत मरियम स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। ट्रस्ट की टीम ने स्कूल के हजारों बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। पूरी टीम का स्कूल प्रबंधन ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी न केवल वाहन चलाने वाले लोगों के लिए, बल्कि सड़क पर पैदल चलने वालों के लिए भी आवश्यक है। इसके मद्देनजर टीम वरदान वर्षों से सभी को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दे रही है।

## पलामू : सेना के सम्मान में पांकी में निकली तिरंगा यात्रा

# पीएम के मार्गदर्शन में सेना ने बढ़ाया देश का मान, सम्मान और गौरव : विधायक

**शिवशंकर पासवान**



तिरंगा यात्रा में शामिल विधायक व अन्य।

**पांकी पलामू।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई में सेना की शानदार सफलता के सम्मान में पलामू जिले के पांकी मुख्य बाजार में सोमवार की सुबह भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा पांकी मुख्य बाजार रोड स्थित भाजपा कार्यालय से निकली कर पूरे शहर का भ्रमण किया। तिरंगा यात्रा में विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय तिवारी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, लवली गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, ललित मेहता समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। मौके पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि यह कार्रवाई पीएम के नेतृत्व में सेना ने किया है। इस लड़ाई ने देश का मान सम्मान और गौरव को बढ़ाया है। पूरा देश परिवार की तरह सेना के साथ एकजुट खड़ा है। डॉ मेहता ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति समर्थन का संदेश इस तिरंगा यात्रा से लोगों ने भारतीय सेवा के शौर्य को सलाम किया है।

# आवास योजना कार्य में लायें प्रगति : डीडीसी

- उप विकास आयुक्त ने आवास योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में उपस्थित डीडीसी व अन्य पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद आज बैठक कर आवास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। समाहरणालय के ब्लॉक सी स्थित सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी तरह की आवास योजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाकर पूर्ण कराने का निर्देश दिया दिया। उन्होंने राज्य स्तर से नीचे वाले पंचायत सचिव को एक सप्ताह में प्रगति लाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि कार्य प्रगति नहीं होने पर वेतन स्थगित करने की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने प्रखंड कर्मी से टू डायरी जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया, ताकि जिला से अप्रूवल के पश्चात वेतन भुगतान किया जा सके। उप विकास आयुक्त ने सभी बीपीओ, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर को बायोमैट्रिक उपस्थिति की विवरणी जिला को भेजने एवं अप्रूवल के पश्चात ही वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया। बैठक में डीआरडीए निदेशक रतन सिंह, जिला प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

- सेना के पराक्रम को किया नमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपाई।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से आह्लादित भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा की शुरुआत सोरडीहा स्थित भाजपा कार्यालय से हुआ।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। यात्रा के दौरान भाजपा नेताओं-कार्यकताओं ने भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये। गाजे-बाजे के साथ निकला तिरंगा यात्रा बस स्टैंड, थाना मोड़, गांधी चौक, साप्ताहिक बाजार, जोड़ा मंदिर होते हुए नगर भ्रमण के बाद वापस भाजपा कार्यालय पहुंचा।

जहां यात्रा सभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेता-कार्यकर्ताओ ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को नमन करते हुये वीर जवानों के प्रति आभार प्रकट किया। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता भारत की सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम और अदम्य साहस का परिचायक है। यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना को समर्पित है। जो दिन-रात मातृभूमि की रक्षा में तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय फौज के वीरता पर देश को गर्व है। कृतज्ञ देश अपनी सेना के इस वीर गाथा को हमेशा याद रखेगा। यात्रा में वरीय भाजपा नेता डॉ बी पी शुक्ला, ललन पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, शिवबंश मिश्रा, बिहारी लाल गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, देवनारायण सिंह, शंकर केशरी, मनीष कुमार, गोपाल सोनी, रजनीश कुमार, संजय शाह, संजय ठाकुर सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

# राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मिलते पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी व अन्य।

**खास बातें :** देश में केवल राजनीतिक नारे नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर एकता और अखंडता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। त्रिपाठी का मानना है कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। हाल ही में भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए देश की विदेश नीति, व्यापार नीति और सुरक्षा नीति की गहन समीक्षा जरूरी है। भारत को चीन जैसे देशों से अनावश्यक वस्तुओं का आयात रोक देना चाहिए क्योंकि चीन अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान जैसे शत्रु देशों का समर्थन करता है। उनका कहना है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को खतरे में डाल दुश्मन देशों के उत्पादों को बढ़ावा नहीं दे सकते। ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए सख्त नीतियों की जरूरत है। पूर्व मंत्री ने यह गंभीर सवाल भी उठाया कि भारत द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद विदेश मंत्री ने आखिर किस माध्यम से पाकिस्तान को संदेश दिया।

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी ने रक्षा राज्य मंत्री सह लोकसभा सांसद संजय सेठ को मगध फाउंडेशन के तत्वावधान में एक शिष्टमंडल चार सूत्री मांग के बाबत एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें रक्षा नीति की समीक्षा, विदेश नीति की समीक्षा, व्यापार नीति की समीक्षा और देश में राष्ट्रवाद और एकता का प्रचार करना शामिल है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि अगर राजनीति उनके राष्ट्रीय एकता मिशन के मार्ग में बाधा बनती है, तो वे देशहित में राजनीति से संन्यास लेने को भी तैयार हैं। कहा कि वे भारत के प्राचीन गौरवशाली मगध कालीन आदर्शों को फिर से जीवंत करना चाहते हैं। इस उद्देश्य को लेकर ही राष्ट्रीय एकता अभियान शुरू किया है, जिसका लक्ष्य भारत के प्रत्येक जिले और राज्य में सुरक्षा व एकता की भावना को मजबूत करना है।

### मोदी सरकार की कूटनीति व विदेश नीति फेल : मंच



**मेदिनीनगर।** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, जेकेएम के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम व केंद्रीय सदस्य कृष्णा राम ने कहा कि पीएम मोदी व विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत विदेश मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के विश्व के 88 से ज्यादा देशों की यात्रा पर अरबों रुपये खर्च करने के बाद भी भारत के ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में विश्व के किसी भी देश का नहीं आना यह प्रमाणित करता है कि मोदी सरकार की कूटनीति व विदेश नीति बुरी तरह फेल हो गयी है। जारी बयान में नेताओं ने विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा ऑपरेशन से पहले भारत के सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान को अवगत कराने के मीडिया के समक्ष खुलासे पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए विदेश मंत्री को शीघ्र बर्खास्त कर गिरफ्तार करने की मांग की है।

## आस्था : शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को ले निकली जलयात्रा, धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के सहार बिहरा गांव के नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर सोमवार को मंदिर स्थल से गाजे बाजे के साथ जलयात्रा निकली, जो गांव का भ्रमण कर पवित्र कोयल नदी पहुंची। जहां यज्ञाचार्य उपेन्द्र नारायण शुक्ल सहित विद्वान पंडितो ने मुख्य यजमान सुरिष्ठ सहार सहित कलशधारी श्रद्धालुओं को मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जल भरवाये। कलश में जल भर श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में कलश स्थापित किये। यात्रा के साथ पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हो गया। जो 24 मई को भंडारा के साथ संपन्न होगा। समस्त धार्मिक कार्यक्रम भारत के महान मनीषी तपोनिष्ठ पूज्य संत श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम कृपा पात्र प्रातः स्मरणीय श्री लक्ष्मी प्रपन जियर स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद सान्निध्य में हो रहा है। शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महा महोत्सव के अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा ने बताया कि मंगलवार से प्रतिदिन शाम को श्री जीयर स्वामी जी के कृपापात्र श्री वैकुंठनाथ स्वामी जी के द्वारा संध्या 6 से रात्रि 9 बजे तक रामकथा का आयोजन किया गया है।

## सेना और शहीदों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है: जीतेंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के लेस्लीगंज मुख्य बाजार रोड स्थित भाजपा कार्यालय से सोमवार की सुबह सेना और शहीदों के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भाग लिये। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने किया। इस दौरान देशभक्ति नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। लोगों में देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना देखते बन रही थी। शांतिपूर्ण यात्रा का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना था। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि देश की सेना और हमारे शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को प्रबल करने का कार्य करते हैं। मौके पर जगत सिंह, विनोद उपाध्याय, राम नारायण तिवारी, चतुर्गुण राम, नीलकंठ गिरी, जमुना सोनी, अक्षय तिवारी, कमलेश पांडेय, विनय तिवारी, विजय प्रजापति सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैंप आयोजित



**मेदिनीनगर।** सोमवार को नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैंप का उदघाट्न स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने किया। इसमें भीषण गर्मी को भुलाकर बच्चों को एंजॉय के साथ बहुत सारी एक्टिविटीज सीखने का मौका मिलेगा। निदेशक राजीव गोयल ने बताया कि 26 को समर कैंप में ट्रेजर हंट स्पेशल एक्टिविटी करायी जायेगी। साथ ही 19 से सभी एक्टिविटीज प्रारंभ हो गयी है। बच्चों का रजिस्ट्रेशन जारी है। जो बच्चे पहले दिन कैंप में किसी कारण नहीं शामिल हो पाये, उन्हें आने वाले दिनों में भी फन की कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने प्राचार्या रेणु गोयल को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें बहुत खुशी होती है कि आप कैंप हर साल लगाते हैं और हम हर साल समर कैंप का हिस्सा बन पाते हैं।

## हैदरनगर स्टेशन के पास रेलवे सुरक्षा बल ने चलाया जागरूकता अभियान

- ग्रामीणों को दी गयी अहम सुरक्षा जानकारी

**नरेंद्र प्रसाद गुप्ता**



**हैदरनगर पलामू।** सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड के हैदर नगर रेलवे स्टेशन के निकट स्थित बहेरा फागुडीह में रविवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला के अधिकारियों एवं स्टाफ ने एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान 10:30 से दोपहर 12:35 बजे तक चला, जिसमें स्थानीय लोगों को रेलवे यात्रा के दौरान अपनायी जाने वाली सावधानियों एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी गयी। आरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के स्टेशन पर आने पर पहले यात्रियों को उतरने दें, फिर शांति से चढ़ें। साथ ही, महिलाओं एवं विकलांगों के लिए आरक्षित कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा न करने की अपील की। लोगों को चेताया भी गया कि ज्वलनशील पदार्थ को ट्रेन में ले जाना सख्त मना है।

### टीकाकर्मियों को किया गया पंचायत आवंटित

**पाटन पलामू।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित एफएमडी टीकाकरण अभियान राउंड पांच फेज वन व एलएसडी 2025-26 का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। पाटन प्रखंड के कई पंचायतों व गांवों में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। यह टीकाकरण अभियान 18 जुलाई तक चलाया जायेगा। टीकाकरण अभियान के दौरान निजी टीकाकर्मियों द्वारा सभी योग्य गाय, भैंस जाति के पशुओं को ईयर टैगिंग व निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है।

## धार्मिक कार्यों से समाज में आती है सुख शांति व समृद्धिः विवेका त्रिपाठी

- कलश यात्रा के साथ लहलहे में सात दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के लहलहे में सात दिवसीय भागवत कथा को लेकर सोमवार को गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकली। पुरोहित ने विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इसके साथ ही भागवत कथा शुरू हुई। इस दौरान जयकारे से माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं। कलश यात्रा लहलहे के मंदिरों से होते मलय नदी तट पहुंची, जहां आयोजक विवेकानंद त्रिपाठी ने धर्मपत्नी के साथ दर्शन-पूजन किया। कलश यात्रा में महिमानंद तिवारी, सुरेश्वर तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, संजय त्रिपाठी, अनूप तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, अमित तिवारी, ब्रजेश तिवारी भी थे।

### झारखंड सरकार के सह पर अधिकारी और पदाधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त : संदीप सरकार



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के मुखिया से लोगों को कई उम्मीदें थी लेकिन लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर रहा है। कारण अबुआ आवास व पीएम आवास योजना में खुलेआम लूट मची है। पति के नाम पर पीएम आवास तो पत्नी के नाम पर अबुआ आवास लिया जा रहा है। जो भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण है। उक्त बातें युवा एकता मंच के जिलाध्यक्ष सह पाटन विस क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी संदीप सरकार ने कही। उन्होंने परिसदन में प्रेस वार्ता कर कहा कि प्रखंडकर्मी से लेकर प्रखंड पदाधिकारी अपनी अपनी हिस्सेदारी तय करते हैं। तभी जाकर लोगों को आवास योजना का लाभ मिलता है। कहा कि जरूरतमंदों को अभी तक आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

# भाजपाइयों ने भारतीय सेना के पराक्रम और सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सेना के सम्मान में निकली भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल लोग।

**पाटन पलामू।** भारतीय सेना के साहस, पराक्रम और वीरता के सम्मान और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से होते हुए बीएसएनएल टॉवर, राजू सिंह के घर तक पहुंची। तिरंगा यात्रा में भाजपाई व अन्य लोगों ने भारत माता की जय, बंदे मातरम समेत जवानों के सम्मान में नारे लगाये। तिरंगा यात्रा के दौरान मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को कुकृत्य की सजा दी। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आयेगा तो भारतीय सेना पाकिस्तान का नामों निशान मिटा देंगे। कहा कि भारतीय सैनिक द्वारा पाकिस्तान के धरती पर एयर बेस और एयर क्राफ्ट को नष्ट करते हुए पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों का ट्रेनिक कैप को उड़ाया गया उसे आज पूरी दुनिया ने देखा। तिरंगा यात्रा में जितेंद्र सोनी, पशुपति शर्मा, अर्जुन तिवारी, पिंकी विश्वकर्मा, प्रदीप चंद्रवंशी, रविनाथ साव, गुडु सिंह, बिरेंद्र सिंह, प्रमोद प्रसाद, राहुल प्रसाद, बबलू सिंह, विकास कुमार, श्रवण भुइयां, सरीखे भुइया, आलोक सिंह, राहुल कुमार, छठन कुमार, प्रिंस कुमार, रिकी प्रसाद, जमुना प्रसाद, नरेश सिंह, बीटू सिंह समेत सैकड़ों संख्या में लोग शामिल थे।

# असम प्रदेश के डिब्रूगढ़ में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने बनायी रणनीति

- महासंघ की प्रदेश कमेटी का गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक के दौरान उपस्थित महासंघ की कमेटी के लोग।

**खास बातें :** राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह चेरो ने बताया कि राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो एवं गुड्डु सिंह चेरो (मलय डेम) को रेलवे स्टेशन डिब्रूगढ़ पर असम प्रदेश के दर्जनों चेरो समाज के लोगों ने गर्म जोशी से स्वागत कर आगवानी की। राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ असम प्रदेश गठन में प्रदेश के कई जिला के चेरो समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे। बैठक में प्रकाश चेरो, विनोद चेरुवा, जयश्री चेरो, लक्ष्मी चेरो, बिक्रम चेरो, मीना चेरो, राजा चेरवा, राय चेरवा, कार्तिक चेरवा, ग्रील चेरवा, गामा चेरवा, सोनी चेरवा, मीणा चेरो, अंजनी चेरवा, मनीषा चेरो तथा अन्य दर्जनों चेरो समाज के महिला पुरुष शामिल थे।

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने असम प्रदेश के डिब्रूगढ़ में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के प्रदेश कमेटी का गठन को लेकर बैठक डिब्रूगढ़ प्रकाश चेरवा के घर पर किया। अध्यक्षता अमित चेरवा और संचालन प्रकाश चेरवा ने किया।

कार्यवाही असम प्रदेश के लोगों ने महाराजा मेदिनीराय के जयकारे के साथ शुरुआत की, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विपोन चेरवा, उपाध्यक्ष हरेंद्र चेरो, महासचिव अमित चेरवा, सचिव हेमंत चेरवा, कोषाध्यक्ष बुलू चेरवा, सोशल मीडिया प्रभारी शनि चेरवा, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बिरेन चेरो, सचिव विनोद चेरवा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोनिका चेरो का दायित्व सहर्ष सर्वसम्मति से दिया गया तो वहीं राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने सभी पदाधिकारियों को पलामू का इतिहास एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित सम्मानित किया।

# जीएन कॉन्वेंट में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** ग्रीष्मावकाश के दौरान शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों के लिए निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में छात्रों को विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला, जिससे न केवल उनके हुनर निखरे, बल्कि उनके अंदर सामाजिक, मानसिक और शारीरिक विकास की नई संभावनाएं भी जागृत हुईं।

समर कैंप में कला, क्राफ्ट, डांस, योग, संगीत, समूह कार्य, कहानी लेखन, खेलकूद जैसी विविध गतिविधियां करवाई गईं। इन गतिविधियों ने बच्चों के छिपे हुए टैलेंट को सामने लाने का अवसर दिया। विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद् मदन प्रसाद केशरी ने समर कैंप के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समर कैंप बच्चों को एक ऐसा सुरक्षित और नियंत्रित माहौल देता है, जहां वे पढ़ाई से हटकर खेल-खेल में नई चीजें सीखते हैं। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है और सामाजिक कौशल को भी मजबूत करता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कैंप बच्चों में सहयोग, सहानुभूति, सम्मान, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करते हैं, जो उनके जीवन में आगे चलकर बेहद उपयोगी सिद्ध होते हैं। मौके पर उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, विरेंद्र शाह, विकास कुमार, कृष्ण कुमार, ऋषभ श्रीवास्तव, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, पूजा प्रकाश, रागिनी, शिवानी, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने वाले पिता को आजीवन कारावास, 1 लाख का जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार की अदालत ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने के दोषी शेख इम्तेयाज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। गढ़वा थाना क्षेत्र के संग्रहे खुर्द गांव निवासी इम्तेयाज को अदालत ने अंतिम सांस तक जेल में रहने और एक लाख रुपये का आर्थिक जुमार्ना भरने का भी आदेश दिया है। यह मामला तब सामने आया जब पीड़िता के दादा शेख एनुल्लाह ने गढ़वा थाना में 15 मई 2023 को एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनकी पोती घर में गुमसुम रहती थी और पूछने पर उसने बताया कि ईद से पहले रोजा के समय उसके पिता इम्तेयाज ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसके पिता ने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया तो वह उसकी जीभ काट देंगे और उसे डेम में फेंक देंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 मई 2023 को आरोपी इम्तेयाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत में लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने आठ गवाहों को पेश किया, जबकि बचाव पक्ष ने भी दो गवाह प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों पर विचार करने के बाद, अदालत ने इम्तेयाज को दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में 17 से 18 मई तक आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता रामासाहू मैदान में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों से आए करीब 240 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें अंडर-14, अंडर-16 और सीनियर वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी शामिल थे। प्रतियोगिता के पहले दिन बालक-बालिकाओं के बीच ट्रायथलॉन और अन्य एथलेटिक्स स्पधाएं हुईं। इन स्पधाओं के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को जून में आयोजित राष्ट्रीय इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गढ़वा जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। जिनमें रुद्र प्रताप खाखा, विवेक कुमार ठाकुर, सिद्धार्थ कुमार, सोनाक्षी सिंह, रंजनी कुमारी, चांदनी कुमारी, सूरज कुमार, सचिन कुमार कुशवाहा, अल्ताफ अंसारी, रौशन शॉव, मनीष कुमार, अभिनव यादव, दीपा कुमारी, अर्पणा कुजूर, अंजनी कुमारी, परिधि कुमारी का नाम शामिल है। जबकि प्रतियोगिता के दूसरे दिन सीनियर वर्ग में 110 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को 24-25 मई को हजारीबाग में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जिसमें आकाशदीप ऋषि, सूरज कुमार, रोहित यादव, सचिन कुमार, अख्तर अंसारी, बाबूलाल कोरवा, शेषनाग सिंह, रोहित प्रसाद, प्रियंका केरकेट्टा, लक्ष्मी ऋषि, सुरभि कच्छप, सीमा कुमारी का नाम शामिल है। मौके पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि गढ़वा के खिलाड़ी सीमित संसाधनों में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर यही लगन और अनुशासन बरकरार रहे तो ये खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे। संघ ने भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने की घोषणा भी की। मौके पर सुशील कुमार तिवारी, अजय कांत, कौषलेश तिवारी, प्रदीप सिंह, रमेश सिंह, नीलकंठ सिंह, संतोष मौर्य, रमाशंकर सिंह, अतुल मिश्रा, अभिषेक कुमार, आज्जो सिद्दीकी, राजेंद्र कुजूर, लक्ष्मण राम समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बलियारी पंचायत के मुखिया को निलंबित करने की अनुशंसा, सचिव पर भी कार्रवाई

**उन पर 15वें वित्त आयोग के तहत विभिन्न योजनाओं में वित्तीय अनियमितता एवं सरकारी राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप हैं**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने कांडी प्रखंड अंतर्गत बलियारी पंचायत की मुखिया चंदा देवी को निलंबित करने की अनुशंसा पंचायती राज विभाग से की है।

उन पर 15वें वित्त आयोग के तहत विभिन्न योजनाओं में वित्तीय अनियमितता एवं सरकारी राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप हैं। साथ ही उनकी वित्तीय शक्तियों को भी जब्त कर लिया गया है। डीसी ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने खुलासा किया कि तीन वर्ष पुराने नाली की मरम्मत में अनियमितता बरती गई। 40 डस्टबीन की राशि निकाली गई, जबकि स्थल पर केवल 25 डस्टबीन ही पाए गए। इससे करीब 1.5 लाख रुपये की फर्जी निकासी सामने आई। साथ ही 25 सिमेंटेड कुर्सियों के नाम पर बिल बनाया गया, जबकि सिर्फ 15 कुर्सियां खरीदी गईं। इससे 2 लाख रुपये की फर्जी निकासी की गई। 20 चापानल की मरम्मत के लिए 2 लाख रुपये निकाले गए, लेकिन कोई मरम्मत नहीं हुई। साथ ही जलमीनार मरम्मत के नाम पर भी 2 लाख रुपये निकासी की गई, जबकि एक भी जलमीनार की मरम्मत नहीं कराई गई। जांच के उपरांत मुखिया चंदा देवी और पंचायत सचिव राजेंद्र राम से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन दोनों का जवाब असंतोषजनक पाया गया। डीसी ने मुखिया की वित्तीय शक्तियों को जब्त करते हुए, पंचायत सचिव राजेंद्र राम के विरुद्ध आरोप-पत्र गठित कर विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है।

डीसी जमुआर ने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं की राशि का दुरुपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच में दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को सचेत किया कि वे जनहित की योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखें।

## दहेज उत्पीड़न मामले में प्रेम उरांव गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर के विडंडा टोला निवासी प्रेम उरांव को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्रेम उरांव सूर्य देव उरांव का पुत्र है। जानकारी के अनुसार प्रेम उरांव के खिलाफ उसकी पत्नी द्वारा दहेज प्रताड़ना एवं उत्पीड़न के गंभीर आरोपों को लेकर मेदनीनगर में कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज कराया गया था।


**शपथ पत्र**

मैं सुहैल अख्तर पिता मो. याकूब अंसारी ग्राम-घोरडीहा, थाना+ पोस्ट-रेहला, जिला-पलामू (झारखंड) का निवासी हूं। शपथ पत्र संख्या-1356/15-05-2015 के माध्यम से घोषणा करता हूं कि मेरा पासपोर्ट (संख्या पी/9786119) 11 मई 2025 को घोरडीहा से रेहला आने के क्रम में कही गिर गया है। जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला।

**AFFIDAVIT**

Series No. 23-24/UI..24480 I, ASHRUPIYA DEVI W/o Late Ugan Das Resident of Village & Post Makatpur, Ps- Jai Nagar, Dist. Kodarma (Jharkhand), do herebysolemnly affirm and declare on oath as follows
1. That I am an Indian citizen by birth and I am permanently residing in above mentioned address.
2. That my Adhar Card bearing no. 3935 1969 6416 has been wrongly mentioned as ASHRUFIA DEVI in place of ASHRUPIYA DEVI.
3. That my actual and correct name ASHRUPIYA DEVI due my family pension documents and nomination from West Bengal State Electricity Distribution company Limited bearing Memo no. PPO/80009187/9692 Dated 13/03/2025
4. That I am doing this affidavit for correction of my correct name ASHRUPIYA DEVI in Adhar Card, Pan card & others documents
5. That my all statements are-true and correct if found any kind of wrong I shall be liable for the same.Sworn and signed at Ranchi on 19/5/2025



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी,सिमडेगा**
**सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा,**
ई–मेल– simdegafisheriesdfo@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 268, दिनांक– 11.02.2025 आलोक में Factory Formulated Extruded Mash feed के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेताओं से Factory Formulated Extruded Mash feed के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 03.06.2025 को 02:00 बजे अपराह्न तक जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन दिनांक– 03.06.2025 को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष उपविकास आयुक्त, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में निविदा खोली जाएगी।
निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट /w.w.w.simdega.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 352840 Simdega(25-26).D



**समाहरणालय, खूँटी**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी)**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा संख्या– 05/2025–26**

खूँटी जिलान्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में खाद्य–अखाद्य सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 05.06.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 05.06.2025 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, खूँटी।

PR.NO.352853 District(25-26):D


## स्पीड न्यूज

### खेलों झारखंड को लेकर कार्यशाला संपन्न, खेल प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तय



**रमना।** प्रखंड संसाधन केंद्र रमना द्वारा मड़वनियां पंचायत भवन में सोमवार को खेलों झारखंड प्रतियोगिता, 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट एवं जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूर्नामेंट को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इन खेल आयोजनों की विस्तृत रूपरेखा और तैयारी पर गहन चर्चा की गई। कार्यशाला में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुजूर ने बताया कि प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 16 से 19 जून, जिला स्तरीय 24 से 28 जून, प्रमंडल स्तरीय 7 से 11 जुलाई, राज्य स्तरीय 16 से 20 जुलाई, राष्ट्रीय स्तर 18 से 25 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। जबकि खेलों झारखंड प्रतियोगिता विद्यालय स्तरीय 1 से 7 जुलाई, प्रखंड स्तरीय 14 से 20 जुलाई, जिला स्तरीय 29 जुलाई से 25 अगस्त तथा राज्य स्तरीय 1 से 15 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वहीं जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूनार्मेंट जिला स्तरीय 15 से 20 जुलाई, राज्य स्तरीय 20 से 22 जुलाई, राष्ट्रीय स्तर अक्टूबर (संभावित) में आयोजित की जाएगी। बैंड प्रतियोगिता जिला स्तर पर 24 जुलाई से 25 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में सुनीता कुजूर ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिया कि वे खेल आयोजन की तैयारी के लिए नोडल शिक्षक का चयन करें और विद्यालय स्तरीय खेल समिति का गठन करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए अभी से ही प्रशिक्षित करना शुरू कर दें। कार्यशाला में खिलाड़ियों के चयन से जुड़ी प्रक्रिया और मापदंडों पर भी चर्चा की गई ताकि निष्पक्ष और प्रतिभावान छात्रों को आगे लाया जा सके। कार्यशाला के अंत में विद्यालयों में संचालित विभिन्न बिंदुओं, योजनाओं और समस्याओं पर भी विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। मौके पर बीआरपी नरेंद्र तिवारी, सीआरपी दुष्यंत मिश्रा, सतीश धर दुबे, मुकेश मिश्रा, कुमार गौरव, लेखापाल अरुण कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापक रामदयाल सिंह, मनोज देव, राकेश पांडेय, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, शारदा कुमारी, मनोज सिंह, दिवाकर सिंह, रंजन सिंह, रामसुंदर सिंह, अपसार अहमद, जितेंद्र शर्मा, अशोक खलखो, अशोक बैठा सहित क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

### जमीनी विवाद में वृद्ध महिला पर हमला

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के हुरका गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पटीदारों के बीच हुई लाठी–डंडे से मारपीट की घटना में वृद्ध महिला नन्हकी देवी पति शंभु चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गईं। महिला के माथे में गहरी चोट आई है। घटना के बाद परिजनों ने घायल नन्हकी देवी को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉ शैलेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि नन्हकी देवी अपने घर के सामने बन रहे मकान की साफ–सफाई कर रही थीं, तभी गोतिया नंदू चौधरी ने बांस के मोटे डंडे से उन पर हमला कर दिया। घटना के वक्त घर में कोई पुरुष मौजूद नहीं था। स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है। पुलिस आगे की जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में प्रेम उरांव गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर के विडंडा टोला निवासी प्रेम उरांव को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्रेम उरांव सूर्य देव उरांव का पुत्र है। जानकारी के अनुसार प्रेम उरांव के खिलाफ उसकी पत्नी द्वारा दहेज प्रताड़ना एवं उत्पीड़न के गंभीर आरोपों को लेकर 498ए एवं अन्य धाराओं के तहत मेदनीनगर में कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज कराया गया था। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि अदालत के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए प्रेम उरांव को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया और कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में निःशुल्क समर कैंप शुरू




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में वन विभाग के सामुदायिक भवन में दस दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का उद्घाटन रविवार को किया गया। समारोह में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, सदस्य मुजीबउद्दीन खान, पंकज सोनी, मनोज कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर अलखनाथ पांडेय ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि गढ़वा ने टेबल टेनिस में बड़ा सपना देखा है और इसे साकार करने की जिम्मेदारी आप खिलाड़ियों की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जुनून ही सफलता की कुंजी है और कठिन परिश्रम से ही खिलाड़ी अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के इतिहास, तकनीक और प्रेरणादायक कहानियों से अवगत होने की सलाह दी। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि यह समर कैंप खिलाड़ियों के लिए अपनी छुट्टियों का उत्कृष्ट उपयोग करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि गढ़वा के खिलाड़ी लगातार मेहनत से जिले को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर रहे हैं।

### खेलो झारखंड को लेकर गुरु गोष्ठी का आयोजन

कांडी। प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता बीडीओ राकेश सहाय ने की। गोष्ठी का उद्देश्य खेलो झारखंड, सुब्रतो कप, जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूर्नामेंट, और खेलेंगे–पढ़ेंगे–बढ़ेंगे योजना से संबंधित निर्देशोंऔर आयोजन की जानकारी देना था। बैठक में बताया गया कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर से प्रखंड, जिला और राज्य स्तर तक आयोजित की जाएंगी। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में इस वर्ष झारखंड ओलंपिक समिति, भारत सरकार के खेल मंत्रालय, तथा मान्यता प्राप्त खेल संघों द्वारा चयनित 12 खेलों और एक बैंड प्रतियोगिता को शामिल किया गया है।

### सड़क पर टूटी नाली से जलजमाव, मरम्मत की मांग

कांडी। प्रखंड मुख्यालय के मुख्य सड़क पर जगदेव चौक के समीप स्थित नाली का सीमेंट पटिया भारी वाहनों के दबाव से टूट गया है, जिससे नाली ध्वस्त होकर अवरुद्ध हो गई है। इस कारण बाजार का गंदा पानी निकल नहीं पा रहा है और जलजमाव की स्थिति बन गई है। आसपास के दुकानदारों ने पंचायत मुखिया विजय राम से संपर्क कर टूटी नाली की शीघ्र मरम्मत की मांग की है। दुकानदारों का कहना है कि यदि नाली का पटिया जल्द नहीं बदला गया, तो बाजार क्षेत्र का पानी सड़कों पर बहने लगेगा, जिससे आमजन को परेशानी होगी और दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाएगी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING,**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**

NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002
e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-02/2025-26
1st Call
e-Tender Ref No–RCD/SID/AP/RAN/02/2025-26 Date:- 19.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for widening & Strengthening/Reconstruction of Road from Chaingarha main raod to Bhurkunda (Sayal more) including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Ramgarh District in the State of Jharkhand .*Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 6.35Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 15,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 21.05.2025,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 28.05.2025 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 28.05.2025 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 29.05.2025 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677. |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
(Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi.

PR 352922 Road(25-26)D



**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

Letter no:-283 dated:-19.05.2025

**NOTICE INVITING TENDER**
**NIT NO. JIIDCO/RENOVATION WORK/03/2025-26**

Sealed tenders are invited, on Item rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) or any Department, Government of Jharkhand for the work as given below:

| Sl. no. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest money @2% of estimated cost (Rs.) | Cost of tender fee (Rs.) (Non-refundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In days) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Renovation work of OSD Chamber of Directorate of Handloom, Sericulture and Handicraft Office, at 3rd Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi. | 4,44,014.00 | 8,880.00 | 885.00 | IV | 30 days |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 27.05.2025 to 02.06.2025
b. Tender will be received on 03.06.2025 till 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 03.06.2025 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
d. The estimated cost mentioned above in sl. No.1 column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.
**Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 7004785102 may be contacted.**

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

PR 352883 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(25-26).D



**प्रपत्र–VI**
**गुमला समाहरणालय, गुमला ( भू–अर्जन शाखा )**
**समाहर्त्ता/अपर समाहर्त्ता–सह– समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा– 11(1) के अधीन)**

ज्ञापांक .................... भू0अ0 दिनांक ..............................

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि ग्राम– जरमाना, थाना– अलबर्ट एक्का, थाना सं0 – 173, अंचल– अलबर्ट एक्का, जिला– गुमला कुल– 0.527 एकड़ यानि– 0.21336 हे0 भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा परियोजना चैनपुर से जारी रोड मजबूतीकरण/निमार्ण कार्य योजना हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) ख के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम– जरमाना, थाना– अलबर्ट एक्का, थाना सं0– 173, अंचल– अलबर्ट एक्का, जिला– गुमला कुल– 0.527 एकड़ यानि– 0.21336 हे0 मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है:–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भू–खण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 | 25 | 0.06 | रैयती | दुखा लोहार वल्द सुना लोहार कौम लोहार साकिन देह हाल दखल खखरी लोहार वल्द ननदु लोहार वो मोसमात शधी जौजे ल्गनु लोहार कौम लोहार साकिन देह वहीसा बराबर। | 24 | सड़क | सड़क | 25 |
| 2 | 15 | 114 | 0.06 | रैयती | सत्येन्द सिंह पिता स्व0 पिताम्बर सिंह सीता देवी पति स्व0 रामकि [illegible]न सिंह ई [illegible]वर दयाल सिंह वो उपेन्द सिंह पिता स्व0 सुकरा सिंह देवनारायण सिंह पिता स्व0 भातनाम सिंह नवीन सिंह वो अरविन्द सिंह वो हरीहर सिंह पिता स्व0 रामलखन सिंह। | 113 | 116 | 114 | सड़क |
| 3 | 18 | 103 | 0.045 | रैयती | पीलू उरांव वल्द महली उरांव कौम उरांव साकिन टोगो। | टोगो | 104 | सड़क | 103 |
| 4 | 36 | 116 | 0.022 | रैयती | जेबेलियुस केरकेट्टा पिता स्व0 सावना उरांव मिखाएल केरकेट्टा पिता स्व0 फिरदीनंद उरांव। | 114 | 117 | 116 | सड़क |
| | | 86 | 0.03 | | | | | | |
| 5 | 40 | 101 | 0.08 | रैयती | हान्दी उरांव वो भोजा उरांव वो रतु उरांव वो झड़ी उरांव वो रूखा उरांव पेसरान इदनू महतो कौम उरांव साकिन देह। | 104 | 96 | सड़क | 101 |
| 6 | 41 | 106 | 0.23 | रैयती | जेवियर केरकेट्टा वो पौल केरकेट्टा पिता स्व0 अंधरियस उरांव। | तोगो | 118 | 106 | सड़क |
| कुल | | | 0.527 | | | | | | |

यदि अधिसूचना भू–अर्जन,पुर्नवास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा– 11 के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा– 12 में यथा उपबंधित एवं विनिदिष्ट कार्यो के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रतिश्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेदन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्य करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा– 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि का कोई विल्लंगन उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा– 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बावत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी गुमला। | अपर समाहर्त्ता गुमला। | उपायुक्त गुमला।

PR.NO.352911 Land Reforms(25-26):D

## फिर कोविड का कहर

करीब पांच साल पहले दुनिया भर को झिंझोड़ देने वाले घातक वायरस कोविड-19 के मामले एशिया के कई हिस्सों में एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर जैसे वित्तीय केंद्रों में संक्रमण में तेज वृद्धि देखी गई है, जबकि चीन और थाईलैंड की स्वास्थ्य एजेंसियां भी वायरस के उभार से जूझ रही हैं। पहले के अपेक्षाकृत स्थिरता वाले दौर के बावजूद वायरस की लहर ऐसे मौसम में देखी जा रही है जब आमतौर पर सांस संबंधी वायरस कम हो जाते हैं। हालांकि भारत में इस वायरस के मामलों में बढ़ोतरी का कोई रुझान नहीं दिख रहा है। स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय के आधिकारिक डैशबोर्ड के मुताबिक इस समय देश में कोविड-19 के केवल 93 सक्रिय मामले हैं। लेकिन इसके उलट हॉन्गकॉन्ग के स्वास्थ्य सुरक्षा केंद्र ने सार्वजनिक अलर्ट जारी किया है। बीते 3 मई को खत्म हुए सप्ताह में हॉन्गकॉन्ग में कोविड के 31 गंभीर मामले दर्ज किए गए। यह पिछले एक वर्ष के दौरान दर्ज की गई सबसे अधिक साप्ताहिक संख्या है। जांच के पॉजिटिव नतीजों में वृद्धि के अलावा स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सीवेज के नमूनों में वायरल सांद्रता भी बढ़ गई है। अस्पतालों और क्लीनिकों में मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। हॉन्गकॉन्ग के मशहूर गायक ईसन चान कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं, जिसके कारण ताइवान में उनके संगीत कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 3 मई को खत्म सप्ताह में कोविड-19 के मामलों में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जिसमें संक्रमण कि अनुमानित मामले बढ़कर 14,200 हो गए हैं। वायरस के कारण अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में भी लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि अधिकारियों ने वायरस के प्रसार का कारण लोगों में कम होती प्रतिरोधक क्षमता को बताया है।




**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पाकिस्तान कान खोलकर सुने, भारत का संदेश

ऑपरेशन सिंदूर और उसे अंजाम देने वाली भारतीय सेना ने देश के प्रत्येक नागरिक का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की इस कार्रवाई ने इसे ऐसे मुकाम तक पहुंचा दिया है कि भविष्य में पाकिस्तान और वहां बैठे आतंकी भारत पर हमला करना तो दूर उसकी ओर आंख उठा कर देखने का दुस्साहस भी ना कर सकेंगे। भारत सरकार ने शत्रु देश का काफी नुकसान करने के बावजूद अपनी सैन्य कार्रवाई को औपचारिक रूप से युद्ध का नाम नहीं दिया। बावजूद इसके हमारी सीमाओं के आसपास पड़ोसी देश के ड्रोन देखे गए। मिसाइलें गिराने की कोशिशें हुईं। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैन्य संसाधनों को हवा में ही नष्ट किया और शत्रु देश के अनेक एयरबेस उड़ाने में सफल रही। पाकिस्तान में संचालित आतंकियों के अनेक प्रशिक्षण केंद्रों को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में 100 से अधिक ऐसे आतंकवादी मारे गए, जो भारत सहित दुनिया की अनेक आतंकवादी घटनाओं में शामिल थे या फिर अनगिनत आतंकवादी घटनाओं के रणनीतिकार रहे।

भारत की जवाबी कार्रवाई में अनेक ऐसे लोग भी मारे गए जो पाकिस्तान सरकार और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर आतंकवाद की फैक्टरी चला रहे थे। भारतीय सेना की आक्रमकता को देखते हुए तत समय ही यह स्पष्ट हो गया था कि परिस्थितियां औपचारिक युद्ध के मार्ग पर कदम आगे बढ़ा चुकी हैं। इसी से भयाक्रांत पाकिस्तान के हुक्मरान अमेरिकी दरबार में ढोक लगाने को मजबूर हुए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच स्वस्फूर्त मध्यस्थता करने के लिए प्रयासरत दिखाई दिए। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी और तीनों सेनाओं के भारतीय प्रमुखों ने तत्काल यह स्पष्ट कर दिया कि यह विशुद्ध दो देशों के बीच का मामला है, इसमें भारत को किसी तीसरे देश की मध्यस्थता कतई स्वीकार नहीं।


यह बात भी स्पष्ट हो चुकी है कि पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और वहां के हुक्मरान भारत से सीज फायर की गुहार लगा चुके हैं। इसे भारत का बड़प्पन ही कहा जाएगा कि उसने पाकिस्तान की गिड़गिड़ाहट को नजरअंदाज नहीं किया। लेकिन हमारी सरकार और सेना ने इस बीच एहतियाती इंतजाम ढीले नहीं किए । यह बात साफ है कि पाकिस्तान अस्तित्व में आने के बाद से ही भरोसेमंद देश नहीं रहा है। इस बार भी



उसने गैर भरोसेमंद काम ही किया। एक ओर वह अमेरिका को माध्यम बनाकर भारत सरकार की बारगाह में सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाता रहा, तो दूसरी ओर उसने भारतीय सीमा के भीतर सशस्त्र ड्रोन भेजने की हिमाकत की।

कुछ और करता कुछ है।

जहां तक भारत से मुकाबले की बात है तो पाकिस्तान ने हमेशा मुंह की ही खाई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहे नए भारत की बात की जाए तो इसी



- राघवेन्द्र शर्मा

> सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान की अकल ठिकाने लगाई जा चुकी है। अब जब एक बार फिर पाकिस्तान ने अपनी नापाक हरकतों से जम्मू-कश्मीर की भूमि को रक्तरंजित किया, तो भारत का कोप उस पर कुछ ज्यादा ही भारी पड़ गया। इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुश्मन की नापाक हरकतों को ठीक तरह से एक्सपोज किया गया।

अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि शांति की गुहार लगाकर भारतीय सीमाओं में ड्रोन भेजने की स्थिति पाकिस्तान की सेना और वहां की चुनी हुई सरकार के बीच उठापटक मचने के चलते बनी होगी। पाकिस्तान का इतिहास रहा है, वहां के हुक्मरान अवाम की चिंता किए बगैर खुद की सलामती सुनिश्चित करने और अपना राजनीतिक उल्लू साधने में संलग्न रहते हैं। पाकिस्तान की सेना हमेशा इस ताक में रहती है कि कब सरकार गलती करे और कब उसका तख्ता पलट कर पाकिस्तान में सैन्य शासन स्थापित किया जाए। खैर, यह उनका अंदरूनी मामला है। हमारी सेना ने उन सभी ड्रोन को या तो हवा में ही नष्ट कर दिया या फिर उन्हें निष्क्रिय करके वापस पाकिस्तान की ओर भागने को मजबूर किया। यानी एक बार फिर सिद्ध हुआ कि पाकिस्तान कहता

कालखंड में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान की अकल ठिकाने लगाई जा चुकी है। अब जब एक बार फिर पाकिस्तान ने अपनी नापाक हरकतों से जम्मू-कश्मीर की भूमि को रक्तरंजित किया, तो भारत का कोप उस पर कुछ ज्यादा ही भारी पड़ गया। इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुश्मन की नापाक हरकतों को ठीक तरह से एक्सपोज किया गया। आसमान से मिसाइलों और सैन्य गतिविधियों की गड़गड़ाहट भले ही शांत पड़ गई हो, फिर भी प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं को इन परिस्थितियों से जोड़कर बनाए रखे। ठीक उसी तरह, जैसे भारतीय जनता पार्टी के लाखों पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण जनता के बीच पहुंचकर उन्हें पाकिस्तान पर की गई सैन्य कार्रवाई की उपलब्धियों से अवगत कराने जनता के बीच पहुंच रहे हैं।

एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमें और सजग रहना होगा, क्योंकि भारत समेत किसी भी देश में ऐसे तत्वों की उपस्थिति बनी रहती है जो हमारे बीच रहकर सुरक्षा संबंधी सूचनाओं को दुश्मन देश को भेजने का काम कर सकते हैं अथवा जाति संप्रदाय और समाज के नाम पर तनाव उत्पन्न करने के षडयंत्रों में लगे रहते हैं। सोशल मीडिया को ढाल बनाकर गलत अफवाहें फैलाना आज के युग में सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। इसलिए ऐसे तत्वों पर नजर रखनी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बारे में पुलिस अथवा प्रशासन को तत्काल इत्तिला करना हमारा कर्तव्य होता है और दायित्व भी।

हमारी मिसाइलों ने पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों के इर्द-गिर्द भी अपनी धमक पहुंचा कर यह बता दिया है कि भविष्य में किसी प्रकार की हिमाकत हुई तो वहां ऐसी कोई जगह शेष है ही नहीं होगी, जहां हमारे सैन्य आयुधों की पहुंच न हो सके। प्रधानमंत्री देश के नाम संबोधन में यह स्पष्ट कर दिया है कि अब यदि पाकिस्तान के साथ कोई बात होगी तो वह केवल पीओके और आतंकवाद के बारे में ही होगी। जिंदा बचे रह गए उन आतंकवादियों के बारे में होगी, जिन्हें वहां की सरकार और सेना ने अपने दागदार दामन में छुपा रखा है। उन्होंने ताकीद किया कि अब खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते । टेरर के साथ ट्रेड और टॉक को भी एक साथ नहीं चलाया जा सकता। गाहे ब गाहे परमाणु बम चलाने की दी जाने वाली धमकियों पर अब कोई गौर नहीं होगा और ना ही भविष्य में न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग सहन की जाएगी। केवल सैनिक कार्रवाई स्थगित हुई है, पाकिस्तान पर लागू शेष बंदिशें यथावत जारी रहेंगी।जहां तक ऑपरेशन सिंदूर की बात है तो खुद भारत सरकार और सेना स्पष्ट कर चुकी है कि यह खत्म नहीं हुआ है । अभी इसे केवल स्थगित किया गया है, यह देखने के लिए कि जान माल का भारी नुकसान उठाने के बाद भी पाकिस्तान की अकल ठिकाने आ गई है अथवा नहीं। जहां तक युद्ध के साथ बुद्ध को भी प्राथमिकता में बनाए रखने की बात है तो भारत एक जिम्मेदार देश है। पूरा विश्व भारत और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से काफी उम्मीद लगाए हुए है। अभी हम विश्व की पांच मुख्य अर्थ व्यवस्थाओं में से एक हैं। जल्दी ही दुनिया की तीन प्रमुख अर्थ व्यवस्थाओं में से एक का तमगा हासिल करना हमारा आगामी लक्ष्य है।

लेटर टू एडिटर

## ग्लोबल वार्मिंग का असर

यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**– जीवीएस शास्त्री, रांची**

## ट्वीट

**माननीय** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा पूज्य संत, पद्मविभूषित जगद्गुरु तुलसीपीठाधीश्वर रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज को संस्कृत भाषा व साहित्य के क्षेत्र में उनके अतुल्य योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'ज्ञानपीठ पुरस्कार-2023' से सम्मानित होने पर हृदयतल से बधाई!

आपका कालजयी रचना संसार वैश्विक साहित्य जगत के लिए अमूल्य धरोहर है।

आपका सम्मान संत परंपरा, भारत की साहित्यिक विरासत एवं राष्ट्रधर्म का सम्मान है।

**– योगी आदित्यनाथ**

# पृथ्वी से पार यात्रा और जीवन की जटिलताएं

विज्ञान

**अभिषेक कुमार**

ऐसे दौर में जब दुनिया की कई निजी कंपनियां अंतरिक्ष पर्यटन की अपनी योजनाओं को अमली जामा पहनाने के पराक्रम कर रही हैं, कुछेक पर्यटक अंतरिक्ष कही जाने वाली सरहदों को छूकर सकुशल धरती पर वापस लौट चुके हैं, सुनीता और बुच विल्मोर की कहानी पृथ्वी से पार यात्रा और जीवन की जटिलताओं की बानगी पेश करती है। यह मामला सिर्फ कोलंबिया और चैलेंजर शटल जैसे हादसों की स्मृतियों का नहीं है, बल्कि यह भी है कि अगर हम पृथ्वी के वायुमंडल से बाहर की दुनिया में कदम रखते हैं तो वहां लंबे समय तक टिके रहना और वापसी करना कितना मुश्किल है। अपनी किस्म की पहली उड़ान पर आईएसएस तक गए जिस बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को सुनीता और बुच के संग आठ दिनों में लौट आना था, उसका एक उद्देश्य यह था कि यह यान नियमित इस्तेमाल में कैसा प्रदर्शन करेगा। लेकिन पहली ही यात्रा में इसके प्रोपल्शन सिस्टम में हीलियम गैस की लीकेज और यान को गति देने वाले कुछ थ्रस्टर्स के बंद होने से नासा को यह जोखिम लेना उचित नहीं लगा कि दिक्कतें दे रहे यान से दोनों अंतरिक्षयात्रियों को वापस लाया जाए। बेशक, स्टारलाइनर बिना कोई सवारी लिए धरती पर वापस लौटा और उसकी सुरक्षित लैंडिंग भी हुई जिससे इस यान की क्षमता और योग्यता साबित हुई, लेकिन सुनीता और विल्मोर अनिश्चित काल के लिए आईएसएस पर अटक गए।

यूं तो आईएसएस पर यात्रियों के टिके रहने के कई कीर्तिमान बन चुके हैं। जैसे, नासा के यात्री पैगी व्हिटसन अलग-अलग यात्राओं के जरिए कुल 675 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। उनके अलावा जेफ विलियम्स (534 दिन), मार्क वंदे हेई (523), स्कॉट केली (520), शेन किम्ब्रू (388) और माइक फिन्के (382) दिन अंतरिक्ष में बिता चुके हैं। इनमें से एक ही बार में सबसे लंबी अवधि तक आईएसएस पर बने रहने का कीर्तिमान फ्रैंक रूबियो के पास है, जो वहां लगातार 371 दिनों तक वहां रहने के बाद 27 सितंबर 2023 को पृथ्वी पर वापस आए थे। उनके बाद मार्क वंदे हेई (355 दिन), स्कॉट केली (340), क्रिस्टीना कोच (328), पैगी व्हिटसन (289), एंड्रयू मॉर्गन (272), माइकल लोपेज-एलेग्रिया (215) और जेसिका मेयर (205) ने लगातार 6 महीने से अधिक समय आईएसएस पर बिताया है। लेकिन पूर्व योजना के तहत अंतरिक्ष में रहना और किसी समस्या या दुर्घटना के कारण वहां फंस जाना एक दूसरी बात है। ऐसी स्थितियां लंबे समय तक पहले कभी नहीं बनीं और इस मामले में सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर का नाम रिकॉर्ड्स में अलग ढंग से दर्ज होगा।

वैसे तो यह भी कोई कम जीवट का काम नहीं है कि किसी अनहोनी के कारण कोई यात्री अंतरिक्ष में फंस जाने के बाद भी खुद को वहां टिकाए रखे और निराश हुए बगैर तमाम गतिविधियों में खुद को उम्मीद के साथ व्यस्त रखे कि जल्द ही वापसी का कोई तरीका निकाल लिया जाएगा। इस मामले में इन दोनों यात्रियों ने अद्भुत जिजीविषा का परिचय दिया। जैसे, कई आशंकाएं जताई गईं कि आईएसएस पर फंसे होने के कारण सुनीता की सेहत खराब हो गई है, वजन गिर गया है, तो उन्होंने इन चिंताओं का जवाब दिया कि उनका वजन उनके आईएसएस पर आने के समय के जितना ही है। इन जवाबों से बड़े उत्तर इन्होंने आईएसएस पर इस दौरान किए प्रयोगों के जरिये दिए। नासा के मुताबिक इन नौ महीनों में सुनीता, बुच विल्मोर और आईएसएस पर मौजूद एक अन्य यात्री निक हेग ने साथ मिलकर 150 से ज्यादा वैज्ञानिक और तकनीकी परीक्षण किए उल्लेखनीय है कि यह लेख लिखे जाने तक आईएसएस पर मौजूद यात्रियों की कुल संख्या सात थी, जिनमें से चार अमेरिकी और तीन रूसी हैं। इसके अलावा आईएसएस के रखरखाव, मरम्मत और पुराने उपकरण बदलने जैसे कई अन्य काम किए गए। सुनीता के नाम एक रिकॉर्ड और दर्ज हुआ कि इस अवधि में उन्होंने साढ़े 11 घंटे तक स्पेसवॉक (आईएसएस से बाहर निकलकर अंतरिक्ष में चहलकदमी करना) की जिसे मिलाकर उनकी स्पेसवॉक की कुल अवधि 62 घंटे 9 मिनट हो जाती है। यह किसी महिला अंतरिक्ष यात्री द्वारा बनाया गया स्पेसवॉक का सबसे नया रिकॉर्ड है। अपने एक अन्य मिशन में सुनीता अंतरिक्ष में मैराथन भी पूरी कर चुकी हैं।

**सुनीता का भारत से जुड़ाव**

पूरी दुनिया आज सुनीता और विल्मोर को उनके अभूतपूर्व जीवट के लिए सराह रही है, लेकिन सुनीता विलियम्स से हमारा नाता कुछ अलग है। स्व. कल्पना चावला के बाद अंतरिक्ष में जाने वाली वह भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। जहां तक आईएसएस पर सुनीता के पदार्पण का सवाल है कि इससे पहले यह कारनामा वह दो बार कर चुकी हैं।

# बप्पा रावल चित्तौड़ का वीर और महान शासक

इतिहास

**अजय दीप वाधवा**

**इतिहास** की दृष्टि से राजस्थान अत्यंत समृद्ध राज्य है। यह राज्य पृथ्वीराज चौहान, राणा कुंभा, राणा सांगा और राणा प्रताप जैसे प्रतापी राजाओं का जन्म स्थान है जिन्होंने अपने पराक्रम से राजस्थान व भारत को विदेशी आक्रान्ताओं से बचाने में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इन्हीं वीर योद्धाओं में से एक थे बप्पा रावल जिनके डर से 400 वर्षों तक विदेशी आक्रमणकारियों ने भारत आने की हिम्मत नहीं दिखाई। बप्पा रावल को मेवाड़ के ह्यगुहिल वंशह्न का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। उन्होंने चित्तौड़ में मौर्य साम्राज्य का अंत करके गुहिल वंश की नींव रखी थी ।लेकिन वह राज्य को अपना नहीं मानते थे, बल्कि शिवजी के एक रूप ह्यएकलिंग जीह्न को ही उसका शासक मानते थे और खुद को उनका प्रतिनिधि। ऐसे में उन्होंने इसी तरह लगभग 20 वर्ष तक शासन किया। बप्पा रावल को मेवाड़ राजवंश के संस्थापक होने के साथ ही उन्हें हिन्दुआ सूरज से भी जाना जाता था।

बप्पा रावल ने करीब 25 साल तक चित्तौड़ पर शासन किया और कश्मीर, कन्धार, ईराक, ईरान, तुरान जैसे राज्यों को पराजित किया ।उनका पहला विवाह नागेन्द्र नगर की राजकुमारी से हुआ था। बप्पा रावल के समय के ऐतिहासिक प्रमाण बहुत कम मिलते हैं लेकिन एक बात स्पष्ट है कि उनके शासनकाल के दौरान उन्होंने विदेशी हमलावरों को कई बार ऐसी करारी शिकश्त दी कि अगले 400 वर्षों तक किसी भी मुस्लिम शासक की हिम्मत भारत की ओर आंख उठाकर देखने की नहीं हुई। कुछ इतिहासकारों के अनुसार ये माना जाता है कि सौ साल जीवित रहने के बाद बप्पा ने 810 ईस्वी में सन्यास ले लिया था और उसके बाद उनका देहांत मेवाड़ के ह्यनागदाह्न में हुआ। वहीं पर उनका समाधी स्थल भी बना हुआ है।

(कॉस्ट अकाउंटेंट)






कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### झारखंड कला सांस्कृतिक संघ का रामगढ़ महोत्सव 29 मई को



रामगढ़। किला मंदिर के प्रांगण में झारखंड कला सांस्कृतिक संघ की बैठक संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र कैंथ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 29 जून को होने वाले रामगढ़ महोत्सव के संबंध में जानकारी दी गई। वन दिवस एवं भव्य गंगा आरती दामोदर नदी तट रामगढ़ में बड़े ही धूमधाम से होगी। 5100 पौधों का वितरण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के तहत भव्य गंगा आरती और विभिन्न कार्यक्रम स्थानीय और देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जायगा। कार्यक्रम में जिलाभर के के लोगों से शामिल होने की अपील की गई। बैठक में बैनर और पोस्टर का विमोचन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से अमित सिन्हा, कमल बगडिया, नंद किशोर गुप्ता, डॉ संजय सिंह, मनोज मंडल, रमेश प्रसाद, शैलेन्द्र ठाकुर, आनंद सिन्हा, मनोज पंडा, व्यास शर्मा, संघ के सचिव धर्मेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष रितेश दास, अभय पॉल, सूरज जायसवाल, शमी दास, रवि वर्णवाल, अजय सिंह, चंदन चौधरी, शंकर ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वट सावित्री पूजा 26 मई को



रामगढ़। चित्रपुर सह महादेवी दुर्गा मंदिर मंदिर के पुजारी सनुज कुमार पांडे ने सोमवार को कहा कि वट सावित्री व्रत को लेकर महिलाओं में संशय की स्थिति बनी हुई है। इस दिन महिलाएं वट सावित्री का पूजन कर अपने अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार वट सावित्री का व्रत ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या को मनाया जाता है। सनुज कुमार पांडे ने कहा कि 26 मई को दिन 10:54 बजे से अमावस्या तिथि आरंभ होगा। जो 27 मई को प्रातः 8:32 बजे तक रहेगा। ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष जिस दिन संध्याकालीन अमावस्या रहे उसी दिन वट सावित्री का व्रत किया जाता है

### कुजू में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



कुजू। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा कुजू ट्रांसपोर्ट से शुरू होकर कुजू चौक, कुजू बस्ती, डटमा मोड़ पहुंचा। इस दौरान यात्रा में शामिल नेताओं व कार्यकताओं ने वन्दे मातरम, भारत माता की जय, भारतीय सेना जिन्दाबाद के नारा लगाया। मौके पर रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत सिन्हा, तोकेश सिंह ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम आपरेशन सिंदूर की गूंज के साथ कुजू मे निकाली गई तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति वीरता का जीवंत उत्सव है। तिरंगा यात्रा में पूर्व महामंत्री खिरोधर प्रसाद साहू, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा, दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता रॉक, काशीनाथ महतो, रतन प्रसाद साहू, रवि साहू, डिंपल प्रजापति, धनंजय सिंह, संजय महतो,खुशीलाल महतो, दिनेश्वर साहू, गिरधारी महतो, संजय अग्रवाल, हरेंद्र सिंह, कृष्णा तिवारी, राजेश प्रसाद कुशवाहा, राजेश प्रसाद साहू, विवेक गुप्ता, विपिन गुप्ता, दशरथ प्रसाद केशरी, सुखदेव सोनी, प्रकाश केशरी, बालगोविंद बेदिया, सुधीर सिंह, संजीत कुमार, सूरज महतो, पंचीत महतो, महेश महतो,सुदीप मेहता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### सौंदा बस्ती में खो-खो प्रतियोगिता



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा बस्ती पारटांड ग्राउंड में रविवार को रामगढ़ जिला खो-खो संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय सब-जूनियर बालक एवं बालिकाओं की चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के आधार पर 15 बालक एवं 15 बालिकाओं का चयन किया गया, जो आगामी राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में रामगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। संघ के सभी पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष राहुल कुमार, सचिव प्रकाश ओझा सहित सदस्यों में कवि मुंडा, ऋतिक मुंडा, अजित मुंडा, अजीत महतो, जीतराम मुंडा, सुजय कालिंदी, आनंद तिग्गा, अभय मुंडा एवं आशीष कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

### अरूण सिन्हा से मिलीं अंबा प्रसाद



रामगढ़। बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने सोमवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा से सिन्हा मार्केट स्थिति उनके आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। पूर्व विधायक ने कहा कि श्री सिन्हा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता होने के साथ साथ काफी अनुभवी भी हैं। कहा कि इनका अनुभव हमारे लिए महत्वपूर्ण है अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं हमेशा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिलकर उनका मार्ग दर्शन लेती रही हूं। क्योंकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का अनुभव हमारे लिए अहम होता है। मौके पर वैश्य समाज के नंदकिशोर गुप्ता, अजीत जायसवाल, शिव शंकर साहू, बलराम साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# खाई में गिरी बस, छह घायल

## पटना से हजारीबाग आ रही राज श्री बस पदमा में दुर्घटनाग्रस्त

### बस को चला रहा था खलासी

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जिले के पदमा ओपी थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच-33 पर पटना से हजारीबाग आ रही राज श्री नामक बस अचानक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। इस दुर्घटना में करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए हैं, जिनमें से दो से तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद बस चालक फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों और यात्रियों के अनुसार, बस को एक खलासी चला रहा था, जिससे लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी नीरज कुमार ने बताया कि बस मालिक भरत सिंह को फोन करने के बावजूद वे अब तक मौके पर नहीं पहुंचे। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायलों में श्रीराम सिंह, मनी कुमार और नीरज कुमार के पिताजी व बहन शामिल हैं। नीरज ने आरोप लगाया कि बस मालिक ने घायल यात्रियों की सुध नहीं ली और मुआवजे की कोई बात नहीं की। घटनास्थल पर पहुंची पदमा ओपी थाना पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और मामले की जांच में जुट गई।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, बस के खलासी द्वारा वाहन चलाने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बस चालक और खलासी की खोजबीन शुरू कर दी है। यात्रियों और उनके परिजनों ने दुर्घटना के लिए, मुआवजे की मांग भी की है। स्थानीय लोग ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।



# दो महिला समेत छह गिरफ्तार

## बड़कागांव में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश

खबर मन्त्र संवाददाता

बड़कागांव (हजारीबाग)। दो साल तक जिस्मफरोशी का गोरखधंधा खुलेआम चलता रहा और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। आखिरकार स्थानीय दबाव और लगातार मिल रही सूचनाओं के बाद पुलिस की नींद टूटी और सूर्य मंदिर रोड स्थित एक होटल में छापेमारी कर दी गई। इस दौरान पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें दो ग्राहक, होटल मालिक और एक दलाल शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह सेक्स रैकेट पिछले दो वर्षों से संचालित हो रहा था। पुलिस और उनके खुफिया तंत्र की नाकामी का आलम यह था कि इस धंधे का जाल धीरे-धीरे पूरे इलाके में फैलता गया और पुलिस बेखबर बनी रही। इस कार्रवाई में पुलिस ने रंगे हाथों आपत्तिजनक हालत में लड़के-लड़कियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस ने जांच की दिशा और तेज कर दी है।

**शहर में भी फल-फूल रहा गोरखधंधा :** बड़कागांव का यह खुलासा महज एक बानगी है। हजारीबाग शहर में भी सिंघानी फोरलेन की कई होटलों में यह धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हर दिन बंगाल से लड़कियां लाकर इन होटलों में रखी जाती हैं और एक-दो दिन बाद उन्हें वापस भेज दिया जाता है। यहां तक कि रशियन लड़कियों की भी सप्लाई होने लगी है। सूत्र बताते हैं कि सिंघानी फोरलेन के होटल मालिक हर महीने संबंधित थाना को मोटी रकम नजराने के रूप में पेश करते हैं। ना तो स्थानीय नेता इस पर कुछ बोलते हैं और ना ही पुलिस सख्त कार्रवाई करती है। ऐसे में जब-तब दिखावे के लिए छापेमारी होती है और मामला रफा-दफा कर दिया जाता है। क्या इस बार भी बड़कागांव की कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाएगी या पुलिस इस गोरखधंधे की जड़ तक पहुंचेगी?

### बरही : सड़क हादसे में दो युवक घायल

बरही। सोमवार को बरही थाना क्षेत्र के देवचंदा मोड़ के पास सड़क पर मवेशी से टकराने के बाद बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में पांचमाइल में स्थित भद्रकाली होटल का एक कर्मी और पास में स्थित एक टायर पंचर दुकानदार शामिल हैं। दोनों एक बाइक से बरही चौक से वापस पांचमाइल लौट रहे थे, इसी बीच दुर्घटना हुई। घायलों को बरही अनुमंडल अस्पताल में भर्ती किया गया। जिसमें गंभीर रूप से घायल एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में रोहन तुरी का 30 वर्षीय पुत्र शंकर तुरी व बिहार वैशाली जिला के उमेश राय का 35 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार यादव शामिल है।

# बड़कागांव में राजस्व उप निरीक्षक तीन हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

खबर मन्त्र संववाददाता

बड़कागांव। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), हजारीबाग ने सोमवार को बड़कागांव अंचल कार्यालय के राजस्व उप निरीक्षक प्रहलाद मांझी को तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, एसीबी, हजारीबाग के निर्देशन में गठित ट्रैप टीम द्वारा की गई। टीम में एक दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र सरकारी गवाह शामिल थे। मामले की शुरूआत बड़कागांव थाना क्षेत्र के महुदी गांव निवासी बकाउल्लाह खान की शिकायत से हुई। उन्होंने अपनी भूमि के एलपीसी निर्गत कराने के लिए आवेदन दिया था। इस प्रक्रिया में राजस्व कर्मचारी प्रहलाद मांझी ने पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगी। वादी ने इस अवैध मांग की शिकायत एसीबी, हजारीबाग से की। जांच में तीन हजार रुपये की रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद ट्रैप योजना बनाई गई। सोमवार को प्रहलाद मांझी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मूल रूप से नालंदा, बिहार का निवासी है और वर्तमान में सुरेश कॉलोनी, हजारीबाग में रह रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसीबी ने मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



### जवाहर घाट में गिरी बोलेरो दो की मौत और दो घायल

बरही। बरही थाना क्षेत्र के जवाहर घाट में सोमवार सुबह बोलेरो (24बीएच7398) गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान झुमरी तिलैया निवासी राजेंद्र स्वर्णकार के पुत्र राहुल स्वर्णकार एवं दिलीप चंद्रवंशी के पुत्र आशीष कुमार के रूप में हुई है। सौरभ कुमार और संदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राहुल स्वर्णकार अपने दोस्तों आशीष कुमार, सौरभ और संदीप कुमार के साथ बीती रात कोडरमा से एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। राहुल स्वर्णकार अपने सभी दोस्तों के साथ कोडरमा लौट रहे थे, तभी बोलेरो अनियंत्रित होकर जवाहर घाट में गिर गई। हादसे में घायल सौरभ और संदीप किसी तरह बोलेरो का शीशा तोड़कर पानी से बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल एवं बरही थाना प्रभारी आभास कुमार मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से उक्त वाहन को डैम से बाहर निकाला। बरही पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

### रोटरी क्लब निःशुल्क देगा कृत्रिम हाथ : प्रवीण शर्मा



भुरकुंडा। रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ निःशुल्क कृत्रिम हाथ देगा, जिनके हाथ नहीं हैं। इच्छुक लाभार्थियों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी, एक फोटो और संपर्क नंबर 25 मई तक देना होगा। इसके बाद उन्हें रामगढ़ भेजा जाएगा, जहां उनकी जांच और नाप लिया जाएगा। रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने मोबाइल नंबर 9431153736 और 9431153720 पर संपर्क करने की अपील की।

# बारिश से मौसम हुआ सुहाना



रजरप्पा। बढ़ती गर्मी से लोगों को सोमवार को बारिश से राहत मिली। पिछले एक-दो दिनों से रजरप्पा कोयलांचल के लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल लग रहे थे। दोपहर में बारिश के बाद लोगों को राहत मिली है। मौसम में आए बदलाव से क्षेत्र वासियों ने राहत महसूस की है। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली-सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे।

### वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक घायल

बरही। देवचंदा मोड़ के पास हाइवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। घायल युवक जिले के इचाक बाजार निवासी संतोष मेहता का 27 वर्षीय पुत्र सागर कुमार है।सागर कुमार ने बताया कि वह किसी काम से अपनी बाइक से इचाक से बरही जा रहा था, इसी दौरान पीछे से अज्ञात वाहन धक्का मार कर भाग गया।

# भुरकुंडा : प्राचीन शिव मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

खबर मन्त्र संवाददाता

- ऐतिहासिक मंदिर में बरामदा, फर्श, मंडप व बाउंड्री वॉल का होगा निर्माण
- शिवभक्तों ने तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील



भुरकुंडा (रामगढ़)। कोयलांचल क्षेत्र भुरकुंडा स्थित नलकारी नदी तट पर नीचे धौड़ा में विराजमान प्राचीन शिव मंदिर का होगा जीर्णोद्धार। रविवार को मंदिर परिसर में शिवभक्तों और ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें मंदिर की बदहाल स्थिति को देखते हुए व्यापक स्तर पर मरम्मत और विकास कार्य करवाने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता संजीत राम और संचालन विजय राम ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मंदिर के जर्जर हो चुके बरामदे और फर्श का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर की बाउंड्री वॉल निर्माण, परिसर का सौंदर्यीकरण, पेड़-पौधे लगाने तथा मंडप निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। बताया गया कि इस शिव मंदिर का निर्माण वर्ष 1965 में हुआ था और यह भुरकुंडा क्षेत्र के सबसे पुराने और श्रद्धेय मंदिरों में से एक है। मंदिर की विशेषता यह है कि यहां त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश एक साथ विराजमान हैं, जो धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत दुर्लभ है। साथ ही मंदिर परिसर में सूर्य भगवान की प्रतिमा भी स्थापित है, जो इसे और अधिक आध्यात्मिक महत्व प्रदान करती है। मंदिर समिति और उपस्थित लोगों ने मंदिर के जीर्णोद्धार में तन, मन और धन से सहयोग की करने की अपील की, ताकि यह ऐतिहासिक धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रह सके। प्राचीन धरोहरों के संरक्षण की दिशा में शिवभक्तों का यह कदम न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने की एक सराहनीय पहल भी है। आने वाले समय में यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का अटूट केंद्र बनेगा। बैठक में पंसस दीपक भुईयां, पंसस प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, आजाद भुईयां, दीपक कुमार, मनोज भुईयां, योगेंद्र करमाली, राजेश राम, अमित सागर, सखीचंद, अरूण राम, बबलू कुमार, कैलाश करमाली, प्रभु करमाली, नारायण करमाली, महादेव राम, रविंद्र करमाली, विजय करमाली, मोहन करमाली, शंकर राम, सागर कुमार, आनंद कुमार, अजय कुमार, बिरजू कुमार सहित कई शिवभक्त उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ विधायक रोशन लाल चौधरी ने की बैठक



बड़कागांव। बड़कागांव और केरेडारी में लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को ग्रामीण जनता झेल रहे थे। जिसे लेकर विधायक रोशन लाल चौधरी ने हजारीबाग के विद्युत आपूर्ति अंचल कार्यालय में सोमवार को ईएसई अशोक कुमार उपाध्याय,ईईई सुब्रोत बनर्जी, एसडीई अमित कुमार के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को विधायक रोशन लाल चौधरी ने सख्त निर्देश दिया कि बिजली की आपूर्ति में किसी प्रकार की कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी क्षेत्र में जले या खराब ट्रांसफार्मर, जर्जर एवं पुराने तारों की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित होता है इसे अविलंब 24 घंटे के अंदर बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल करे। बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड कृषि प्रधान क्षेत्र है और यहां पर ग्रामीण कृषि करके ही अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। इसके साथ- साथ दुकानदारों और छात्र-छात्राओं को भी बिजली नहीं होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मैं विद्युत आपूर्ति को लेकर काफी चिंतित हूं अगर जल्द से जल्द इसे ठीक नहीं किया गया तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव,केरेडारी आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा सहित कई मौजूद थे।

### मुख्य पथ पर अवैध बोरिंग को ले ग्रामीणों में आक्रोश



कटकमदाग। सलगावां गांव में मुख्य पथ पर किए गए अवैध बोरिंग को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि सुनील कुमार गुप्ता पिता मुंशी गुप्ता ने सार्वजनिक रास्ते पर बोरवेल कर दिया, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया है। इससे गांव के लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। इस मामले को लेकर गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से बोरिंग बंद कराने की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि बोरवेल के कारण गंदगी फैल रही है और आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत सदस्य गंगा साव, वार्ड सदस्य तरुण कुमार और संजय कुमार ने कटकमदाग थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस अवैध बोरिंग को हटवाया जाए और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मामले को लेकर पुलिस जांच कर रही है और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### कोल्हूआकला में युवक ने किया विषपान, रेफर

बरही।सोमवार को बरही थाना अंतर्गत कोल्हूआकला गांव का 22 वर्षीय एक युवक दीपक पासवान ने विषपान कर लिया।परिजनों ने तत्काल उसे बरही अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। युवक का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### प्राथमिक शिक्षकों को जल्द मिले पदोन्नतिः अतिकुज्जमा

हजारीबाग। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो अतीकुज्जमां ने जिले में सेवारत प्राथमिक शिक्षकों की लंबित पदोन्नति को लेकर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि ग्रेड-3 और ग्रेड-4 में पदोन्नति के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा उठाए जा रहे कदम असंतोषजनक है। ग्रेड-4 में पदोन्नति के लिए वरीयता सूची का प्रकाशन बीते सात फरवरी को किया गया था। इस प्रकाशित सूची के विरुद्ध दावा आपत्ति के लिए अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई थी। लेकिन दो महीने से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी सूची का प्रकाशन नहीं किया जाना शिक्षकों के असंतोष का मुख्य कारण है। कहा कि पदोन्नति की आस में शिक्षक सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं। जिले के अधिकांश मध्य विद्यालयों में पदोन्नति वाले ग्रेड-4 के पद रिक्त हैं। इसके कारण सरकारी विद्यालयों में बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं। जो निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा कानून के तहत बच्चों के मौलिक अधिकार का हनन है। उन्होंने सभी औपचारिकताओं को जल्द पूरी करते हुए पदोन्नति वाले ग्रेड -4 पदों को भरे जाने की मांग की है।

### बड़कागांव : कर्णपूरा कॉलेज में सेमिनार

बड़कागांव। कर्णपुरा महाविद्यालय में सोमवार को भूगोल विभाग द्वारा प्रो. रंजीत प्रसाद के द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय झारखंड के प्राकृतिक संरक्षण में आदिवासियों का योगदान (एक भौगोलिक अध्ययन) सेमिनार की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो. कीर्तिनाथ महतो ने की वहीं उन्होंने कहा कि आदीवासी प्रारंभ से ही झारखंड के प्राकृतिक संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि आदिवासी किस प्रकार से हमारे जल, जंगल ,जमीन की रक्षा कर रहे हैं इस पर अध्ययन किया जाए। प्रो.रंजीत प्रसाद ने बताया कि आदिवासी अपने रीति रिवाज,पर्व त्योहार, नृत्य कला, चित्रकला,गीतों आदि के माध्यम से प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए हमें जागरुक करते रहते हैं। जिसमें हमें उनका सहयोग करने की आवश्यकता है। सेमिनार में प्रो.मोहम्मद फजरूद्दीन,प्रो. लालदेव महतो,प्रो. सुरेश कुमार,प्रो. नरेश कुमार दांगी, प्रो.रामकिशोर दांगी, प्रो.ऋतुराज दास,प्रो. पवन कुमार,प्रो. चंद्रशेखर राणा,प्रो. अनु कुमारी,प्रो. ललिता कुमारी,संवीर कुमार सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### वज्रपात से असधीर में युवक की मौत

कटकमसांडी। हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के असधीर गांव में सोमवार शाम वज्रपात की चपेट में आने से 23 वर्षीय राजू कुमार यादव की मौत हो गई। राजू अपने मायापुर स्थित खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत उसे हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता शिवपाल यादव ने सांसद मनीष जायसवाल को सूचित किया। सांसद की सक्रियता से उनके प्रतिनिधि रंजन चौधरी तुरंत अस्पताल पहुंचे और तत्काल पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंपा। इस दौरान भाजपा नेता किशोरी राणा ने कटकमसांडी सीओ से शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की। मृतक राजू कुमार यादव शादीशुदा था और उसके पीछे एक मासूम बच्चा है। उसकी असमय मौत से गांव में मातम छा गया है।

### पूर्व मुखिया व पंसस प्रतिनिधि ने बांटा बैग-यूनिफॉर्म

बरही। बसरिया पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया में मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप व पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास ने 208 स्कूली बच्चों के बीच बैग व पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान हरेंद्र गोप ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें समय पर स्कूल आने, साफ-सफाई पर ध्यान देने, स्कूल यूनिफॉर्म में आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। कामेश्वर रविदास ने कहा कि शिक्षा के बिना यह जीवन पूर्णतया अधूरा है। शिक्षा ही वह साधन है जो व्यक्ति को सफल व महान दोनों बनाती है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दशरथ कुमार, प्रबंधन समिति अध्यक्ष रेखा देवी, शिक्षक सुखदेव, दिनेश प्रसाद, ब्रह्मदेव पासवान सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक होम्योपैथिक डॉक्टर के इंजेक्शन देने के बाद युवक की हुई मौत

# आक्रोशित परिजनों ने किया क्लीनिक का घेराव

- एक नाम से तीन अलग-अलग क्लीनिकों को किया जा रहा संचालित
- डॉक्टरी के अलावे झाड़फूंक भी करते हैं चिकित्सक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब रोड में महावीर पिंडा के सामने ओम होमियो हॉल के नाम से चल रहे एक होमियोपैथिक क्लीनिक के एक डॉक्टर के द्वारा सुई लगाने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय छोटेलाल मेहता पिता बंधन मेहता बेहराडीह निवासी के रूप में की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार छोटेलाल मेहता रविवार की रात्रि लगभग 8 बजे डोमचांच बाजार से अपने घर बेहराडीह लौट रहे थे, इसी बीच रास्ते में महेशपुर-कुदरा पुल के बीच मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे उनके शरीर पर हल्की चोटें आईं। इसके बाद वे बेटे व भतीजे के साथ ढाब रोड के महावीर पिंडा के सामने स्थित ओम होमियो हॉल पंहुचे, जहां डॉ. केडी प्रसाद नामक चिकित्सक ने घायल व्यक्ति को एक के बाद एक, चार इंजेक्शन लगा दिए। जिसके बाद क्षण भर में ही घायल छोटेलाल मेहता ने दम तोड़ दिया।

**घटना के बाद परिजनों ने किया क्लीनिक का घेराव :** छोटेलाल मेहता की मृत्यु के उपरांत मृतक के परिजन सोमवार की सुबह डॉ केडी प्रसाद के क्लिनिक का घेराव किया और न्याय की मांग की। घेराव की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ओम प्रकाश, एएसआई कमलनाथ तांती, सुबोध पाठक आदि पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर डॉक्टर को पुलिस हिरासत में लेकर डोमचांच थाना ले आई है।

**एक नाम से तीन अलग-अलग क्लीनिक को किया जा रहा संचालित :** उक्त डॉक्टर द्वारा तीन अलग-अलग नामों से अलग-अलग क्लीनिक व एक्सरे को संचालित कर चलाया जा रहा है। जिसमें ओम एक्सरे, ओम होमियो हॉल एवं ओम फिजियोथैरेपी सेंटर शामिल हैं, जिसका बोर्ड भी बाहर लगा हुआ देखा जा सकता है।

**डॉक्टरी के अलावे झाड़फूंक भी करते हैं चिकित्सक :** इधर स्थानीय लोगों की मानें तो उक्त डॉक्टर न सिर्फ मरीज का इलाज करते हैं, बल्कि दवा से सुधार नहीं होने पर झाड़फूंक भी करते हैं। लोगों ने बताया कि पहले ये ढाब में अपना क्लिनिक चलाते थे। वहां भी किसी मरीज का इन्होंने गलत इलाज कर दिया था। जिसके पश्चात वहां के ग्रामीणों के विरोध के बाद इन्होंने अपना क्लिनिक डोमचांच के ढाब रोड में खोलकर पिछले कई वर्षों से इसे संचालित करते आ रहे हैं।

### सिविल सर्जन ने क्या कहा

इधर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि उन्होंने डोमचांच रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ आशीष को उक्त क्लिनिक की जांच के लिए भेज दिया है। इधर सिविल सर्जन द्वारा भेजे गए डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि जांच में यह बातें सामने आई कि उक्त डॉक्टर का न तो सर्टिफिकेट सही है और न ही उनके क्लिनिक का स्वास्थ्य विभाग से रजिस्ट्रेशन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा इसकी सूचना सिविल सर्जन को दे दी गई है।

### थाना प्रभारी ने क्या कहा

थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने मामले को लेकर कहा कि चिकित्सक को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। चिकित्सा के द्वारा अपने होमियोपैथी चिकित्सक होने का सर्टिफिकेट दिया जा रहा है, जिसको जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग कोडरमा को सौंप दिया गया है। परिजनों द्वारा आवेदन दिया जाता है तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। डोमचांच के ग्रामीणों के द्वारा अक्सर शिकायतें मिलती रही हैं। डॉक्टर झाड़ फूंक के नाम पर भी लोगों से पैसे ऐंठने का काम करता है।

## सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का उद्घाटन आज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के तारा टांड़ बाईपास रोड स्थित नवनिर्मित श्री श्री 1008 शिव परिवार एवं राम दरबार हनुमान प्राण प्रतिष्ठात्मक सप्त दिवसीय महायज्ञ 19 मई से 25 मई चलेगा। 20 मई को कलश यात्रा का उदघाटन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज करेंगे। यज्ञ में 19 मई को मंगल पाठ, पंचांग पूजन, नवग्रह प्रवेश एवं संकल्प, आरती, 20 को कलश यात्रा, अभिषेक, अर्चन, आरती, 21 से 22 मई को वेदपाठ, देवी-देवताओं का आह्वान, अनुष्ठान, हवन, 23 को हनुमान प्राण प्रतिष्ठा, संध्या आरती, 24 को हवन, पूर्णाहुति, भंडारा, 25 को कलश विसर्जन, संत सत्संग, आरती होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, उपाध्यक्ष शिवशंकर उर्फ शंभु वर्मा, महामंत्री सुरेश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष राजू रवानी ने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अंतर्गत कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक दिन का कार्यक्रम सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा। 23 मई से सभी भक्तों के लिए नि:शुल्क भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य प्रवचनकर्ता के रूप में अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश से प्रज्ञा शुक्ला होंगे। वहीं कथा वाचक के रूप में आचार्य बसंत शास्त्री से लोग कथा रस का आनंद लेंगे।

## विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल को बोर्ड ऑफ ओपन स्कूलिंग एंड स्किल एजुकेशन से संबद्धता प्राप्त



**कोडरमा।** विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल को स्टडी सेंटर के लिए बोर्ड ऑफ ओपन स्कूलिंग एंड स्किल एजुकेशन बोर्ड से संबद्धता प्राप्त हुआ है। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि वर्तमान में ओपन स्कूलिंग एंड एजुकेशन के डिमांड को देखते हुए व जिले के विद्यार्थियों को इसकी सुविधा प्रदान करने हेतु पिछले कई महीनों से प्रयासरत थे, जिसकी सफलता कल हमें मिली, जब स्कूल को उक्त बोर्ड से संबद्धता का पत्र प्राप्त हुआ। वहीं उन्होंने कहा अब जिले व इस क्षेत्र के विद्यार्थी को विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल कैंपस से ही ओपन बोर्ड से दसवीं, बारहवीं (विज्ञान, वाणिज्य व कला) में न्यूनतम शुल्क में नामांकन लेकर पढ़ाई कर सकते हैं। परीक्षा की सुविधा विद्यालय में ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावे स्किल एजुकेशन से संबंधित कई शॉर्ट टर्म वोकेशनल व टेकनिकल कोर्सेस की भी सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें उम्र की कोई सीमा नहीं होती है, जिसके फलस्वरूप रेगुलर छात्र के अलावे नौकरी पेशे वाले, व्यवसाई व अन्य क्षेत्रों में कार्यरत कर्मी भी ऑनलाइन के माध्यम पढ़ाई पूरी कर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। वहीं प्रधानाचार्य राधेश्याम पंडित ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस बोर्ड के माध्यम से हम बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाएंगे। वहीं उन्होंने कहा ईश्वर व अपने गुरुजनों के आशीर्वाद से शिक्षा के क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ पाएं। संबद्धता मिलने से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

## नाबालिग लड़की से जबरन दुष्कर्म करने के आरोपी को 25 साल सश्रम कारावास की सजा

**कोडरमा।** डरा-धमका एवं मारपीट कर नाबालिग लड़की से जबरन दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह स्पेशल पोक्सो जज गुलाम हैदर की अदालत ने सोमवार को आरोपी 29 वर्षीय संजय कुमार उर्फ संजय यादव पिता सुरेंद्र यादव, पिपराडीह, बेकोबार कोडरमा निवासी को पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 25 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 25 हजार जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 450 आईपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 7 साल सश्रम कारावास एवं 6 हजार जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 323 आईपीसी के तहत 6 माह कारावास की सजा सुनाई, सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामला वर्ष 2023 का है। इसे लेकर कोडरमा थाना में नाबालिग लड़की ने मामला दर्ज कराया था। थाना को दिए आवेदन में नाबालिग लड़की ने कहा था कि घर में जब कोई नहीं होता है तो वह छत के सहारे घर में घुसकर उसके साथ मारपीट कर जबरन दुष्कर्म करता है और उसके शरीर के कई हिस्सों में दांत से काट दिया है, और धमकी दी है कि किसी को बताओगी तो घर के सभी सदस्यों को जान से मार देंगे। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए 25 साल सश्रम कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

# संदिग्ध अवस्था में एसबीआई के खजांची का शव बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक के पीछे दादी जी अपार्टमेंट के सामने स्थित मुरली सिन्हा नामक व्यक्ति के एक मकान से सोमवार को एक व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद किया गया। बताते चलें कि उक्त शव की पहचान चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत एसबीआई बैंक में बतौर खजांची पद पर कार्यरत विकास कुमार की है। बताते चलें कि विकास कुमार उक्त मकान में बतौर किराएदार रह रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार विकास कुमार उक्त मकान में अपनी पत्नी व एक पुत्री के साथ रहते थे। उनकी पत्नी व पुत्री 5 दिन पूर्व ही मायके गई हुई थी। इधर सोमवार को जब बैंक के स्टाफ द्वारा लगातार कई बार विकास को फोन लगाया गया तो विकास द्वारा फोन रिसीव नहीं किए जाने के पश्चात एक बैंक कर्मी उनके घर पहुंच गए, यहां आकर जब उन्होंने विकास को आवाज लगाई तो उनके द्वारा दरवाजा नहीं खोला गया। जिसपर उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने इसकी सूचना बैंक के वरीय अधिकारियों को दी। जिसके पश्चात इसकी सूचना तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार को दी गई। मामले की जानकारी देते हुए तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि हमें सूचना मिलने के पश्चात हमने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए एक मैजिस्ट्रेट की मांग की, जिसके पश्चात मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उक्त आवास का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया। जब हमलोग अंदर प्रवेश किए तो देखा कि विकास कुमार अपने बाथरूम में गिरे पड़े थे और उनकी मौत हो चुकी थी। इसके पश्चात हमने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। इधर मृतक की पत्नी व परिवार के अन्य सदस्य कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल है।

**रविवार को ही मृत होने का संदेह :** इधर विकास के भाई सोनू कुमार ने बताया कि उनके भाई से आखिरी बार रविवार को अपराह्न करीब 3 बजे बात हुई थी। उसके बाद रात को 8 बजे जब उन्हें फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। फिर सोमवार की सुबह भी उन्हें फोन किया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जिसके पश्चात करीब 11 बजे हमें बैंक कर्मियों द्वारा फोन कर झुमरीतिलैया बुलाया गया, यहां पहुंचने पर पता चला कि उनकी मृत्यु हो गई है। उन्होंने बताया कि इनके भाई को डायबिटीज, बीपी सहित कुछ अन्य बीमारियां भी थीं, जिसका इलाज चल रहा था।

**छह महीने पूर्व ही चंदवारा एसबीआई ब्रांच में लिया था प्रभार :** बताते चलें कि विकास मूलतः बिहार शरीफ (बिहार) के रहने वाले थे। अभी छह महीने पूर्व ही उन्होंने चंदवारा में बतौर खजांची के रूप में प्रभार ग्रहण किया था।

# करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां, बच्चों, महिलाओं और युवाओं को शिक्षित बनाने का माध्यम बनेगी करुणा : रामधन यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां का शुभारंभ सोमवार को जिला समाहरणालय परिसर कोडरमा में जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नागेंद्र सिंह, प्रकाश रंजन, इंदरवा पंचायत मुखिया उमा देवी, हेमंती कुमारी, बाल पंचायत मुखिया एवं महिला मंडल के सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर कारवां को रवाना किया। संस्था का उद्देश्य यह संदेश देना था कि करुणा के माध्यम से सभी तरह की समस्याओं का समाधान संभव है। यदि करुणामय गांव बनेगा, लोग करुणामय होंगे, तो बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण, बाल विवाह जैसी अनेक सामाजिक बुराइयों का खात्मा हो जाएगा।

नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने बाल मित्र ग्राम की संकल्पना की थी। बाल मित्र ग्राम अभियान की शुरूआत राजस्थान में सुमेधा कैलाश सह संस्थापक, सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन ने पहली नींव बाल मित्र ग्राम पापड़ी में डाली थी। जहां हर बच्चा सुरक्षित, शिक्षित और शोषण से मुक्त है। यह पहल बच्चों की लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास है।

करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां के शुभारंभ समारोह में बड़ी संख्या में बाल मित्र ग्रामों से ग्रामीणों, बच्चे, महिला मंडल, युवा मंडल, बाल मित्र ग्राम समिति के सदस्यों तथा बाल पंचायत के सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां का शुभारंभ समारोह का संचालन पूर्व बाल पंचायत मुखिया सह वर्तमान बाल अधिकार कार्यकर्ता निकिता कुमारी ने की। कार्यक्रम के दौरान हेमंती कुमारी बाल पंचायत मुखिया, चैराही, ने कहा कि मैं पहले स्कूल न जाकर खेतों में काम करती थी, लेकिन बाल मित्र ग्राम के तहत बाल पंचायत से जुड़कर नियमित विद्यालय जाती हूं, सामूहिक प्रयास से 60 बच्चों को बाल मजदूरी से छुड़ाकर शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया हूं।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन के साथ मिलकर हर एक विभाग और हितधारक समूह इस जागरूकता कार्यक्रम को सहयोग करेंगे, इसका सुखद परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा।

वहीं जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां, बच्चों, महिलाओं और युवाओं को शिक्षित, स्वस्थ और सुरक्षित बनाने का माध्यम बनेगी, हम सभी को मिलकर इसके लिए सामूहिक सहयोग करने की आवश्यकता है। बाल मित्र ग्राम कारवां का जत्था प्रचार प्रसार करेगा तो इसका बेहतर प्रभाव देखने को मिलेगा। हमारा निरंतर सहयोग रहा है, और आगे भी बना रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन से वरीय कार्यक्रम प्रबंधक फैज अहमद, जिला समन्वयक सुरेंद्र पंडित, विवेक जादव, शिव कुमार, अमित, राजू, संदीप, कृष्णा, अमन, सुनील, बाल पंचायत सदस्य प्रियंका कुमारी, करिश्मा कुमारी, अमन कुमार, आरती कुमारी, रितिका कुमारी, प्रीति कुमारी, चमेली देवी, कविता देवी, रेणु देवी, मुन्नी देवी सहित अन्य प्रतिभागियों की अहम भूमिका रही।

# सेना के ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकली तिरंगा यात्रा

- हंटरगंज में तिरंगा यात्रा निकालकर देश के रक्षा में लगे सैनिकों का किया गया सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज/चतरा।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की एकता-अखंडता के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरुण चौरसिया के नेतृत्व में सोमवार को हंटरगंज में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जहां प्रखण्ड के सैकड़ों प्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी लोगों ने यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर की पूरी कहानी बताई। कार्यक्रम के दौरान पूरे प्रखण्ड मुख्यालय हंटरगंज का माहौल देशभक्तिमय हो गया। सबने भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत हंटरगंज प्रतापपुर मोड़ से हुई, जो गोदोबार, हंटरगंज मेन बाजार हंटरगंज-चतरा मुख्य पथ से होती हुई हंटरगंज ब्लॉक मोड़ तक पहुंची। इस दौरान सैकड़ों लोगों के भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से पूरा हंटरगंज बाजार गूंज उठा। भाजपा प्रखण्ड मण्डल अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक बैनर के साथ इस तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। जिस प्रकार बीते कुछ दिनों में भारत की सशस्त्र सेनाओं के शौर्य के बल पर पाकिस्तानियों के आतंकवाद के ठिकाने उड़ाए। सैनिकों के मान सम्मान और उनके मनोबल को ऊंचा करने का कार्य तिरंगा सम्मान तिरंगा यात्रा के माध्यम से किया जा रहा है। यात्रा में भाजपा मण्डल कोषाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, भाजपा नेत्री गायत्री साहू, भाजयुमो प्रखण्ड अध्यक्ष गुंजित सिंह, भाजपा प्रखण्ड महामंत्री नरेंद्र यादव, अप्पू कुमार आर्य, देवकुमार पासवान, पवन सिंह, सिकेंद्र सिंह, गुड्डू साव, सुबल पांडे, संतोष कुमार गुप्ता आदि प्रखण्ड के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पत्थलगड़ा में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**पत्थलगड़ा/चतरा।** भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार के नेतृत्व में सुभाष चौक से पत्थलगड़ा गुजरी गेट होते हुए भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा में स्कूल-कॉलेज के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने भी गर्व से जश्न मनाया और तिरंगा यात्रा में भाग लिया। वहीं तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री व पत्थलगड़ा प्रभारी मिथिलेश गुप्ता उपस्थित रहे। भाजपाइयों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना के सम्मान में प्रखंड अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि देश के वीर जवानों के शौर्य, ऊर्जा एवं वीरता ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं पीएम के कुशल नेतृत्व में पाकिस्तान स्थित आतंकियों के कई ठिकानों पर घुसकर सीधे सीने पर वार कर देश के वीर जवानों ने सैकड़ों आतंकियों को मारकर पाकिस्तान को घुटने पर लाकर अपने बहनों के सिंदूर का बदला लेने वाले ऐसे पीएम एवं वीर जवानों पर गर्व किया। तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपाइयों ने पाकिस्तान-मुर्दाबाद, हिंदुस्तान-जिंदाबाद, पाकिस्तान होश में आओ, का नारा लगाते रहे। इस मौके पर भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गिद्धौर में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय में आपरेशन सिंदूर की सफलता तथा सेना के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में निकाली गई। तिरंगा यात्रा मुख्य चौक से निकल कर ब्लॉक मोड़ होते पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान भाजपाइयों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, पाकिस्तान होश में आओ, भारत माता की जय, वंदे मातरम समेत कई नारे लगा रहे थे। साथ ही मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि ऊर्जा एवं वीरता ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं पीएम के कुशल नेतृत्व में पाकिस्तान स्थित आतंकियों के कई ठिकानो पर घुसकर सीधे सीने पर वार कर देश के वीर जवानों ने आतंकियों को मार कर पाकिस्तान को घुटने पर लाकर अपने बहनों का सिंदूर का बदला लेने वाले ऐसे पीएम व वीर जवानों को सलाम करते हैं। तिरंगा यात्रा के मौके पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील राणा, प्रसादी पासवान, संतोष कुमार दांगी, विकास कुमार पांडेय, महादेव दांगी, राजेश कुमार राजू, उमेश यादव, प्रेमचंद यादव, बिनोद दांगी, यशवंत दांगी, ब्रजेश सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### सिंघानी पंचायत में जन चौपाल, शिक्षा और फाइलेरिया पर हुई चर्चा



**पत्थलगड़ा/चतरा।** सिंघानी पंचायत में मुखिया राधिका देवी की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर अक्षय सिंह, पीओसीडी मंजर अली और शिक्षा विभाग के सीआरसी अनंत कुमार मौजूद थे। चौपाल में अक्षय सिंह ने पंचायत में शून्य ड्रॉपआउट यानी सभी बच्चों के स्कूल में नामांकन को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पंचायत और समुदाय के सहयोग से यह संभव है कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे और सभी को शिक्षा का लाभ मिले। वहीं मंजर अली ने फाइलेरिया जैसी बीमारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर जागरूकता और सावधानी से इससे बचा जा सकता है। उन्होंने इसकी रोकथाम के लिए जरूरी उपाय भी बताए। मुखिया राधिका देवी ने कहा कि पंचायत को फाइलेरिया से मुक्त बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे और सभी लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। इस मौके पर कई ग्रामीणों और पंचायत के लोगों ने भाग लिया, जिनमें प्रकाश राणा, हरीश दांगी, गिरधारी राणा, विकास कुमार, भीम दांगी, राजेश दांगी, सतीश कुमार, रूबी कुमारी और बिंदु देवी शामिल थे।

### स्वास्थ्य सहिया चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के बरटा पंचायत में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वास्थ्य सहिया के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया बेबी देवी ने की। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम समन्वयक उदय सरण ने स्वास्थ्य सहिया चयन की प्रक्रिया की जानकारी दी। ग्राम सभा में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 4 आवेदनों को जांच के बाद बाहर कर दिया गया। बाकी बचे 8 आवेदनों पर आगे निर्णय लेने के लिए संबंधित अधिकारी उन्हें साथ ले गए। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मारूफ खान, आशीष पाठक, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव, वार्ड सदस्य मुकेश दास, शंकर दांगी, विकास दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अवैध बालू ले जा रहा ट्रैक्टर जब्त, बालू माफियाओं में मचा हड़कंप



**पत्थलगड़ा।** थाना क्षेत्र के मेराल पंचायत के मेरमगड्डा गांव में सोमवार को अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर को प्रशासन ने जब्त किया। यह कार्रवाई पत्थलगड़ा अंचल अधिकारी उदल राम और थाना प्रभारी राकेश कुमार की संयुक्त टीम ने की। ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था, लेकिन उसका इंजन नंबर ख07506 और चेचिस नंबर 926113145546 दर्ज किया गया है। ट्रैक्टर की ट्रॉली में करीब 100 सीएफटी अवैध बालू लदा हुआ था। जब्त ट्रैक्टर को पत्थलगड़ा थाना लाया गया और इस मामले में थाना कांड संख्या 17/25 के तहत केस दर्ज किया गया है। कार्रवाई के दौरान आईआरबी के कई पुलिस जवान भी मौजूद थे। ट्रैक्टर जब्त होने की खबर फैलते ही बालू के अवैध कारोबार में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने ऐसे अवैध कार्यों पर आगे भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### ग्रामसभा में आंगनबाड़ी सहायिका का किया गया चयन



**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड के गेरुआ पंचायत के जावादोहर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में सोमवार को ग्रामसभा कर आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सहायिका का चयन किया गया। चयन प्रकिया गेरुआ पंचायत समिति सतेंद्र भारती की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन हुआ। पर्यवेक्षिका माधवी सिन्हा ने बताया कि संपन्न चुनाव में सहायिका पद के अभ्यर्थी प्रियंका कुमारी का चयन किया गया। जबकि सहायिका के लिए प्राप्त आवेदन में चार अभ्यर्थियों आरती कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुनीता कुमारी, सबिता कुमारी ने अपना-अपना मूल दस्तावेज प्रस्तुत किया। मूल दस्तावेज जांचने के उपरांत अंकप्रमाण पत्र के आधार पर सर्वसम्मति से प्रियंका कुमारी का चयन आंगनबाड़ी सहायिका पद पर संपन्न हुआ। इस दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अरूण कुमार मुंडा भी शामिल थे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रंजन कुमार यादव, राजेश दास, संडे भुईयां, राजू भुईयां, बसंत भुईयां आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बाल विवाह सामाजिक समस्या हम सभी को मिलकर रोकने की जरूरत : अरुण ओझा



**कोडरमा।** रुपायडीह पंचायत भवन जयानगर में सोमवार को चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिफेंस काउंसिल सह अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा, विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता रीना कुमारी एवं अधिवक्ता कीर्ति कुमारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है, जिसे हम सभी को मिलकर दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह करना या कराना या उसमें शामिल होना कानूनन दंडनीय अपराध है, इसकी रोकथाम करना हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। इसके दोषियों को दो साल तक की सजा एवं एक लाख रुपये तक का जुर्माना है। इसकी रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत, शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविकाएं, बाल संरक्षण समिति सहित बाल विवाह निषेध पदाधिकारी की जवाबदेही सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की सूचना ग्राम पंचायत, पुलिस प्रशासन, बाल विवाह निषेध पदाधिकारी को कर सकते हैं। उन्होंने पोक्सो एक्ट, दहेज प्रताड़ना, कन्या भ्रुण हत्या पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर गणपत यादव, चंदन बरनवाल, शिवकुमार मोदी, डॉ सुरेश कुमार, डॉ अमरदीप कुमार, कुंदन कुमार, पीएलबी दिनेश रजक, रिया कुमारी, अशोक कुमार, चमेली शर्मा, रेखा देवी सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

### 7 आंगनबाड़ी केंद्रों का किया गया भौतिक सत्यापन: जिला समाज कल्याण पदाधिकारी



**कोडरमा।** सतगावां प्रखंड में चयनित 42 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में से 7 केंद्रों का भौतिक सत्यापन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा किया गया। सत्यापन के दौरान आधारभूत सुविधाओं का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। जिसमें भवन केंद्र का संरचनात्मक स्थिति, छत, फर्श, वेंटिलेशन आदि की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान भवन की स्थिति, चालू एवं स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पेयजलहेतु चापाकल की उपलब्धता, बाल दीवार लेखन, शिक्षण एवं खेल सामग्री की उपस्थिति तथा बाल विकास चार्ट जैसे सक्षम मानकों की जांच की गई। इन बुनियादी बिंदुओं के अतिरिक्त कनक तिर्की ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार की गुणवत्ता, प्री-स्कूल शिक्षा की व्यवस्था, साफ-सफाई, पोषण में छूट ट्रैकर का नियमित अद्यतन, प्राथमिक उपचार बॉक्स की उपलब्धता तथा समुदाय की भागीदारी जैसी प्रमुख सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की भी गहन समीक्षा की। साथ ही, केंद्रों के साक्षरता दीवार, बाल विकास चार्ट, पोषण पंजी एवं खेल-शिक्षा के सामग्री की उपयुक्तता का भी निरीक्षण किया।

स्पीड न्यूज

## जब तक सरना कोड लागू नहीं हो जाता कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी : चैतु उरांव



**गुमला।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने सामेवार को सरना कोड को लेरि स्थानीय परिसदन में प्रेस कान्फ्रेंस किया। मौके पर उरांव ने जिले के तमाम आदिवासी समुदाय से आह्वान करते हुए कहा कि 26 मई को जनगणना कॉलम में सरना कोड की मांग को लेकर राजभवन रांची के समक्ष धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आहुत किया गया है। इस कार्यक्रम में सरना कोड लागू करने हेतु आप सब अपनी पूरी सहभागिता दिखाएं। उन्होंने कहा कि भारत के अन्य समुदाय और विभिन्न धर्मो के मानने वाले लोगों का अपना अलग-अलग कोड है। लेकिन विडंबना यह है कि भारत की एक बड़ी आबादी आदिवासी जो सरना कोड का मांग वर्षों से करते चले आ रहे हैं। विभिन्न पार्टी के लोग आदिवासी समाज से वोट लेकर इस कार्य को लटका कर रखे हैं और सरना कोड नहीं होने से कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे समाज के लोगों की पहचान धूमिल हो रही है। अपने सांस्कृतिक धार्मिक पहचान खोते चले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों झारखंड सरकार द्वारा सरना कोड लागू करने हेतु प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार और राष्ट्रपति को भेजा जा चुका है। उसके बावजूद भी केंद्र की सरकार इसे लागू नहीं कर रही जो खेद का विषय है। हमारी राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता देश के धड़कन बन चुके राहुल गांधी ने जिस तरह आवाज बुलंद कर जाति आधारित मतगणना कराने हेतु जीत हासिल की है। इस प्रकार कांग्रेस पार्टी सरना कोड लागू करने में भी कोई कोर कसर संवैधानिक तरीके से लागू करने में पीछे नहीं रहेगी और जब तक यह मांग पूरी नहीं होती तब तक कांग्रेस पार्टी की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए कांग्रेस पार्टी खासकर गुमला जिला के तमाम आदिवासी संगठनों समाज के प्रबुद्ध लोगों से गांव गांव जाकर यह अपील किया जा रहा है कि हम सब एकजूट होकर इस लड़ाई को लड़े और जीत हासिल करें। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामनिवास प्रसाद खुर्शीद आलम मिनहाजुद्दीन आदि उपस्थित थे।

## जारी प्रखंड के सड़क किनारे व साप्ताहिक हाटों में होती है हड़िया व देशी शराब की बिक्री



**जारी।** जारी प्रखंड में इन दिनों नशाखोरी का आलम अपने चरम पर है। जारी में नशाखोरी इतनी बढ़ गई है कि इसकी चपेट में किशोर वर्ग, युवा वर्ग, वृद्धि और यहां तक की महिलाएं भी आ गयी हैं। देसी जावा महुआ शराब व हड़िया खुलेआम सड़क किनारे बेची जा रही है। शराब का सेवन से किशोर वर्ग और युवा वर्ग का भविष्य गर्त की ओर जा रही है तो दूसरी ओर वृद्ध और महिलाओं द्वारा शराब का सेवन से परिवारिक अंतर कलह अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई है। हालांकि ऐसा बात नहीं है कि प्रखंड में शराब की खरीद बिक्री की जानकारी स्थानीय प्रशासन को नहीं है। लेकिन ऐसा लोगों पर प्रशासनिक कोड़ा नहीं चल रहा है। प्रखंड के साप्ताहिक बाजार में खुलेआम शराब की बिक्री होती है। वही साप्ताहिक लगने वाली बाजार में सोमवार के दिन गोविंदपुर बाजार में, जारी बाजार में और शनिवार को कितम और भिखमपुर बाजार में हड़िया व शराब की बिक्री की जाती है। कई लोग अपने मेहनत की कमाई शराब पर लूटा देते हैं। जिसे परिवार का खर्च नहीं चल पाता है और वह घरेलू कलह की वजह बन जाती है।

## शंख नदी में पुल निर्माण कार्य आरंभ होने से ग्रामीणों में दिखी खुशी



**गुमला।** झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के बैनर तले ढाई साल से शंख नदी में पुल बनाने हेतु आवाज बुलंद किये जाने के बाद नदी में पुल निर्माण कार्य आरंभ हुआ। इधर पुल निर्माण से डुमरी प्रखंड और चैनपुर के लोग खुश हैं। पुल बन जाने से बरसात के समय होने वाले आवागमन की परेशानी खत्म हो जाएगी। क्योंकि बच्चे बरसात के दिनों में नदी पर पानी भर जाने पर जान जोखिम में डालकर स्कूल आते-जाते थे। इसलिए बच्चे बहुत खुश थे। प्रतिज्ञा महिला एसोएिशन की जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने पुल निर्माण कार्य आरंभ होने पर उपायुक्त व विधायक भुषण तिर्की के प्रति अभार जताया है। देवकी देवी ने कहा कि पुल निर्माण की मांग को लेकर कई बार ग्रामीणों के साथ मिलकर रोड जाम किया था और डीसी का घेराव किये थे। अब पुल का निर्माण कार्य पूरे गुणवत्ता के साथ हो क्योंकि पुल की मांग लंबे समय से ग्रामीण कर रहे थे।

# घाघरा : ग्रामीणों ने सीओ को ज्ञापन सौंपकर पहनई जमीन के दाखिल खारिज को निरस्त करने की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता

### गड़बड़ी पाये जाने पर न्याय संगत कार्रवाई होगी : साओ



सीओ आशीष मंडल से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले को लेकर के ग्रामीणों के द्वारा आवेदन मिला है। आवेदन के आलोक में हम लोग मामले को गंभीरता से जांच करेंगे और अगर गड़बड़ी पाई गई तो निश्चित रूप से न्याय सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के छोटा अजियातु के ग्रामीणों ने सोमवार को अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल को ज्ञापन सौंपकर अवैध तरीके से दाखिल खारिज हुए जमीन को निरस्त करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा है कि करमा उरांव पिता स्वर्गीय रामजु उरांव व बिगन उरांव पिता स्वर्गीय एतवा उरांव ग्राम छोटा अजयातु ने अवैध रूप से गांव के पहनई जमीन को दाखिल खारिज कर लिया है जो गलत है। जबकि आदिवासी उरांव समाज में भूइहरी पहनई जमीन को पूर्वजों द्वारा पहान पुजार के लिए दिया गया है। इस जमीन का ना तो लगान कटता है और ना ही खरीद बिक्री किया जा सकता है। यह जमीन एक तरह से गांव के लिए सेवा भूमि है। गांव में जो लोग सेवा देते है पूजा पाठ करते हैं। वे लोग इस जमीन को जोत कोड़ करते हैं और यह प्रक्रिया हर पांच साल या तीन वर्ष के लिए होता है। परंतु करमा उरांव व बिगन उरांव ने अवैध रूप से अंचल को गुमराह कर जमीन का दाखिल खारिज करा लिया है। यहां बता दे की छोटा अजयातु गांव का पिछले अप्रैल 29 तारीख को सरहुल पर्व था पर इस विवाद के कारण अभी तक गांव में सरहुल पर्व भी नहीं मनाया गया है। ग्रामीणों ने आवेदन में बताया है कि खाता संख्या 105 प्लॉट संख्या 210, 211, 359, 360, 361, 265, 568, 569, 673, 674, 676 व 678 का टोटल 5 एकड़ 70 डिसमिल जमीन को उक्त दोनों व्यक्ति के द्वारा गलत तरीके से दाखिल खारिज कर लिया गया है। ग्रामीणों ने सीओ से इस दाखिल खारिज को निरस्त करने का आग्रह किया है। इस मौके पर जोगेंद्र उरांव, मांगा उरांव, धुरी, सुरेंद्र, प्रसाद उरांव, सावंती देवी, पार्वती देवी व कई लोग मौजूद थे।

# नपा के सफाईकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा में कार्यरत सफाईकर्मी 3 महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए। शहरी क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 27 टन कचरा का उठाव इन सफाईकर्मियों द्वारा किया जाता है अब हड़ताल में चले जाने से शहर में कचरा उठाव पूरी तरह ठप हो जाएगा जिससे आम लोगो की परेशानी बढ़ने वाली है। वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाईकर्मियों ने झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंख और एक्टू मजदूर संघ के बैनर तले प्रदर्शन कर शहर में आक्रोश मार्च निकालकर वेतन भुगतान जल्द करने का मांग किया है। सभी सफाईकर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने से शहरी क्षेत्र में कचरा उठाव वाहन ठप हो गया है। सफाईकर्मियों ने बताया नगर परिषद द्वारा प्राईवेट कंपनी को टेंडर दिया गया है लेकिन नगर परिषद से कंपनी को भुगतान होने के बाद भी सफाईकर्मियों को तीन महीने से वेतन नहीं दिया गया है बार बार कंपनी द्वारा सफाईकर्मियों के साथ इसी तरह का व्यहार किया जाता साथ ही वेतन नहीं मिलने से घर का राशन और बच्चो के पढ़ाई में भी परेशानी आ रही है जिससे परेशान होकर सभी सफाईकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं जबतक हमारी बकाया वेतन का भुगतान नहीं होता है तबतक हड़ताल पर रहेंगे।

वही मामले पर नगर परिषद ने बताया एजेंसी को मार्च तक भुगतान कर दिया गया है लेकिन एजेंसी सफाईकर्मियों को क्यों भुगतान नहीं किया है इसके लिए एजेंसी को पत्रचार किया जाएगा एजेंसी से वातार्लाप किया जाएगा।

# मजदूरों का अब नहीं होगा शोषण, इंटक यूनियन उन्हें दिलायेगी न्याय : आलोक

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने गुरदरी माइंस का दौरा किया। इस दौरान गुरदरी पंचायत भवन में मजदूरों एवं ग्रामीण का एक बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में मजदूरों ने बताया कि हिंडालको कंपनी जमीन मालिकों के साथ शोषण कर रही है। जमीन के आधार पर काम नहीं दे रही है। जमीन मालिकों का जमीन समतलीकरण नहीं कराया जा रहा है। बहुत से जमीन मालिक जिसके पास ट्रक है उसे नंबर नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है ।हिंडाल्को एवं परचेजर के द्वारा वन विभाग से बॉक्साइट के उत्खनन किया जा रहा है। संत बिहानी उच्च विद्यालय में हिंडाल्को शिक्षकों का पैसा नहीं दे रही है जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग किये। आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा में पहली बार इंटक यूनियन का गठन किया गया है जिसमें मुझे इंटक का अध्यक्ष बनाया गया है। मजदूर राष्ट्र शक्ति होता है और देश के विकास में मजदूरों को बहुत बड़ा योगदान होता है। इंटक यूनियन की शाखा पूरे देश में है। इंटक यूनियन ही ऐसा मजदूर संगठन है जो मजदूरों को सच्चा हितैषी है। आप लोग कांग्रेस पार्टी के अनुषांगिक इकाई इंटक यूनियन का सदस्य बनिए आपकी सारी समस्याओं का निदान किया जाएगा। इंटक इंडियन हिंडालको एवं मजदूरों के बीच सेतु का काम करेगी। मजदूरों का जो हक है उसे कंपनी को देना होगा।

### गुमला डीसी ने निरासी पंचायत के जमटी गांव का किया दौरा, योजनाओं का निरीक्षण करते हुए कहा

# समस्याओं का निदान करें अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणों से बैठक कर समस्या सुनते डीसी कर्ण सत्यार्थी।

**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को बिशुनपुर प्रखंड के निरासी पंचायत के जमटी गांव के बुकी कोना टोला का दौरा किया। इस सुदूरवर्ती गांव में पहड़िया जाति के लगभग 15 परिवार रहते हैं। इस दौरान डीसी ने गांव में आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया एवं ग्रामीणों से संवाद कर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि गांव में आधारभूत सुविधाओं की कमी है। गांव में सड़क की समस्या है। कच्ची सड़क है। जिससे कि बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। इसके साथ ही यहां एक भी जलमीनार या चापाकल नहीं है। जिससे कि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या होती है। गांव में बिजली की भी समस्या है। पोल लगा हुआ है। लेकिन उसमें अबतक तार और कनेक्शन नहीं दिया गया। इन सभी समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने यथाशीघ्र सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने पेंशन योजना, आवास निर्माण से जुड़ी समस्याओं को भी साझा किया। डीसी ने इन समस्याओं के समाधान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विशेष रूप से अधूरे आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया। जॉब कार्ड के सम्बन्ध में भी ग्रामीणों से जानकारी ली गई। गांव के लोग जीविकोपार्जन हेतु बांस के उत्पाद सूप, टोकरी, झाड़ू इत्यादि बनाते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों का उत्साहवर्धन करते हुए डीसी ने कहा कि यहां के कारीगरों को बांस उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिलवाया जायेगा। जिससे कि ग्रामीणों को बेहतर अवसर मिल सकेगा और वह बांस उत्पाद को और अच्छा बना पाएंगे। राशन वितरण को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि डाकिया योजना के तहत सभी परिवारों को उनके अंतिम पड़ाव तक राशन पहुंचाया जाए। इसके अलावा, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों द्वारा गांव में एक तालाब व चेकडैम निर्माण कराने का आग्रह किया। महिला और शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए डीसी ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की अपील की और मातृ वंदना योजना तथा जननी शिशु योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि की जानकारी दी।

## जैरागी गांव में अज्ञात लोगों ने बोलेरो वाहन को फूंका



**गुमला।** डुमरी प्रखंड के जैरागी गांव में रविवार देर रात करीब 12:00 बजे एक सनसनीखेज घटना सामने आयी। जहां अज्ञात असामाजिक तत्वों ने संजय साहू के बोलेरो गाड़ी में आग लगा दी। घटना के समय पूरे गांव में बिजली नहीं थी। जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार बोलेरो गाड़ी संजय साहू के घर के बाहर खड़ी थी। अचानक रात में आग की लपटें उठने लगी। जिससे आसपास के ग्रामीणों की नींद टूट गई। लोग घरों से बाहर निकलकर जब तक कुछ समझ पाते, तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शरारती तत्वों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा रहा है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव में इस घटना को लेकर डर और चिंता का माहौल है। संजय साहू और ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### छः दिवसीय स्व. अशोक वर्मा स्मृति नाईट क्रिकेट कार्निवल का हुआ शुभारंभ

## थंडर वोल्ट की टीम ने टीसीसी जूनियर को 47 रनों से हराया

>> बढ़ते नशापान और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से आयोजित है प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** गुमला में बढ़ते नशापान और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से छः दिवसीय स्व. अशोक वर्मा स्मृति नाईट क्रिकेट कार्निवल का शुभारंभ रविवार देर रात तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में हुई। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच थंडर वोल्ट व टीसीसी जूनियर के बीच हुई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए थंडर वोल्ट की टीम निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुसकान पर 79 रन बनाये। टीम की ओर से कुंदन उरांव ने 30 रन व सुनील कुमार ने 20 रन बनाये। वहीं टीसीसी की ओर से अनिकेत ने 11 रन पर तीन विकेट और शुभम ने 2 विकेट लिये। जवाबी पारी खेलने उतरी टीसीसी जूनियर की टीम निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट पर 32 रन ही बना सकी। थंडर वोलट की टीम 47 रन से जीत हासिल की। दूसरा मैच ड्रीम वारियर्स व सदर 11 के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए ड्रीम वारियर्स की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में संजीव के 68 व रौनक के 32 रन के सहारे 120 रन बनायी। जवाबी पारी खेलने उतरी सदर 11 की टीम 7.3 ओवर में अपने सभी विकेट खोर 28 रन पर ढेर हो गई। ड्रीम वारिसर्य की टीम 92 रन से जीत हासिल की। टीम

## पीएम किसान सेच्युरेशन कम्पैन शिविर का आयोजन



कैरो। अंचल कार्यालय के निर्देशानुसार सोमवार को पंचायत भवन सढ़ाबे में पीएम किसान सेच्युरेशन कम्पैन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कई गांव के किसान उपस्थित हुए। हालांकि शिविर में कोई आवेदन जमा नहीं हुआ किन्तु पीएम किसान सम्मान योजना के लाभुकों को योजना का लाभ और उसके सही उपयोग करने को लेकर बताया गया। मौके पर उप मुखिया जगबन्धन भगत, पंचायत सचिव जग्गू उरांव, सीएससी संचालक मृत्युंजय तिवारी, राजेन्द्र यादव, आदित्य यादव, संदीप रविदाश, मुन्ना राम, चिंतामणि देवी, राधा, ललिता भगत इत्यादि मौजूद थे।

## मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

कुडू, लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र में मारपीट के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि अवैध बालू को लेकर पुलिस के द्वारा छापेमारी की गई थी। मौके पर कोलसिमरी घाट पर कोलसिमरी निवासी अमित महतो का बालू से लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया था। मौके पर दोबा बरटोली निवासी सिकंदर अंसारी की मदद से पुलिस ने बालू लादे ट्रैक्टर को नदी से निकालकर कुडू थाना लाया गया। घटना के एक दिन बाद सिकंदर अंसारी एवं उनके पुत्र आरिफ अंसारी और रमजान अंसारी के साथ कोलसिमरी निवासी प्रमोद पासवान, सुबोध गोप, मिथिलेश भंडारी, अमित महतो, बीरेंद्र यादव एवं नदी नगड़ा निवासी भीम उरांव, दिनेश यादव समेत अन्य लोगों के द्वारा मारपीट किया गया एवं मोबाइल लूट लिया गया। मामले को लेकर सभी अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रमोद महतो, मिथिलेश एवं अमित महतो को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बाइक से गिरकर तीन लोग गंभीर रूप से घायल



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के पुटो गांव में बाइक से गिरकर दो युवक सहित एक युवती घायल हो गई। घायलों में तिलसीरी गेरेटोली निवासी आकाश तिर्की, अजय उरांव, सबीना किंडो के नाम शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। घायल के गंभीर अवस्था को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया। जहां चिकित्सक द्वारा तीनों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार आकाश, अजय,सबीना सहित एक अन्य युवती तिलसीरी गेरेटोली से बाइक पर सवार होकर घाघरा आ रहे थे। इसी क्रम में पुटो के समीप बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## जेएससीए की नयी टीम से उम्मीद : रमेश

गुमला। झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के नये अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव के बनने पर गुमला के खेल प्रेमियों और विभिन्न संगठनों के लोगों में हर्ष है। चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने शाहदेव सहित अन्य चयनित सदस्यों को बधाई दी है। साथ ही आशा जताई है कि नई टीम क्रिकेट प्रेमियों के लिए नई उम्मीद लेकर आई है। निश्चित अब क्रिकेट का विस्तार होगा और यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिमा का प्रदर्शन कर सकेंगे। जेएससीए खेल नगरी गुमला की प्रतिमा को भी निखारने के लिए प्रतियोगिता आयोजित करेगी। जिससे कि खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिल सके।

## वेश-बस्ता प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी हुए सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



सफल विद्यार्थी के साथ शिक्षकगण।

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को आयोजित वेश-बस्ता प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को विद्यालय परिवार ने सोमवार को सम्मानित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, मंजू देवी, राजीव सिंह, श्याम सुंदर कुमार, अमन कुमार, विकास भारती एवं अनीता देवी ने संयुक्त रूप से सफल भैया-बहनों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार दिया। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि आज प्रतियोगिताओं का दौर है और छोटी एवं बड़ी प्रतियोगिताओं का अपना महत्व है, इसलिए प्रत्येक भैया-बहनों को ऐसी प्रतियोगिताओं में तत्परता के साथ भाग लेना चाहिए और प्रतियोगिताओं में सफलता होने का अभ्यास करना चाहिए। प्रत्येक वर्ष विद्या भारती विद्यालय में यह प्रतियोगिता कक्षा षष्ठ से दशम के लिए आयोजित होती है। प्रतियोगिता में भैया- बहनों के वेश की स्वच्छता, बस्ते का रखरखाव, पुस्तक और कॉपियों की जिल्द, जलपान, डायरी तथा अन्य पाठ्यक्रम सामग्रियों का निरीक्षण किया जाता है। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त भैया -बहनों को पुरस्कृत किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन अनीता देवी और मंजू देवी ने किया।

## भारत माला परियोजना को लेकर 21 को ग्रामीण करेंगे मुखिया का घेराव

**गुमला।** गुमला प्रखंड के घटगांव पंचायत के ग्रामीणों ने 21 मई को स्थानीय मुखिया सूरजमुनी उरांव के आवास का घेराव करने का फैसला लिया है। जिसको लेकर सदर अनुमण्डल पदाधिकारी को सूचना दी गई है। दिये गये आवेदन पत्र में ग्रामीणों ने कहा है कि वे भारत माला परियोजना के खिलाफ लम्बे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं। लेकिन मुखिया का झुकाव ग्रामीणों की ओर न होकर एनएचएआई की ओर अधिक है। यही नहीं उन्होंने जन भावनाओं के विपरित जाकर काटासारू में सड़क निर्माण कम्पनी को शेल्टर बनाने के लिए अपनी जमीन भी मुहैया करवा दिया है। इसलिए उनके काटासारू स्थित आवास को घेर कर विरोध दर्ज कराया जायेगा। ज्ञापन में सुधीर टोप्पो, बिरसो देवी, पुनिता उरांव, वंशी उरांव, चमरा उरांव, मंगरी उरांव, अनिता टोप्पो, पुनम कुमारी,बीरू उरांव, रजनी तिर्की सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

# खेलो झारखंड, सुब्रतो फुटबॉल कप व नेहरू हॉकी प्रतियोगिता को लेकर बैठक

### प्रतियोगिता के संचालन हेतु विभिन्न खेल संघों से सहयोग लेने का लिया गया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देती एडीपीओ व उपस्थित बीईओ एवं अन्य।

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा वर्ष 2025-26 में स्कूल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर खेलो झारखंड अंतर्गत विभिन्न खेलों के आयोजन तथा सुब्रतो फुटबॉल कप एवं नेहरू हॉकी कप टूर्नामेंट आयोजन हेतु झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के द्वारा जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी विद्यालय के खेल शिक्षक एवं विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि की जिला स्तरीय बैठक अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो की अध्यक्षता में गुमला प्रखंड कार्यालय के सभागार में हुई। ज्ञात हो कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा विभिन्न खेल संचालन हेतु झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को नोडल एजेंसी नियुक्त करते हुए विद्यालय, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर सफल आयोजन की जवाबदेही दी गई है। खेलों के सफल आयोजन हेतु स्कूल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर विभिन्न समितियों का गठन करते हुए जिले के सभी खेल संघों से जुड़े प्रतिनिधियों के सहयोग सहित समाज के प्रतिष्ठित लोग सहित खेल प्रेमियों को आमंत्रित किया जाएगा। खेलो झारखंड अंतर्गत एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, खोखो, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, हॉकी, बुशु, ताइक्वांडो, रेसलिंग, शतरंज एवं रस्साकसी सहित बैंड प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इन खेलों में 10 वर्ष से कम आयुवर्ग के खिलाड़ी भाग नहीं लेंगे। जिला स्तरीय विजेताओं के लिए राज्य में भाग लेने से पूर्व ट्रेनिंग कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। विद्यालय एवं प्रखंड स्तर पर सभी खेल माह जून एवं जुलाई में आयोजित होंगे तथा जिला स्तर पर अगस्त माह में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सुब्रतो कप अंतर्गत अंडर 15 आयुवर्ग में बालक वर्ग एवं अंडर 17 आयुवर्ग में बालक एवं बालिका वर्ग में प्रखंड एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित होगी तथा एक टीम में 25 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। जून माह के अंत में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में सरकारी एवं अल्पसंख्यक विद्यालयों के खिलाड़ी भाग लेंगे तथा लीग एवं नॉकआउट आधार पर प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी तरह जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूर्नामेंट के लिए सीधे जिला स्तर पर 15 से 20 जुलाई तक यह प्रतियोगिता होगी। जिसके लिए प्रखंड से मात्र नॉमिनेशन किया जाएगा । अंडर 15 में बालक वर्ग तथा अंडर 17 में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए आयोजित इस टूनामेंट में जिला की विजेता टीम को प्रमाणपत्र, पदक एवं सहभागिता प्रमाणपत्र दिया जाएगा तथा जिले की विजेता टीम राज्य स्तर पर जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। जिला स्तर पर सभी खेलों के आयोजन में जिला ओलंपिक संघ, जिला हॉकी संघ, जिला फुटबॉल संघ, कुश्ती संघ, जिला एथलेटिक्स संघ आदि का सहयोग लेने के निर्णय के साथ विद्यालय एवं प्रखंड स्तर पर सफलतापूर्वक संबंधित खेलों के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया।

# कैरो : विश्व कल्यानार्थ रुद्र महायज्ञ में भक्तिमय माहौल में हुआ पूजा अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता



**कैरो।** प्रखंड के उतका में आयोजित नौ दिवसीय विश्व कल्यानार्थ रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन सुबह से शाम तक भक्तिमय वातावरण में पूजा अर्चना व परिक्रमा कार्यक्रम किया गया।

सुबह से ही परिक्रमा में दूर दूर से भक्त उपस्थित होकर भगवान नाम में लीन दिखे वहीं यगकर्ता श्री भागवतानंद जी महाराज की देख रेख में पूजा अर्चना व आरती का आयोजन किया जा रहा है वहीं आचार्य कौशलकांत त्रिपाठी, आचार्य निरजकांत त्रिपाठी, आचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी यजमानों को विधिवत पूजा सम्पन्न करवाई जा रही है, साथ ही उपाचार्य मनीष तिवारी वैदिक पुरुषोत्तम शास्त्री, धीरज कुमार शास्त्री, अवधेश कुमार शास्त्री, रामानुज शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के उद्घोष से पूरा वातवारण भक्तिमय रहा। साथ ही पूज्य मंदाकिनी जी, श्री श्री 1008 श्री मुक्तानंद महाराज व अन्य प्रवचन कर्ता द्वारा दोपहर बाद रात्रि तक अनेक भाव व प्रसंग में प्रवचन व रात्रि 10 बजे से रासलीला कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा यज्ञ में अनेक स्थानों से आए नागा साधुओ के पास भक्त अपनी भाव के साथ पहुंच कर बहुत भविष्य की बात जानने के लिए भी आतुर दिखे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह, प्रकाश सिंह, डॉ भोला प्रसाद, रामप्रसाद यादव, शरत कुमार विद्यार्थी, रौशन तिवारी, सुनील तिवारी, जगदीश यादव, उज्ज्वल कुमार सिंह, छोटेलाल सोनी, राजू सोनी, रंजन प्रसाद, रामपवित्र सोनी, प्रताप गुप्ता, अनिल तिवारी, कमलेश प्रसाद, विनोद यादव, बजरंग सोनी, सोनू सहित आयोजक समिति के सदस्य दीन रात लगे हैं।

# पंचायत समिति व टीवीएनएल कंपनी की बैठक बेनतीजा समाप्त

**बनहरदी कोल ब्लॉक एरिया की गैर मजरुआ आम भुमि का अनुमोदन नहीं बनी बात**

**बनहरदी के पंचायत समिति सदस्य मनोहर भगत बैठक शुरू होने से पहले बाहर निकले**

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** पंचायत समिति और टीवीएनएल कंपनी की बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार हुई जो बेनतीजा समाप्त हो गई। इससे पहले प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख मनीषा उरांव व संचालन बीडीओ चंदन प्रसाद ने की। पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक रीतेश कुमार ने सबसे पहले पंचायत समिति के मद से विभिन्न पंचायतों में चल रहे व पूर्ण हुए योजनाओं के बारे में जानकारी सदस्यों को दी, यह भी जानकारी दी कि दस लाख रुपया इस मद में है। इस से इतनी राशि की योजनाएं ली जा सकती है, समिति के सदस्यों ने पंचायत वार पूर्ण व अपूर्ण योजनाओं की बारी बारी से समीक्षा की, अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा बचे हुए करीब दस लाख रुपए की राशि से नए योजना लेने पर चर्चा की गई।कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने पिछले दिनों सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के परहैया टोला में सड़क के अभाव में घरतक एम्बुलेंस नहीं पहुंचने उसे खटिया डोली के सहारे एम्बुलेंस तक पैदल लाने अस्पताल में विलंब से पहुंचने के कारण आदिम जनजाति डोमन परहैया की मौत होने की मामला उठाते हुए परहैया टोला व अन्य गांव जहां एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाती है वहां वहां सड़क निर्माण की मांग रखी साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव कक्ष में एएनएम द्वारा बरती जा लापरवाही की ओर पंचायत समिति का ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि


बैठक करते पंचायत समिति एवं अन्य।

अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने आते हैं, लेकिन यहां की एएनएम लापरवाही कर प्रसव कराने के दौरान नवजात शिशु का हांथ की हड्डी फ्रैक्चर कर दे रहे हैं और गर्दन की हड्डी पर भी गहरा चोट पहुंचा रहे हैं। यह गंभीर लापरवाही है। इसके अलावा कई अन्य पंचायत समिति सदस्यों ने भी अपने-अपने पंचायत की समस्याओं को रखा। इसके तुरंत बाद बिना पूर्व सुचना के पंचायत समिति और टीवीएनएल कंपनी की बैठक हुई, कंपनी के साथ बैठक शुरू होने से पहले ही बनहरदी के पंचायत समिति सदस्य मनोहर भगत बाहर निकल गए, बैठक में कंपनी की ओर से लैंड डिस्ट्ब्युटर जेनरल मैनेजर विनय कुमार दुबे, डिप्टी असिस्टेंट मैनेजर अरूण नामदेव शामिल हुए, उन्होंने कहा कि यह राज्य स्तर की एक बड़ी कंपनी है, गैर मजरुआ आम करीब दो सौ एकड़ भुमि की अनुमोदन पंचायत समिति से किया जाना है, आप इसे अनुमोदन कर देंगे तो कंपनी की प्रोसेस आगे बढ़ जाएगी, यहां के लोगों को रोजगार नौकरी मिलेगी, क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा, पंचायत समिति गठित नहीं रहती तब ग्राम सभा इसका अनुमोदन करती लेकिन पंचायत समिति गठित है राज्य सरकार की चिट्ठी है पंचायत समिति से अनुमोदन करवाने का, जब चिट्ठी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि सीओ साहब उपलब्ध करा देंगे, आगे बताया गैर मजरुआ आम भुमि में कई स्थानों में सरना मसना, देवी मंडप, स्कुल व अन्य भवन है जिसे सरकार दुसरे स्थान पर संरक्षित करेगी। पंसस सदस्यों ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक स्थल को संरक्षित करने की बात कहती है और यह भी कहती है कि धार्मिक स्थान जहां है वहीं रहेगा छेड़ छाड़ नहीं किया जाएगा, ऐसे में धार्मिक स्थल को दुसरे जगह हस्तांतरण करवाने की चिट्ठी कैसे निकाल सकती है, यह भी कहा कि पंचायत समिति का अधिकार सिमित कर दी गई, पंचायत समिति सिर्फ समिति की मद की राशि खर्च करने की अनुमोदन करते हैं इसके अलावा पंचायत समिति से कुछ भी अनुमोदन नहीं कराया जाता है ऐसे में जमीन से संबंधित मामले को पंचायत समिति से अनुमोदन कराने पर हैरानी जताई गई और बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई। बैठक में प्रमुख मनीषा उरांव, उप प्रमुख अश्वीनी मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, बलकु मुंडा, तारा देवी, बुधन गंझु, मनोहर भगत, शुशीला देवी, कमलेश उरांव, पंचायती राज समन्वयक रीतेश कुमार, जेई रीतेश कुमार शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त के अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न, दिए कई निर्देश

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा एवं निर्माण कार्य से संबंधित अधतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में एनएच 39 लातेहार से कुडू के बीच अमझरिया घाटी में घुमावदार सड़क के किनारे मजबूत गार्ड वाल, रबल स्ट्रिप, सड़क सुरक्षा साइनेज इत्यादि जल्द से जल्द लगाने का निदेश भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) को दिया गया। NH 22 चंदवा से गोनिया तक के सड़क पर अति दुर्घटना संभावित क्षेत्र में सड़क सुरक्षा साइनेज लगाने का निदेश कार्यपालक अभियंता उच्च पथ प्रमंडल लातेहार सह रांची को दिया गया। लातेहार से भाया तुबेद हेरहंज जाने वाले नवादा चौक तक सड़क की स्तिथि अत्यंत खराब है जगह जगह गड्ढे बन गए है डीवीसी के द्वारा बताया गया की अगले एक माह के बाद नई सड़क बनाने हेतु अप्रूवल मिल जायेगा तत्पश्चात कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इस दौरान उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि प्राय: ऐसा देखा जाता है कि ऑटो चालकों के द्वारा क्षमता से अधिक स्कूली विद्यालय के बच्चों को लेकर आते जाते दिखाइ देते हैं भविष्य में अप्रिय घटना होने की सम्भावना हो सकती हैं, जिला परिवहन पदाधिकारी को ऐसे ऑटो चालकों पर कारवाई करने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मु०) संजीव कुमार मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, सड़क सुरक्षा समिति, लातेहार के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डाइट के मुख्य सलाहकार ने लिया चंदवा के 4 विद्यालयों का किया निरीक्षण


निरक्षण करते डाइट के मुख्य सलाहकार।

**चंदवा।** सरकारी विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन एवं बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर चलाए जा रहे रुआर 2025 बैक टू स्कूल कैंपेन कार्यक्रम का जायजा लेने सोमवार को डाइट के मुख्य सलाहकार कमला सिंह व एसआईएनआई टाटा ट्रस्ट के मो. इरशाद चंदवा पहुंचे यहां उन्होंने कन्या मध्य विद्यालय चंदवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमझरिया, बेतर नवा टांड़ व मध्य विद्यालय अलौदिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चलाए जा रुआर 2025 कार्यक्रम प्रगति, नामांकन, पारगमन, एमडीएम आदि का जायजा लिया व संतोष व्यक्त किया। मौके पर एसआईएनआई संस्था के प्रतिनिधि बसंती टोप्पो, रोली कमल व अन्य मौजूद थे।

### स्वालंबी सहकारी समिति का बैठक संपन्न कमेटी का गठन


बैठक करते बीडीओं एवं अन्य।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को जेएसपीएल के तहद स्वावलंबी सहकारी समिति की बैठक बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ सोमा उराँव ने कहा कि यह कमेटी का गठन का उद्देश्य है कि लोगों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक करना है, उन्होंने कहा कि जो भी कमेटी के सदस्य या जनप्रतिनिधि यहां मौजूद हैं आप लोग स्वयं अपने-अपने घरों एवं आसपास को स्वच्छ रखें उसके बाद दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। वहीं बैठक में एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष बीडीओ सोमा उरांव, सदस्य अंचलाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड कर्मी मंगल में महेश मुंडा, आनंद कुमार महतो, नंद कुमार महतो, अमरेंद्र कुमार पाठक, सुमन कुमार सिंह, राजेंद्र राम, रघुनंदन राम, डॉक्टर नीलिमा तिर्की, ममता मासूम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, उप प्रमुख कामेश्वर राम, मुखिया नरेश लोहरा सदस्य बनाए गए। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### बिदाई समारोह का आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रामवि परिसर में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर वर्ग आठ के छात्र छात्राओं को पेन डायरी देकर विदाई की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एचएम अनिता देवी व सहायक शिक्षकों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए एचएम देवी ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी आठ बोर्ड पास कर अब नौवीं वर्ग की पढ़ाई करने के लिए उच्च विद्यालय में प्रवेश करेंगे। जिस मेहनत के साथ इस विद्यालय से पढ़े हैं इस को आगे भी जारी रखेंगे। इसके पश्चात सभी उपस्थित शिक्षकों ने भी बारी बारी से बच्चों को हौसला बढाया। अंत में विद्यालय परिवार के ओर से सभी उतीर्ण छात्र छात्राओं को पेन डायरी देकर सम्मानित कर विदा किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजन प्रसाद, शिक्षक संजीव कुमार, महेंद्र प्रजापति, राजेश्वर सिंह, सोनम स्वेता तिर्की, मधु कुजुर के अलावा कई अभिभावक मौजूद रहे।

## बरवाडीह बाजार में वर्षों से बंद शौचालय होंगे चालू, सांसद-विधायक के निर्देश पर प्रशासन ने ली सुध


दुकानदारों से वार्ता करते अधिकारी।

**बरवाडीह।** वर्षों से बंद पड़े बरवाडीह बाजार और बस स्टैंड स्थित सामुदायिक शौचालयों को जल्द ही जनता के लिए खोला जाएगा। यह कवायद व्यवसायिक समिति की सक्रियता और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद शुरू हुई है। व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने बताया कि बाजार और बस स्टैंड में शौचालयों की बदहाल स्थिति से आमजन और दुकानदारों को भारी परेशानी होती थी। हमने इसे गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, पर्यटन मंत्री, सांसद और विधायक से लिखित अनुरोध किया था। सुखद है कि अब इस दिशा में ठोस पहल हो रही है। जनहित के इस मामले पर सांसद कालीचरण सिंह ने बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को दूरभाष पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक रामचंद्र सिंह पहले ही इस बाबत निर्देश दे चुके थे कि बाजार में साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं का शीघ्र समाधान किया जाए। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने बताया कि शौचालयों की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। मुख्य समस्या जमीन पर अतिक्रमण की थी। अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे विकास कार्य में बाधा न बनें। आज मंगलवार से ही निर्माण कार्य शुरू होगा। स्थानीय दुकानदारों ने भी शौचालयों को चालू कराने में प्रशासन को पूरा सहयोग देने का भरोसा जताया है। निरीक्षण के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसडीओ प्रशांत पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रभाकर मनी, कनीय अभियंता संजय कुमार, बीपीओ कमलेश सिंह, जल सहिया नेहा सिंह, अखिलेश सिंह, व्यवसाई दीपक कुमार, कलीम अंसारी, नसीम अंसारी, सुरेंद्र कुमार और बिरेंद्र ठाकुर समेत कई अधिकारी व व्यवसायी उपस्थित थे।

## तेंदूपत्ता का अवैध दोहन खुलेआम जारी

- वन माफिया बिना टेंडर के ही धड़ल्ले से करवा रहे तेंदूपत्ता की तुड़ाई।
- मजदूरों को उचित राशि का भी नहीं हो रहा भुगतान।


जंगल में लगाया गया अवैध तेंदू पत्ता का कई स्टॉल।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका वन क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जंगलों में इन दिनों अवैध तरीके से तेंदूपत्ता का खुलेआम दोहन किया जा रहा है। वहीं मनिका वन क्षेत्र के पल्हेया और विशुनबांध पंचायत अंतर्गत टिशुवा, कोरिद, माडादाग, ग्राम नेवार के थमटोला, ग्राम ब्यांग के पटमझरी टोला,समेत विभिन्न जंगलों में वन माफियाओं के द्वारा बिना टेंडर के ही धड़ल्ले से तेंदू पत्ता की तुड़ाई करवाई जा रही है। वहीं वन क्षेत्र अंतर्गत इन सभी जंगली क्षेत्र में बीड़ी बनाने वाले व्यापारियों और वन माफियाओं के मिली भगत से जंगल में ही कई जगहों पर स्टॉल लगा दिया गया है,जहां पर बीड़ी पत्ता का बंडल बनाकर उसे सुखाते हुए देखा जा सकता है। साथ ही जंगल के आसपास रहने वाले गरीब मजदूरों ने बताया कि हम लोगों को मेहनत के अनुसार तेंदूपत्ता का उचित राशि का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है, लेकिन चयनित ठेकेदार की जानकारी नहीं होने के कारण हम लोग दलालों को ही तेंदू पत्ता बेचने को मजबूर हैं। वहीं आसपास के गांव में निवास करने वाले कुछ ग्रामीणों की माने तो उनका कहना है कि दलालों के द्वारा बड़े पैमाने पर बिना टेंडर के ही अवैध तरीके से बीड़ी पत्ते की तुड़ाई करवा कर सरकार के राजस्व का भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। साथ ही कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वर्षों से मनिका वन क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के निदेर्शानुसार जगह-जगह पर स्टॉल लगाकर तेंदूपत्ता के सीजन में खरीदी की जाती है, लेकिन मजदूरों को समय पर भुगतान न मिलना, बोनस राशि गायब हो जाने,समेत कई कारणों से मजदूर तेंदूपत्ता का तुड़ाई कर दलालों को बेचते हैं जिससे कि तेंदू पत्ता का दोहन एवं अवैध व्यापार धड़ल्ले से जारी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मजदूर प्रतिबंधित जंगलों में बिना रोक-टोक के प्रवेश कर वेशकीमती तेंदूपत्ता तोड़कर स्वयं अपने घर में पत्ते की बंडल तैयार करते हैं,जिसके बाद देर रात तक व्यापारियों की गाड़ी आती है जिसमें दलालों के माध्यम से निर्धारित स्थान को तेंदूपत्ता पहुंचा दिया जाता है। जिसके बारे में वन विभाग को भनक तक नहीं लगने दिया जाता है,साथ ही इन जंगलों में साफ देखा जा सकता है कि चयनित ठेकेदार के साथ-साथ काफी संख्या में अवैध तेंदू पत्ता का भी स्टॉल लगाकर खरीदी एवं व्यापार किया जा रहा है जिस पर वन विभाग के वरीय अधिकारियों को अविलंब संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि सरकार के राजस्व को क्षति होने से बचाया जा सके।

## चटूआग के डूमरखांड में 2 वर्षों से फटा हुआ जलमीनार का टंकी


खराब पड़ी जलमीनार।

**चंदवा।** एक ओर सरकार से लेकर प्रशासन तक जल संरक्षण को लेकर मुहिम चला रखी है व लोगों को पानी बचाने को लेकर प्रेरित कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत चटूआग गांव के डूमरखांड टोले में लगा जल मीनार का टंकी विगत दो वर्षों से फूटा हुआ है, जिस कारण टंकी से लगातार पानी बहकर बर्बाद हो रहा है, जिसे देखने वाला न ही विभाग के अधिकारी व न हीं कोई जन प्रतिनिधि है। चटूआग निवासी सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू ने बताया कि उक्त जल मीनार की टंकी के फटे होने की शिकायत उन्होंने कई बार प्रशासनिक बैठकों में उठा चुके हैं, लेकिन अबतक कोई पहल नहीं हुआ है। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से फटे हुए टंकी को बदलने की गुहार लगाई है। बता दें कि गर्मी की चरम सीमा पर पहुंचते हैं चंदवा प्रखंड में पेयजल संकट गहराने लगा है। प्रखंड में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत हर घर नल जल योजना मद से करोड़ों की लागत से लगे सोलर आधारित जल मीनार हांथी के दांत साबित हो रहे हैं। इसके रखरखाव के प्रति न हीं विभागीय अधिकारी जवाब देही निभा रहे हैं और ना ही जल मीनार लगाने वाले संवेदक।

## भाजपा कार्यक्रताओं से मिले संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, तिरंगा यात्रा आज


कार्यक्रताओं से मिलते महामंत्री।

**चंदवा।** स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर के समीप रविवार की देर रात भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह गढ़वा से लौटने के क्रम में कार्यकर्ताओ से मिलने के लिए रुके। यहां जिलाध्यक्ष पंकज सिंह मण्डल महामंत्री दीपक निषाद ने उनका स्वागत किया। उन्होने तिरंगा यात्रा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मण्डल महामंत्री दीपक निषाद भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय वर्मा रिकी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर चंदवा मंडल में राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिक के बैनर तले मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा जिला परिषद बस स्टैंड से निकलकर सुभाष चौक में सम्पन्न होगी। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अमित कुमार करेंगे तथा मुख्य अतिथि के रूप से चंदवा मंडल प्रभारी राज कुमार पाठक मौजूद रहेंगे। श्री निषाद ने चंदवा के वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, उप मुखिया, सेवा निवृत्त समाजसेवी, कॉलेज व स्कूल में पढ़ रहे छात्र छात्राएं, मंडल चंदवा में निवास करने वाले प्रदेश व जिला के पदाधिकारी कार्यकर्ता, चंदवा मंडल के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता, सम्मानित वरिष्ठ भाजपाई, सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष, सभी पंचायत के कार्यकर्ता से तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## बरवाडीह में निकली भव्य तिरंगा यात्रा


तिरंगा सम्मान यात्रा में शामिल नागरिक।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता को लेकर सोमवार को बरवाडीह में देशभक्ति की मिसाल पेश करती हुई तिरंगा सम्मान यात्रा निकाली गई। आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के साहस और समर्पण को नमन करते हुए आम जनता को एकजुट करना था। यह यात्रा बरवाडीह के पुराने प्रखंड परिसर से शुरू होकर विवेकानंद चौक, सुभाष चौक, रेलवे कॉलोनी, बाजार और आंबेडकर चौक होते हुए पुनः प्रखंड परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी ईश्वरी सिंह मौजूद रहे। उनके साथ सांसद प्रतिनिधि मोहिबुद्दीन अंसारी, भाजपा नेता कन्हाई प्रसाद, हम पार्टी के नेता अतुल सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, मनोज प्रसाद, सुनील सिंह और बिरेंद्र जयसवाल समेत सैकड़ों की संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने वंदे मातरम, भारत माता की जय और सेना के सम्मान में, हम सब हैं मैदान में जैसे नारों से माहौल को जोशीला बना दिया। पूरे रास्ते में देशभक्ति के गीतों और नारों से वातावरण गूंजता रहा।

**यात्रा हमारी एकजुटता और राष्ट्रप्रेम की मिसाल है : मोहिबुद्दीन अंसारी**

सांसद प्रतिनिधि मोहिबुद्दीन अंसारी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे देश की सैन्य शक्ति और रणनीतिक समझ का प्रतीक है। हम अपने सैनिकों के साहस और बलिदान को सलाम करते हैं। यह तिरंगा यात्रा हमारी एकजुटता और राष्ट्रप्रेम की मिसाल है।

**हर भारतीय सेना के साथ खड़ा है : कन्हाई प्रसाद**

भाजपा नेता कन्हाई प्रसाद ने कहा कि आज का दिन इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। यह तिरंगा यात्रा न केवल सेना के प्रति सम्मान है बल्कि एक संदेश भी है कि हर भारतीय उनके साथ खड़ा है।

**नई पीढ़ी को प्रेरणा देता है ऐसा आयोजन : ईश्वरी सिंह**

जिला मंत्री ईश्वरी सिंह ने कहा कि ऐसी तिरंगा यात्राएं देश की एकता और अखंडता को मजबूत करती हैं। यह आयोजन हमारी नई पीढ़ी को देशभक्ति और कर्तव्य के प्रति जागरूक करने का कार्य करता है।

## सेंट्रल स्कूल के अभिभावकों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** केंद्रीय विद्यालय के अभिभावकों का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होने ध्यान आकर्षण कराते हुए बताया है कि लातेहार जिला मुख्यालय में अवस्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय एक हार्ड स्टेशन के रूप में चिनहित था। हार्ड स्टेशन के रूप मे चिन्हित होने के कारण विद्यालय में स्वीकृत बल के अनुरूप नियमित व गैर शैक्षणिक कर्मियों की पदस्थापना करना बाध्यता थी और स्वीकृत बल के अनुरूप नियमित व गैर शैक्षणिक कर्मियों की पदस्थापना यहां थी। उस समय विद्यालय का पठन पाठन काफी बेहतर था। लेकिन वर्ष 2023 में इस विद्यालय को हार्ड स्टेशन की सूची से हटा दिया गया है और इसे एक सामान्य केंद्रीय विद्यालय की श्रेणी में रखा गया है। हार्ड स्टेशन की सूची से हटने के बाद नियमिति शिक्षकों की पदस्थापन की बाध्यता समाप्त हो गयी है। इस कारण अब स्वीकृत 48 पदों के विरूद्ध मात्र 19 नियमित शिक्षक ही यहां पदस्थापित हैं। शेष कुछ संविधा आधारित शिक्षकों से पठन पाठन का कार्य कराया जा रहा है। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि संविधा आधारित शिक्षकों की दक्षता नियमिति शिक्षकों की तुलना में काफी कम होती है। उनका छात्रो के साथ भावनात्मक लगाव भी नहीं हो पाता है. ऐसे में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि लातेहार एक नक्सल प्रभावित जिला है। यहां गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने योग्य शैक्षणिक संस्थानों का घोर अभाव है। ज्ञापन में उपायुक्त से केंद्रीय विद्यालय लातेहार को पुनः हार्ड स्टेशन के रूप में चिन्हित कराने का आग्रह किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों मे केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आशीष टैगोर, अभिभावक प्रतिनिधि राजीव कुमार मिश्रा, जीतेंद्र कुमार जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव आदि का नाम शामिल है।

## साइबर सिक्योरिटी प्रोग्राम के तहत महाविद्यालय परिसर मे सेमिनार आयोजन किया गया


सेमिनार में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** थाना क्षेत्र के बानपुर स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना झारखंड के तत्वाधान में सोमवार को साइबर सिक्योरिटी प्रोग्राम ई.एल, पी कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव महोदय अंजू गुप्ता उपस्थिति रही। इस अवसर पर साइबर सिक्योरिटी के संदर्भ में छात्राओं को अधिक सजग रहने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में साइबर सिक्योरिटी का ज्ञान अति महत्वपूर्ण है। सेमिनार को संबोधित करते हुए छात्र आयुष कुमार ने साइबर सिक्योरिटी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी महाविद्यालय के छात्र बबली कुमारी ने भी जानकारियां दी इस अवसर पर महाविद्यालय के गण मन व्याख्याता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने किया। भारत पोर्टल के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी एवं साइबर सिक्योरिटी के विषय में जानकारियां दी कार्यक्रम 19 मई से 2 जून तक चलेगा। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक


बैठक करते डीसी एवं अन्य पदाधिकारी।

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 26.04.2025 से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में 37 वाहनों को जब्त कर 02 प्राथमिकी दर्ज गई है। तथा 7,69,925.00 जुमार्ना राशि की वसूली की गई। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि मानसून को देखते हुए 10 जून से 15 अक्टूबर तक सभी बालू घाटों में उठाव बंद रहेगा। जिसपर उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित अंचल अधिकारी अपने स्तर से पत्राचार करके मुखिया को इसकी जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी संबंधित अंचल अधिकारियों द्वारा कैटेगरी एक बालूघाटों से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है, जो त्रुटिपूर्ण है। इस पर उपायुक्त महोदय द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को त्रुटियों का निराकरण करते हुए 15 जून तक प्रस्ताव जिला खनन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, पुलिस उपाधिक्षक संजीव कुमार मिश्रा, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, सभी अंचल अधिकारी, संबंधित पदाधिकारी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से थाना प्रभारी जुड़े थे।

## विधायक ने सुनी समस्या, निष्पादन का दिया भरोसा




जनसुनवाई करते विधायक।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**टजनता दरबार मे सबसे अधिक जमीन सम्बंधित मामला सामने आया, नया सर्वे मे भारी गड़बड़ी होने से बना क्षेत्र मे विवाद का कारण**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय मे निर्धारित तिथि के आधार पर लातेहार स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार मे जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ अमित कुमार पासवान, सीओ नन्द कुमार राम, बीपीओ केतन गुप्ता प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावे अन्य कई विभाग के कर्मी मौजूद रहे। जनता दरबार मे सबसे अधिक जमीन सम्बंधित मामला आया। नया सर्वे मे भारी गड़बड़ी के कारण कई भूमिहानो को बंदोबस्त द्वारा मिला हुआ जमीन नया खतियान मे दूसरे के नाम हो जाने से क्षेत्र मे बिवाद का कारण बना हुआ है। बिते अगस्त 2024 को भाटचतरा बारा डहर मे वन विभाग द्वारा तैयार हुए मक्का खेती को लाठी डंडे से पीटकर नस्ट किए जाने के बाद गरीबों को मुआवजा व वन पट्टा नहीं मिलने का भी मामला जनता दरबार मे आया। वहीं जमीन संबंधित उमेश गंझु चेटूआग, सीमा देवी नवाडीह,सूरज यादव बालूभांग, मो महबूब, बनवार, जगदीश प्रसाद मनातू, सुदर्शन पाण्डेय बारवाडीह, दशरथ प्रजापति बचरा, लालो देवी फूलसु, निरंजन बैठा बरनी, गणेश महतो गाड़ी, सादिक मियां रत्नादाग, मो जयाऊर रसीद टोटी, बारियातू के ग्रामीण, नन्द किशोर प्रसाद बारियातू, सुमित्रा देवी हिसरी,सहदेव यादव पिपराडीह, महेश यादव बारियातू, मुनेश्वर गंझु सिबला, गुड़न गंझु सिबला सहित अन्य कई ग्रामीणों ने नया सर्वे में गड़बड़ी, ऑनलाइन रसीद नहीं कटा, दूसरे के नाम पर चढ़ा हुआ है। रकबा शून्य हो गया है तो मोटेशन नहीं हुआ है। अंचल कर्मियों को मोटेशन व ऑनलाइन रसीद समय पर नहीं कटने को लेकर विधायक ने फटकार लगाया। नराजगी जताते हुए कहा की बेवजह प्रखंड कर्मी या अंचल कर्मी ग्रामीणों को परेशान नहीं करें आपस में उलझा कर न रखे अन्यथा बक्से नहीं जायेंगे। मै प्रत्येक माह ब्लॉक में जनता दरबार लगाऊंगा।

सभी कर्मी अपने अपने कार्यों में सुधार लाएं। शिकायत मिलने पर वरीय अधिकारी से बात किया जायेगा। उपरोक्त सभी समस्या को निष्पादन के लिए लोगों को भरोसा दिया। मौके पर देवनन्दन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, प्रसाद, योगेंद्र भोक्ता, सोनू प्रजापति, नीलू शर्मा, रिंकू यादव, अशोक ठाकुर, बिजय भुइयाँ, सहित क्षेत्र के काफी संख्या मे ग्रामीण महिला पुरुष व कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।

# बोकारो में पूर्व सैनिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं अपने सैनिकों के साथ देशवासियों की एकजुटता को दिखाते हुए उनका मनोबल बढ़ाने के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा नगर के सेक्टर 4 स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने से शुरू होकर नया मोड़ भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति के सामने समाप्त हुई। इस तिरंगा यात्रा में बोकारो स्टील प्लांट के सीजीएम कुंदन कुमार पूर्व सैनिकों के अतिरिक्त समाज के विभिन्न संगठनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ- महाराणा प्रताप विचार मंच- संकल्प सृजन- युवा मोर्चा भाजपा व विभिन्न एनजीओ के सदस्यों सहित सैकड़ों बोकारो वासियों की सहभागिता रही। परिषद के वयोवृद्ध सदस्य एसके सिंह एवं पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह ने इस यात्रा की जरूरत पर अपना मंतव्य रखते हुए कहा कि सरहद पर खड़े सैनिकों का मनोबल हमारी ऐसी दृढ़ता से और मजबूत होता है। कहते हैं कि मशीन नहीं बल्कि मशीन के पीछे खड़ा मनुष्य ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। हमारे सैनिकों ने मैक्सिमम यूटिलाइजेशन के तहत बिना सीमा पार किए ही शत-प्रतिशत टारगेट को हीट किया और उस जगह तक जाकर हीट किया जिसका अंदाजा भी दुश्मन नहीं लगा सका। पूर्व सैनिक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में अनेकों पूर्व सैनिकों के साथ-साथ बोकारो के कई युवा वृद्ध और बच्चे शामिल हुए। इनमें मुख्य रूप से पूर्व सैनिक सुरेश बाबू मनोज झा शत्रुघ्न सिंह संजीव कुमार राजीव रंजन सिन्हा विनय कुमार अमित कुमार सिन्हा परमहंस सिंह प्रदीप कुमार राजकुमार सिंह मनोज पांडेय शशि भूषण मिश्रा व अन्य लोगों में अशोक कुमार वर्मा मोहनन नायर गिरिश सिंह कौशल किशोर प्रशांत कुमार विवेक सिंह संजीव कुमार राजेश दुबे अजीत पांडेय नीरज कुमार अर्चना शर्मा सीमा सिंह रामू कुशवाहा उदय सिंह मृगेंद्र प्रताप सिंह गौतम सिंह राजीव सिंह राजा जनक शशि सिंह मुकेश सिंह नागेंद्र सिंह नागेंद्र पुरी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से देशभक्त नागरिकों का अभिनंदन और आभार प्रकट किया गया।

# बोकारो थर्मल भाजपा कार्यालय से निकाला गया तिरंगा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** पहलगाम आंतकी घटना के प्रतिक्रिया स्वरूप पाकिस्तान को कड़ी शिकस्त देने के बाद भारतीय सेना का शौर्य एवं सम्मान के लिए बेरमो प्रखंड भाजपा के तत्वावधान में बोकारो थर्मल भाजपा कार्यालय से बीते देर शाम तिरंगा यात्रा निकाला गया जो रेलवे स्टेशन, हॉस्पिटल मोड़ होते हुए भारी बारिश के बीच भी लगभग 4 कि.मी. यात्र कर थाना चौक पर नुक्कड़ सभा के साथ समाप्त हुआ। भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा के अनुसार भारतीय सेना ने अपने शौर्य एवं बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए विगत 7 मई को मात्र 23 मिनट पाकिस्तान के 9 आतंकवादी शिविरों को मिट्टी में मिला दिया और सैकड़ों आतंकवादी मारे गये। पाकिस्तान के साथ संघर्ष में देश की जनता की एकजुटता के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। भारतीय सेना के पराक्रम की प्रशंसा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय सिंह, गिरिजा देवी, श्रवण सिंह आदि ने कहा कि मोदी जी के 11 वर्षो का शासन काल में सेना का आधुनिकीकरण से सैन्य शक्ति में काफी वृद्धि हुई है। जिसके कारण भारतीय सेना के पराक्रम से विश्व हतप्रभ हैं। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह और धन्यवाद ज्ञापन सीमा देवी ने किया। इस अवसर पर व ईश्वर प्रजापति, मोती महतो, ओमप्रकाश सिंह, भैरव महतो, प्राण गोपाल सेन, मनोज यादव, प्रदीप साव, रोबिन कसेरा, राजेश रजक, विरेश सहानी, ललिता राव, अशोक साव, यमुना, बुधन प्रजापति, दिलीप राम, महादेव राम, रंजीत राम, दीपक राम, रमेश ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता व आमलोग सहभागी थें।

## एक नजर में

### गोड्डा में संविधान बचाओ रैली को बनाये सफल : फुरकान अंसारी



गोड्डा। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने 20 मई को गोड्डा में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारियों पर विस्तृत बातें कहीं। उन्होंने रैली पर कहा कि यह रैली संविधान को बचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। संविधान नहीं रहा तो हमारे अधिकार भी नहीं रहेंगे, कहा कि देशभर में 'संविधान बचाओ अभियान' के तहत रैलियां आयोजित की जा रही हैं। फुरकान अंसारी ने कहा की आज जनता के अधिकारों को कुचला जा रहा है। भाजपा नेता न्यायपालिका पर भी सवाल उठा रहे हैं, जो चिंताजनक है, इसलिए संविधान की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है और हमारे नेता राहुल गांधी संविधान का सबसे बड़ा रक्षक हैं। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि देश में संविधान को बचाने का काम केवल राहुल गांधी ही कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 400 पार सीटें जीतकर संविधान बदलने की बात कही थी, लेकिन राहुल गांधी के प्रयासों से ऐसा नहीं हो पाया। कांग्रेस किसी भी हाल में संविधान में बदलाव नहीं होने देगी। उन्होंने लोगों से अपील की के भारी संख्या में रैली को सफल बनाने के लिए रैली में भाग लें। भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा की आज सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, चुनाव आयोग, सीबीआई और इनकम टैक्स का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### झारखण्ड के सांगठनिक मुद्दों पर नीतीश कुमार से मिले जदयू नेता



बोकारो। जनता दल यू के कार्यकर्ताओं के साथ जदयू नेता अशोक चौधरी ने पटना में मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की तथा झारखंड के संगठन से संदर्भित विषयों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करवाया। उन्होंने दल के प्रति निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं व समर्थकों के बीच दल की विकासपरक नीतियों के क्रियान्वयन एवं जनहित के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में संगठन की मजबूती के लिए जल्दी ही क्रमवार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। चौधरी के साथ प्रदेश सचिव राजू सिंह जितेंद्र राय उमाशंकर पटेल आदि उपस्थित थे।

### कई बार आवेदन देने के बावजूद नहीं मिला प्रीति मिश्रा को इंदिरा आवास



बेरमो। बोकारो जिला के पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पिछरी उत्तरी पंचायत के झरना कुली निवासी प्रीति मिश्रा वर्षो से खपरैल मकान में रह रही है। बरसात के मौसम में काफी कठिनाई झेलने पड़ती है। उसने ऑनलाइन और उचित माध्यम से कई आवेदन इंदिरा आवास के लिए दिया। कई समाचार पत्र में प्रकाशित हुई है लेकिन आज तक उसे इंदिरा आवास आवंटित नहीं हो सका है। अब तो यह प्रश्न भी उठने लगा है कि क्या गरीब प्रीति मिश्रा क इन्दिरा आवास मिलने में मिश्रा टाइटल बाधक बना हुआ है। इस संबंध में पंचायत की मुखिया कल्पना दिगार ने बताया की ग्राम सभा मे उनका नंबरिंग हुआ होगा। सीरियल से सभी को इंदिरा आवास मिलेगा। उन्होंने कहा कि टाइटल मिश्रा, महतो या मांझी हो या अन्य उनके लिए सभी गरीब बराबर है। उन्होंने कहा कि यदि प्रीति मिश्रा पात्र हैं तो उन्हें अवश्य इंदिरा आवास मिलेगा।

### हल्की बारिश के बाद तालाब नुमा बना बोकारो थर्मल पुल, राहगीर परेशान

बेरमो। बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल के डीवीसी बोकारो थर्मल का फ्लावर ओवर 18 मई की शाम को हुई हल्की बारिश के बाद तालाब का रूप ले लिया है। बोकारो थर्मल का यह मुख्य सड़क कहे जाने वाली यह फ्लाई ओवर अभीतक पूरी तरह से तैयार भी नहीं हुई है और हालात ऐसी है। आलम यह है कि हल्की बारिश से ही यह सड़क पूर्ण रूप से तालाब में तब्दील हो जा रही है। वही इस सड़क से प्रति दिन सैकड़ों की संख्या में डीवीसी व सीसीएल के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र छात्राएं व राहगीर गुजरते हैं। इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरो को अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि फ्लाई ओवर सड़क पर देर रात्री को अवैध बालू लदी सैकड़ो ट्रैक्टरों द्वारा बालू गिराते हुई गुजरता है। सड़क पर गिरे बालू का बड़ा हिस्सा पानी निकासी को पूर्ण रूप से जाम कर दे रहा है। दूसरी ओर रख रखाव के अभाव में यह हल्की बारिश में हीं तालाब का रूप ले लेती है।

### रोटरी क्लब ने तीसरे सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का किया आयोजन

बोकारो। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने अपने क्लब परिसर स्थित पॉल हैरिस ऑडिटोरियम में तीसरे सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर में कुल 51 किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीन की पहली डोज दी गई। यह शिविर क्लब द्वारा संचालित उस स्वास्थ्य सेवा श्रृंखला का हिस्सा है जिसकी परिकल्पना अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने महिला स्वास्थ्य की सुरक्षा को केंद्र में रखते हुए की है। यह अभियान एक ओर जहां रोग-प्रतिरोधक जागरूकता को बढ़ावा देता है वहीं दूसरी ओर समाज में नारी सम्मान और स्वास्थ्य संरक्षण की भावना को भी मजबूती प्रदान करता है। शिविर की चिकित्सा जिम्मेदारी रोटेरियन डॉ एससी मुंशी और उनकी विशेषज्ञ टीम ने पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ निभाई।

## स्पीड न्यूज

### गोमिया के पूर्व विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



गोमिया। प्रखंड अंतर्गत चतरो चट्टी पंचायत के केसरी टोला चौक जो कि सुदूर वर्ती क्षेत्र है और इसके अगल-बगल कई गांव व पंचायत स्थित हैं। जिसका मुख्यालय यही पंचायत है, गौरतलब है कि बीते 4 दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण यह क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ था, किंतु जैसे ही यहां के लोग गोमिया के पूर्व विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो को समस्या से अवगत कराया तो उन्होंने तत्काल तत्परता दिखाते हुए 100 केवीए से बढ़ाकर 200 केवीए नया ट्रांसफार्मर दिलाने का काम किया एवं साथ ही आज विधि पूर्वक ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य विमला देवी, मुखिया महादेव महतो, रंजीत केसरी, सुंदर रविदास, संजीत केसरी, राजेंद्र साहू, भगवान दास, कालेश्वर रविदास आदि लोग उपस्थित थे।

### एमपी-एमएलए के विशेष अदालत में प्रदीप यादव की हुई पेशी

दुमका। एमपी एमएलए की विशेष अदालत में कांग्रेस पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव की सोमवार को पेशी हुई। पेशी विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी की अदालत में हुई। केस गवाही के स्टेज पर है। जिसमें अनुसंधानकर्ता एएसआई श्रीकांत बाजपेयी की गवाही गुजरी। अब अगली तिथि 11 जून को निर्धारित है। यहां बता दें मामला 04 फरवरी 2022 का है। विधायक पर देवघर परिसदन भवन में हंगामा करने का आरोप है। मामले में विधायक प्रदीप यादव समेत 14 नामजद समेत अन्य के खिलाफ नगर थाना देवघर में मामला दर्ज हुआ था। मामले में दंडाधिकारी सुधीर कुमार मोदी के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था। केस में अन्य चार की गवाही होनी है। केस के एक अन्य पूरक अभिलेख में सूचक की गवाही हुई। इस केस में आरोपी सुमित्रा देवी है। दोनों केस में पांच-पांच गवाहों की गवाही गुजरनी है।

### जमीन विवाद में आधा दर्जन से अधिक पर प्राथमिकी दर्ज

**हंसडीहा।** जिला के हंसडीहा थाना क्षेत्र के धावतार गांव में जमीन विवाद मामले को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट का मामला थाना पहुंचा दोनों पक्ष के द्वारा दिए हुए आवेदन पर पुलिस रविवार को करीब आधा दर्जन लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कर जांच में जुट गई है। थाना में दिए हुए आवेदन में प्रथम पक्ष के रेशमी देवी द्वारा बताया गया है कि उनकी जमीन पर उसके गांव के ही बबलू राणा व नन्दलाल राणा पीलर के लिए गड्ढा खोद रहे थे जब इसका विरोध मेरे द्वारा किया गया तो उक्त दोनों व्यक्ति द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया मारपीट की घटना में मेरे अलावे मेरे पति एवं मेरे देवर घायल हो गए। वहीं रेशमी देवी ने उक्त लोगों पर चांदी का चेन छीन लेने व जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष की सुलेखा देवी द्वारा आवेदन में बतलाया गया है कि मेरे ही गांव के संजय राणा सुबोध राणा रमन कुमार और रेशमी देवी द्वारा मेरे गोशाला निर्माण कार्य को रोक दिया गया साथ हीं गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी गईं वही पंद्रह सो रुपए नगदी व चांदी का चेन छीन लेने का आरोप भी सुलेखा देवी द्वारा प्रथम पक्ष पर लगाया गया है।

## सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने कहा

# बेरमो के तीन क्षेत्र से 19 मिलियन टन होगा कोयला का उत्पादन

### चालू वित्तीय वर्ष में सीसीएल अपने निर्धारित उत्पादन लक्ष्य 105 मिलियन टन को प्राप्त करेगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने कहा कि बंद पिछरी माइंस को खोलने के लिए कंपनी गंभीर है। उन्होने कहा कि हर हाल में पिछरी माइंस चालू होगा। उन्होंने आगे बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सीसीएल अपने निर्धारित उत्पादन लक्ष्य 105 मिलियन टन को प्राप्त करेगा। बेरमो के तीन एरिया बीएंडके, कथारा, ढोरी चालू वित्तीय वर्ष में 19 मिलियन टन के करीब उत्पादन करेंगे। कारो ओसीपी में वन विभाग के स्टेज दो का क्लियरेंस मिल गया है, जल्द पेड़ कटिंग का टेंडर अवार्ड होगा।

कथारा एरिया का उत्पादन भी बढ़ रहा है। ढोरी एरिया भी काफी बेहतर कर रहा है। एरिया के अमलो माइंस को पूरे सीसीएल का मॉडल बनाने की योजना है, क्योंकि यहां जमीन के अलावा लॉजस्टिक उपलब्ध है। सीसीएल को बीते वित्तीय वर्ष 2024 -25 में सीसीएल ने आठ सौ करोड़ से ज्यादा का मुनाफा अर्जित किया।

अगस्त तक ढोरी के अमलो में सीसीएल का पहला हाईवाल माइनिंग से उत्पादन शुरू हो जायेगा। मौके पर बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार आदि उपस्थित थे।

# प्रशासन हरकत में, घासी टोला के खराब चापानल की हुई मरम्मती

**खबर का असर**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** ओरदाना पंचायत के घासी टोला में पानी की गंभीर समस्या को लेकर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला है। ग्रामीणों की समस्याओं को उजागर करने के बाद प्रशासन हरकत में आया और शुक्रवार को मुख्य चापाकल की मरम्मत कर दी गई। गौरतलब है कि बीते दिनों प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया था कि घासी टोला के लोग पेयजल के लिए परेशान हैं।

गांव का एकमात्र चापाकल खराब पड़ा था, जिससे महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा था। खबर के प्रकाशन के बाद संबंधित विभाग द्वारा जेई प्रतिक कुमार सिन्हा ने तकनीशियन लेजाकर चापाकल की मरम्मत कराई। अब ग्रामीण राहत महसूस कर रहे हैं और मीडिया का आभार जता रहे हैं। ग्रामीण कार्तिक घासी ने बताया, समस्या को जब अखबार में जगह मिली, तभी हमारी बात सुनी गई। अब हमें पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। ग्रामीणों ने पंचायत और प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में जल संकट से निपटने के लिए स्थायी समाधान भी निकाला जाए। वहीं पी एच ई डी विभाग के जेई प्रतिक कुमार सिन्हा ने बताया की जल नल योजना के तहत जो जलमिनार बनाया गया है वह बिजली पर निर्भर है बिजली नहीं रहने पर सप्लाई बंद हो जाता है ग्रामीण इलाका होने के कारण बिजली की समस्या हमेशा बनी रहती है। आगे इसकी भी व्यवस्था की जा रही है की पानी हमेश सप्लाई हो सके।

# गोड्डा : नगर परिषद सफाईकर्मियों की हड़ताल छठवें दिन भी जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** नगर परिषद के सफाई कर्मी अपने 6 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 5 दिनों से हड़ताल पर बैठे हैं। झारखंड लोकल बॉडीज फेडरेशन के बैनर तले नगर परिषद सफाई कर्मियों का हड़ताल सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। हालांकि इस दौरान वार्ता की भी कोशिश की गई। जहां गत शुक्रवार को कार्यपालक पदाधिकारी एवं फेडरेशन के नेताओं के बीच मांगों को लेकर वार्ता की गई। जहां छह मांगों में पांच पर सहमति बनी लेकिन एक मामले में पेंच फंस गया। जहां बढ़ोतरी वेतन भुगतान की बात पर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर डटे हुए हैं। जबकि बाकी अन्य सभी मामलों पर नगर परिषद द्वारा सहमति दे दी गई है। लेकिन सफाई कर्मी जब तक 6 के 6 मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में हड़ताल पर डटे रहने की बात कर रहे हैं। इधर लोकल बॉडीज फेडरेशन के जिला अध्यक्ष सोमेश्वर मेहतर ने स्पष्ट रूप से कहा है की कई बार सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई। लेकिन हर बार झूठे आश्वासन पर हड़ताल समाप्त कराया गया।

**शहर की स्थिति बनी नारकीय**

सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण शहर की स्थिति नारकीय बन गई है। हालांकि आकांक्षा ग्रुप द्वारा सफाई कार्य किया जा रहा है लेकिन वह सिर्फ एक खानापूर्ति से अधिक कुछ भी नहीं है। शहर के सभी चौक चौराहों पर गंदगी का अंबार लग गया है। कचरे के देर से उठती बदबू लोगों को परेशान कर रही है।

# दुमका : शादी समारोह में आयी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, पांच आरोपी गिरफ्तार

**घटना जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमना गांव में बीते 15 मई की रात को घटी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** शादी समारोह में आई किशोरी को घर से उठाकर खेत में ले जाकर तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। जबकि दो लड़के पहरेदारी करते रहे।

घटना जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमना गांव में बीते 15 मई की रात को घटी। पीड़िता ने 18 मई की देर शाम थाना में जाकर मामला दर्ज करायी। पुलिस ने वारदात में शामिल पांच लड़कों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर पांचों को गिरफ्तार करने में सफल रही। जानकारी के अनुसार शिकारीपाड़ा की रहने वाली पीड़िता अपनी बहन और बहनोई के साथ 15 मई को एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए आई थी। देर शाम तक घर में शादी की रस्म चलती रही। रात को जगह कम पड़ जाने के कारण किशोरी बहन के दो बच्चों के साथ सोने के लिए पड़ोस के घर चली गई। रात करीब 12 बजे धमना गांव का रंजीत टुडू कमरे में आया और सोती हुई किशोरी को उठाकर खेत की ओर ले गया।

पहले उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने शोर मचाया, लेकिन कोई बचाने नहीं आया। इसके बाद चार और लड़के आ गए। उनमें से दो ने उसके साथ गलत काम किया। जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि अगर किसी को कुछ बताया तो अंजाम बुरा होगा। रात को वह किसी तरह खेत से घर आकर परिजनों को आपबीती बतायी। इसके बाद 18 मई की देर शाम किशोरी ने थाना जाकर शिकायत दर्ज करायी।

**रंजीत ने फोन कर बुलाया साथियों को**

किशोरी ने पुलिस को बताया कि पहले रंजीत ने उसके साथ खेत में दुष्कर्म किया। इसके बाद किसी को फोन कर आने को कहा। थोड़ी देर के बाद चार और लड़के बिटटू हेंब्रम, सुरमी उर्फ बोनी टुडू, जानी मुर्मू व अनिल हेम्ब्रम आ गया। इनमें दो लड़के पहरेदारी करते रहे और दो ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

बताया कि वह रोती चीखती रही, लेकिन दुष्कर्मी हवस का शिकार बनाते रहे। सत्यम कुमार, थाना प्रभारी मुफस्सिल ने बताया कि शिकारीपाड़ा की आदिवासी किशोरी के साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। पांचों पर पोक्सो एक्ट तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डीपीएस बोकारो में समर कैंप का समापन विद्यार्थियों ने सीखे विभिन्न खेलों के गुर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो में सप्ताहव्यापी ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को संपन्न इस समर कैंप में पढ़ाई के तनाव से अलग हटकर कक्षा 6 से 12वीं तक के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भांति-भांति के खेलों के गुर सीखे। लगातार सात दिनों तक बच्चे पूरे उत्साह के साथ अपने-अपने खेलों के साजो-सामान लेकर स्कूल पहुंचे और प्रशिक्षण में लगे रहे। किसी ने फुटबॉल में शॉट लगाने गोल रोकने तो किसी ने बास्केटबॉल में ड्रिब्लिंग पासिंग आदि की बारीकियां सीखीं। इसी प्रकार कोई शतरंज में शह-मात की चाल कोई कराटे में आत्मरक्षा तो कोई तैराकी के कौशल सीखने में लगे रहे। विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने फुटबॉल बास्केटबॉल वॉलीबॉल तैराकी टेबल टेनिस बैडमिंटन शतरंज एथलेटिक्स और कराटे जैसे खेलों की बारीकियां सीखीं और उनमें अपनी प्रतिभा को निखारा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि आज के डिजिटल युग में ऐसे शिविर अत्यंत लाभकारी हैं जो बच्चों को मोबाइल स्क्रीन की आभासी दुनिया से बाहर लाकर शारीरिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। इससे बच्चों में टीमवर्क की भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। यह उनके समग्र विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है और डीपीएस बोकारो इस दिशा में सतत कटिबद्ध है।

# संताल रेजिमेंट की स्थापना का सुर्यनारायण ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा/बोआरीजोर।** राजमहल कोल परियोजना के अधीनस्थ प्राइवेट कंपनी में स्थानीय बेरोजगार युवक की नौकरी शिक्षा नीति एवं स्वास्थ्य नीति में सुधार तथा संथाल रेजिमेंट की स्थापना को लेकर समाजसेवी सूर्यनारायण हांसदा के द्वारा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री को पत्र देकर कहा कि यह क्षेत्र कोयला कंपनी से प्रभावित है। क्षेत्र के ग्रामीण अपनी कीमती जमीन देकर कोयला कंपनी को स्थापित किया। देश हित के लिए ग्रामीणों ने अपना अहम योगदान दिया है। लेकिन कंपनी प्रबंधन ग्रामीण को ठगने का कार्य किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि संथाल रेजिमेंट का स्थापना किया जाये। आदिवासी एवं पहाड़िया लड़की से गैर आदिवासी विवाह करता है, तो उसे आदिवासी की मिलने वाली सुविधा से वंचित किया जाये। उन्होंने कहा कि एक जून तक मांग पर सकारात्मक पहल नहीं किया गया, तो आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। नाकेबंदी को सफल बनाने के लिए 25 मई से गांव-गांव घूम कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### ट्रंप के दावे खारिज...

और न ही सीजफायर में अमेरिका की कोई भूमिका रही। विक्रम मिसरी ने संसदीय समिति को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जो संघर्ष हुआ, वह पूरी तरह परंपरागत सैन्य स्तर पर था और कहीं से भी परमाणु हमले का कोई संकेत नहीं मिला।

न्यूक्लियर ठिकाने पर हमला नहीं किया : विदेश सचिव ने यह भी बताया कि भारत ने पाकिस्तान के किसी भी न्यूक्लियर ठिकाने को निशाना नहीं बनाया। यह बात इसलिए कही क्योंकि अंतरराष्ट्रीय मंच पर कुछ हलकों में यह आशंका जतायी जा रही थी कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कहीं रणनीतिक टारगेट तो नहीं बने। सरकार ने इस मुद्दे पर पूरी पारदर्शिता बरती और संसद को भरोसे में लेते हुए कहा कि ऑपरेशन पूरी तरह आतंकी ठिकानों के खिलाफ सीमित कार्रवाई था।

**पाकिस्तान का पुराना चेहरा उजागर :** विदेश सचिव ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का आतंकवाद को पनाह देने का इतिहास किसी से छिपा नहीं है। पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड आतंकियों को संरक्षण देने और भारत के खिलाफ उन्हें भड़काने का रहा है। हमारे पास इसके ठोस सबूत और तथ्य हैं। यह बयान उन सभी वैश्विक मंचों के लिए भी एक संकेत है जो पाकिस्तान को आतंक के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए बार-बार आगाह करते रहे हैं।

### पाक ने दागी थी...

ताकि कोई नागरिक क्षति न हो, इस तथ्य को पाकिस्तानी सेना ने भी ऑपरेशन के दौरान स्वीकार किया है।

**पाक को कोई क्षमता नहीं :** उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना के पास भारत के अंदर हमला करने के लिए कोई वैध लक्ष्य नहीं है और न ही उसके पास भारतीय सशस्त्र बलों का सामना करने का साहस या क्षमता है। इसलिए, वह आतंकवाद को एक राष्ट्रीय नीति के रूप में इस्तेमाल करके अपनी धरती से लॉन्च किए गए मानव रहित हवाई हथियारों का सहारा लेता है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित किया गया है, खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान ने फिर से आतंकवादियों का सहारा लिया तो उसका अवश्य ही नाश होगा। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल करने का मतलब है कि वो भारत को साइकोलॉजिकल संदेश देने की कोशिश कर रहा था कि वो न्यूक्लियर हमले का सिग्नल दे रहा है।

### दिनदहाड़े घर में...

जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वहीं लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन और अपराधी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। मौके पर डीएसपी हेडक्वार्टर ने ग्रामीणों से बात कर अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार मुआवजा और जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

स्पीड न्यूज

## न्यायमूर्ति वर्मा पर मुकदमा दर्ज करने को ले सुनवाई आज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ कथित नकदी बरामदगी विवाद मामले में मुकदमा दर्ज करने की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा के इस मामले में तत्काल सुनवाई के अनुरोध के बाद कहा कि यदि प्रक्रिया संबंधी खामियां दूर हो गई हों तो इस मामले को मंगलवार के लिए (सुनवाई) सूचीबद्ध किया जा सकता है। नेदुंपरा ने न्यायमूर्ति वर्मा पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगाई है।

## गाजा में इजराइल की बमबारी, 100 की मौत

**गाजा पट्टी।** इजराइल ने गुरुवार से आक्रमण तेज कर दिए हैं। गाजा पट्टी में रविवार को आतंकी समूह हमास के खिलाफ इजराइल की भीषण बमबारी में कम से कम 100 लोग मारे गए। इन चार दिनों महिलाओं और बच्चों समेत 300 अधिक लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि बमबारी में 100 से अधिक लोग मारे गए और एन्क्लेव के उत्तर में आखिरी चालू अस्पताल भी बंद हो गया। संयुक्त राष्ट्र और प्रमुख सहायता संगठनों ने गाजा में इजराइल के नए हमलों पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि हमले का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन को प्रोस्टेट कैंसर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित हैं। यह उनकी हड्डियों तक फैल चुका है। बाइडेन के कार्यालय ने रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। प्रोस्टेट कैंसर उनकी हड्डियों तक फैल गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बाइडेन के प्रति सहानुभूति जताते हुए चिंता जताई है। बाइडेन और उनका परिवार चिकित्सकों के साथ विकल्पों पर विचार कर रहा है।

## एशियन लीडरशिप में शामिल होंगे राघव चड्ढा

**नयी दिल्ली।** आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने एशियन लीडरशिप सम्मेलन 2025 में शामिल होने को लेकर कहा है कि वैश्विक नेतृत्व के बीच भारत और उसके युवाओं के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल होना उनके लिए गर्व की बात है। श्री चड्ढा ने एशिया की प्रतिष्ठित एशियन लीडरशिप सम्मेलन में शामिल होने के लिए निमंत्रण मिलने पर कहा कि एशिया आज बदलाव के मुहाने पर खड़ा है और इस ऐतिहासिक मंच से भारत की सोच और अनुभव साझा करना उनके लिए एक सम्मान की बात है।

## गुरदासपुर : जासूसी के आरोप में दो गिरफ्तार

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, आईएसआई को संवेदनशील सैन्य जानकारी उपलब्ध कराने में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि 15 मई को खुफिया सूचनाओं से संकेत मिला कि सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, आईएसआई के साथ ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित जानकारी साझा करने में लगे हुए थे।

## सेंसेक्स 271 अंक लुढ़का

**मुबई।** अमेरिकी सरकार की रेटिंग घटाए जाने से वैश्विक धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 271.17 अंक लुढ़ककर 82,059.42 अंक और निफ्टी 74.35 अंक टूटकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24945.45 अंक पर आ गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री को लगायी फटकार

## शीर्ष अदालत ने कुंवर विजय शाह मामले में एसआइटी गठित करने का दिया निर्देश

## कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामला

**तीन आइपीएस अधिकारियों की विशेष जांच टीम गठित हो**



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर भाजपा नेता एवं मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई अपमानजनक टिप्पणियों के लिए उन्हें फटकार लगाई और जांच के लिए प्रदेश कैडर के तीन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने का सोमवार को आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने अपने आदेश में पुलिस महानिदेशक को मंगलवार तक एसआईटी गठित करने का आदेश देते हुए कहा कि इस बीच आरोपी शाह को गिरफ्तार नहीं किया जाए। शीर्ष अदालत ने आरोपी मंत्री शाह को जांच में सहयोग देने का भी आदेश दिया।

पीठ ने कहा कि हम तीन आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी गठित कर रहे हैं। उनमें से एक आईजी या डीजीपी स्तर का अधिकारी होना चाहिए। वे सभी राज्य से बाहर के होने चाहिए। यह एक लिटमस टेस्ट है। हम चाहते हैं कि राज्य एसआईटी रिपोर्ट हमें सौंपे। हम इस पर कड़ी नजर रखना चाहेंगे। शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी (शाह) याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया। पीठ इस मामले में पहले दिन (विशेष उल्लेखन के दौरान) सुनवाई के दौरान कहा था कि आपराधिक मुकदमा दर्ज करने के मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर इस स्तर पर रोक लगाई जा सकती थी। अदालत ने उन्हें कोई राहत देने से इनकार कर दिया था। याचिकाकर्ता शाह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी पर रोक लगाने की मांग की थी।

पीठ के याचिकाकर्ता के वकील ने कहा था कि उन्होंने (शाह) अपनी टिप्पणियों के मामले में पश्चाताप किया है। उन्हें गलत समझा गया है...मीडिया ने इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। हम मुकदमा पर रोक लगाने की मांग करते हैं। पीठ ने हालांकि तब कहा था कि शाह के एक मंत्री हैं। इसके नाते की गई टिप्पणी बेहद गैरजिम्मेदाराना थी। पीठ की अध्यक्षता कर रहे मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई कहा था कि संवैधानिक पद पर बैठे ऐसे व्यक्ति को जिम्मेदार होना चाहिए...जब यह देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा है। पता होना (शाह को) चाहिए कि वह क्या कह रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि आप एक मंत्री हैं। उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान मामला दर्ज कर बुधवार को सुनवाई की थी। अदालत ने उनकी अपमानजनक और गटर की भाषा का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया गया था। शाह ने गुरुवार को शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर उच्च न्यायालय के 14 मई, 2025 के आदेश को चुनौती दी थी। अपनी एक विशेष अनुमति याचिका में शाह ने स्वतः संज्ञान कार्यवाही में पारित उच्च न्यायालय के आदेश की आलोचना की। बारह मई को इंदौर के पास एक कार्यक्रम में की गई टिप्पणी के लिए मंत्री के खिलाफ लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया की, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर महिला अधिकारी को आतंकवादियों की बहन कहा था। कर्नल कुरैशी तब चर्चा में आईं, जब उन्होंने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई से संबंधित ऑपरेशन सिंदूर के बारे में यहां नियमित प्रेस ब्रीफिंग की। मंत्री के बयान पर स्वतः संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की पीठ ने राज्य की पुलिस को मंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई करने का आदेश दिया। पीठ ने पुलिस विभाग को बुधवार शाम 6 बजे तक मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने बुधवार शाम को शाह के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर लिया।

### यह घड़ियाली आंसू, माफी स्वीकार नहीं

कोर्ट ने कहा कि माफी के भी कई तरीके होते हैं कुछ बनावटी माफी मांगते हैं। कुछ घड़ियाली आंसू बहाते हैं। जब सिंह ने पीठ का ध्यान शाह द्वारा मांगी गई पब्लिक माफी की ओर खींचा तो जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर ये आपकी माफी है तो हम इसे स्वीकार नहीं करते। ये कानूनी परिणामों से बचने के लिए है। ऐसी माफी नहीं हो सकती, कि अगर किसी को बुरा लगा है तो माफी चाहते हैं। आपको सीधे माफी मांगनी चाहिए थी। पीठ ने शाह के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आप पब्लिक फीगर हैं आपको जिम्मेदारी से बोलना चाहिए। आपको संवेदनशील होना चाहिए। आप एक मंत्री हैं लाखों लोगों के लीडर हैं आपसे औरों की तुलना में ज्यादा अपेक्षा की जाती है। कोर्ट के रुख को देखते हुए शाह के वकील ने कहा कि कोर्ट जैसा कहेगी वे वैसे ही माफी मांगने को तैयार हैं।

# साइबर अपराधियों पर अब तुरंत होगी कार्रवाई : शाह

**▶▶ दिल्ली में ई-जीरो एफआइआर पहल शुरू, 10 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी वाले मामलों पर लागू होगी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि गृह मंत्रालय के अधीनस्थ भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाते हुए ई-जीरो एफआईआर पहल की शुरूआत की है। इस नई प्रणाली से अपराधियों को अभूतपूर्व गति से पकड़ने में मदद करेगी।

इस पहल को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर फिलहाल दिल्ली में लागू किया गया है और जल्द ही इसे देशभर में विस्तार देने की योजना है। शुरूआत में यह सुविधा 10 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी वाले मामलों पर लागू की गई है। गृहमंत्री शाह नेकहा कि दिल्ली के लिए एक पायलट परियोजना के रूप में शुरू की गई यह नई प्रणाली राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों को स्वचालित रूप से एफआईआर में बदल देगी, जो शुरूआत में यह 10 लाख रुपये से ऊपर की सीमा के लिए होगी। नई प्रणाली जांच में तेजी लाएगी, जिससे साइबर अपराधियों पर सख्ती हो सकेगी। इस पहल को जल्द ही पूरे देश में लागू किया जाएगा।

### नये ओसीआइ पोर्टल लांच

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय मूल के व्यक्तियों के पंजीकरण को सहज बनाने के लिए ओसीआइ पोर्टल लांच किया। ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) योजना 2005 में शुरू की गई थी। इस योजना में भारतीय मूल के सभी व्यक्तियों को ओसीआई के रूप में पंजीकरण का प्रावधान है जो 26 जनवरी 1950 के बाद भारत के नागरिक थे या 26 जनवरी 1950 को नागरिकता पाने के पात्र थे या उनके वंशज हैं। शाह ने कहा कि नयी विशेषताओं में बेहतर कार्यक्षमता, उन्नत सुरक्षा और उपयोग को आसान बनाना शामिल है। पोर्टल पर ओसीआई कार्डधारकों के लिए विस्तृत जानकारी उपलब्ध होगा।



**नयी दिल्ली में सोमवार को ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) का नया पोर्टल लॉन्च करते गृह मंत्री अमित शाह।**

# एससी-एसटी आयोग में रामगोपाल यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज

**▶▶ विंग कमांडर व्योमिका सिंह के बारे में जातिसूचक बोलने मामले में आंबेडकर महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने की सपा नेता पर कार्रवाई की मांग**

एजेंसी

**लखनऊ।** विंग कमांडर व्योमिका सिंह के खिलाफ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने पर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल के खिलाफ उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग (एससी-एसटी) में शिकायत की गई है। भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत से मुलाकात की। उन्हें एक पत्र सौंपकर रामगोपाल यादव के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत के सम्मुख प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भारतीय सेना में विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने जातीय टिप्पणी की है। सपा नेता ने मुरादाबाद के बिलारी में एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्योमिका सिंह की जाति बताने के लिए अपमानजनक शब्द का उपयोग किया। अनुसूचित जाति या जाटव कहने के बजाय उन्होंने जानबूझ कर अपमानित करने के उद्देश्य से अपमानजनक शब्द का उपयोग किया। यह अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का उल्लंघन है। आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि सपा नेता रामगोपाल द्वारा विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर अपमानजनक टिप्पणी का मामला बेहद गम्भीर है।



### कान्स में फिर छाईं उर्वशी रौतेला

**कान्स। कान्स फिल्म फेस्टिवल से उर्वशी रौतेला का दूसरा लुक भी सामने आ गया है। इस बार वह क्लासिक ब्लैक गाउन में नजर आईं। साथ ही वह एक शानदार क्रिस्टल तोता क्लच लिए दिखीं, जिसकी कीमत करीब 4.60 लाख रुपये बताई जा रही है।**

## इडी ने यूको बैंक के पूर्व चेयरमैन गोयल को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (एमडी) सुबोध कुमार गोयल को कोलकाता स्थित एक कंपनी से जुड़े 6,200 करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के आरोप में गिरफ्तार किया है। विशेष न्यायालय (पीएमएलए) ने गोयल को ईडी की हिरासत में भेज दिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को बताया कि यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुबोध कुमार गोयल को पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 16 मई को नई दिल्ली स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया। गोयल को 17 मई को कोलकाता स्थित विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 21 मई तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया गया है।

# सेना प्रमुख ने लौंगेवाला में सैनिकों को दी बधाई

एजेंसी



जयपुर। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ समन्वय में की गई संयुक्त कार्रवाइयों की समीक्षा के लिए कोणार्क कोर के अग्रिम क्षेत्रों में लौंगेवाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सैनिकों की अनुकरणीय भूमिका के लिए बधाई दी है। डिफेंस पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि जैसलमेर से कच्छ क्षेत्र तक फैले रेगिस्तान में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और बीएसएफ की ओर से त्वरित और समन्वित परिचालन प्रतिक्रिया देखी गई। इन संयुक्त कार्रवाइयों ने न केवल दुश्मन के इरादों को कुंद किया, बल्कि पश्चिमी मोर्चे पर परिचालन प्रभुत्व बनाए रखने में एक नया सामान्य भी स्थापित किया। ऑपरेशन सिंदूर के हिस्से के रूप में भारतीय सेना ने वायुसेना और सीमा सुरक्षा बल के साथ घनिष्ठ समन्वय में निगरानी परिसंपत्तियों और वायु रक्षा प्रणालियों की तेजी से तैनाती की। नागरिक प्रशासन के समर्थन के साथ संरेखित हथियार प्रणालियों और अन्य परिचालन सक्षमताओं की कैलिब्रेटेड स्थिति ने प्रभावी क्षेत्र वर्चस्व और संभावित खतरों को बेअसर करना सुनिश्चित किया। जनरल द्विवेदी ने कमांडरों और इकाइयों की उनकी व्यावसायिकता, उच्च मनोबल और परिचालन योजनाओं के एकीकृत निष्पादन के लिए भी सराहना की।

## बलूचिस्तान में बम विस्फोट, 4 की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक बाजार के निकट बम विस्फोट से चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। सोमवार को मीडिया ने यह खबर दी। यह विस्फोट रविवार को बलूचिस्तान के किला अब्दुल्ला जिले में जब्बार बाजार के पास हुआ, जिससे इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और लोगों में दहशत फैल गई। विस्फोट के बाद कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं और विभिन्न प्रतिष्ठानों में आग लग गई। किला अब्दुल्ला के उपायुक्त रियाज खान ने बताया कि विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह बाजार फ्रंटियर कोर (एफसी) किले की पिछली दीवार के पास स्थित है तथा विस्फोट के बाद अज्ञात हमलावरों और एफसी कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने इलाके को सील कर दिया और व्यापक तलाशी एवं इलाके को खाली कराने का अभियान शुरू किया।

# अमेरिकी पोप लियो ने संभाली कमान

## दो लाख श्रद्धालुओं की मौजूदगी में लिया शपथ, दिया एकता का संदेश

एजेंसी



**वेटिकन सिटी।** इतिहास में पहली बार अमेरिका से चुने गए पोप, पोप लियो चौदहवें ने रविवार को अपने आधिकारिक पोंटिफिकेट (पोप पद) की शुरूआत की। उन्होंने कैथोलिक चर्च और दुनिया में व्याप्त ध्रुवीकरण को खत्म करने और एकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। यह संदेश उन्होंने संत पेत्रुस स्क्वायर में आयोजित एक भव्य उद्घाटन समारोह में दिया, जहां लगभग 2 लाख श्रद्धालु, राष्ट्राध्यक्ष, धार्मिक नेता और शाही प्रतिनिधि मौजूद रहे। 69 वर्षीय अगस्टिनियन मिशनरी पोप लियो चौदहवें ने अपने पहले पोपमोबाइल यात्रा के दौरान भीड़ का अभिवादन किया, बच्चों को आशीर्वाद दिया और अमेरिकी, पेरूवियन समेत कई देशों के झंडे लहराते श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान उस समय एक भावुक क्षण आया जब पोप को पोप पद की दो महत्वपूर्ण धार्मिक वस्तुएं 'भेड़ की ऊन से बनी स्टोल' (कंधे की पट्टी) और 'फिशरमैन रिंग' (मछुआरे की अंगूठी) सौंपी गईं। अंगूठी पहनने के बाद उन्होंने कुछ क्षणों तक उसे देखा और फिर अपने हाथ जोड़कर प्रार्थना की, जैसे कि उन्हें उस विशाल जिम्मेदारी का एहसास हुआ हो जो 1.4 अरब कैथोलिकों का नेतृत्व करने से जुड़ी है। इस अवसर पर अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। वेंस ने शनिवार देर रात रोम पहुंचने के बाद स्वर्गीय पोप फ्रांसिस की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वेंस, पोप फ्रांसिस से मिलने वाले अंतिम विदेशी गणमान्य व्यक्तियों में से एक थे। पोप लियो चौदहवें का यह उद्घाटन संदेश ऐसे समय में आया है जब कैथोलिक चर्च कई सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक मुद्दों को लेकर अंदरूनी मतभेदों से जूझ रहा है। उन्होंने अपने पहले भाषण में इन चुनौतियों को स्वीकारते हुए चर्च को एकजुट रखने और हर मत को सम्मान देने की अपील की।

## नये वक्फ कानून के समर्थन में उतरे मुस्लिम बुद्धिजीवी

**नयी दिल्ली।** मुस्लिम बुद्धिजीवियों के संगठन भारत फर्स्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनहित की दिशा में बेहद सामयिक एवं जरूरी कदम बताते हुए सोमवार को कहा कि इस कानून ने लंबे समय से दुर्व्यवस्था, मुकदमों और अनियमितताओं से जूझ रही भारत की मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों और सामाजिक कल्याण के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया है। भारत फर्स्ट संगठन के राष्ट्रीय संयोजक शीराज कुरैशी ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कौम का रहनुमा बनने के फेर में कुछ मुस्लिम नेता इस विधेयक पर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं।

